CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 08°C

लखनऊ, गुरुवार 12 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 98 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# योगी सरकार ने खोला वादों का पिटारा

## उप्र बजट 2026

## वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट किया पेश

- निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास व कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस, 10 लाख नौकरी संभावित
- लड़कियों की शादी के लिए मिलेंगे अब एक लाख रुपये, युवाओं को साधने की कोशिश, महिलाओं के लिए अलग प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे
- कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाएगी उप्र सरकार, युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दसवां बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विधानसभा चुनाव से पहले यह दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है।

वित्त मंत्री ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसमें निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी में 10 लाख युवाओं को रोजगार संभावित हैं। लड़कियों की शादी के लिए सरकार एक लाख रुपये देगी। यूपी का इस बार का बजट का आकार नौ लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये का है। पिछले बजट की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। पीपीपी मोड में कौशल संवर्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे। इस व्यवस्था से कार्यबल में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए महिलाओं के लिए अलग केंद्रों की स्थापना की जाएगी। पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं के कौशल संवर्धन की व्यवस्था की जानी होगी। हमारे कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस अभियान में निजी क्षेत्र की सहभागिता भी सुनिश्चित की जानी होगी। ऐसे व्यक्ति जिनके पास किसी भी व्यवसाय में हस्तकौशल या निपुणता प्राप्त है, कभी भी बेरोजगार नहीं रह सकते। इसलिए युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण और कौशल संवर्धन को प्राथमिकता के आधार पर मिशन मोड में संचालित किया जाना आवश्यक है। एक तरफ जहां अर्थव्यवस्था में पूंजी निवेश और अवस्थापना विकास का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं प्रदेश की युवा जनशक्ति को रोजगार के अवसर प्रदान करने, उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रदेश में डिजिटल -**शेष पृष्ठ दो पर**



## नौ वर्ष के नवनिर्माण की गाथा को दर्शाता है बजट: योगी

- कहा: रूल ऑफ लॉ रियल ग्रोथ की गारंटी

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में सुरक्षा का वातावरण नहीं था। पर्यटन की कोई ठीक व्यवस्था नहीं थी। आज करोड़ों लोग आकर यूपी में धार्मिक स्थलों पर दर्शन करते हैं। 50 हजार नए होम स्टे की दिशा में काम करेंगे।

चिकित्सा के क्षेत्र में यूपी ने काफी ग्रोथ की है। पीएम आयुष्मान योजना से पांच करोड़ से ज्यादा गोल्डन कार्ड यूपी के लोगों को दिए गए। दिव्यांग छात्राओं को लिए ई-ट्राईसाइकिल की व्यवस्था की गई है। आज यूपी देश के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए ईक्यूब के रूप में महिला सुरक्षा बल 13 फीसदी से बढ़कर 36 फीसदी हुआ है। महिलाओं के लिए क्रेडिट कार्ड योजना चलाई जाएगी। ताकि उन्हें वह छोटे-छोटे काम के लिए किसी से ऋण न लेना पड़े और उन्हें ब्याजमुक्त ऋण मिल सके। इसके लिए बजट की व्यवस्था की गई है। युवाओं को ध्यान में रखते हुए सभी 18 कमिश्नरी में स्पोर्ट कॉलेज बनाए जाएंगे। इसके लिए बजट में धनराशि की व्यवस्था है।

### पहली बार किसी सीएम को 10वां बजट पेश करने का मौका मिला, हर वर्ग का ध्यान रखा: सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि 9 साल में उत्तर प्रदेश पर राय बदली है। बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया। 9 साल में एक भी टैक्स नहीं लगा। नौ वर्ष में तीन गुना से अधिक उत्तर प्रदेश का बजट बढ़ा है। बजट की थीम सुरक्षित नारी, सक्षम युवा और खुशहाल किसान। दो लाख करोड़ की धनराशि कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए है। सीएम योगी ने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि कोई एक सरकार का 10वीं बार बजट प्रस्तुत हो रहा है। नौ वर्ष में कोई भी टैक्स नहीं लगाया गया है। सिटी इकनोमिक जोन यह क्लस्टर डेवलेप करने की नई कार्यवाही के लिए बजट में प्रावधान किया गए हैं। रूल ऑफ लॉ रियल ग्रोथ की गारंटी है।

### हर जिले में होगा मॉडल स्कूल

**लखनऊ।** बजट में बेसिक शिक्षा के लिए 77,622 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व व्यवस्था प्रस्तुत की गई है। यह राशि परिषदीय विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इन प्रावधानों से प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को नई गति मिलेगी। सबसे अहम प्रावधान कक्षा 1 से 8 तक परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के लिए है। नि:शुल्क यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूता-मोजा और स्टेशनरी उपलब्ध कराने की योजना के लिए 650 करोड़ रुपये प्रस्तुत किए गए हैं। उद्देश्य है कि संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। इसके साथ ही सरकार प्रत्येक जिले में दो-दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रही है। प्रदेश के 75 जिलों में कुल 150 ऐसे विद्यालय प्रस्तावित हैं, जिन्हें आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल कक्षाओं और उन्नत शैक्षणिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। प्रत्येक जनपद में एक मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय विकसित करने की भी योजना है, ताकि ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों को समान गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके।

### बजट सत्र के दूसरे चरण में होगी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश किया, जिसके बाद अब स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नोटिस में खामियां सामने आई है, जिसके संशोधन के निर्देश दिए गए हैं। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। लोकसभा सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष ओम बिरला ने सचिवालय को विपक्ष द्वारा प्रस्तुत दोषपूर्ण नोटिस को खारिज होने से बचाने के लिए उसमें संशोधन करने का निर्देश दिया।

## भारत-यूएस ट्रेड डील में भारत को मिली और राहत

- अमेरिका ने फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए
- दाल व 500 अरब डॉलर की खरीद भी जरूरी नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाशिंगटन/ नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है।

पिछले हफ्ते दोनों देशों ने ट्रेड डील का ऐलान किया था। इसके बाद व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट जारी कर आगे की रूपरेखा बताई थी, लेकिन अब उसी दस्तावेज का नया वर्जन जारी हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी शामिल थी। अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा लिया गया है। 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है। पहले लिखा था कि भारत, अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटेड है। अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर दिया गया है। नए दस्तावेज में सिर्फ एनर्जी, सूचना और संचार तकनीक, कोयला और कुछ अन्य सामान की बात कही गई है। डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका ने नरमी दिखाई है। पहले कहा गया था कि भारत यह टैरिफ हटाएगा।

## देहरादून में शूटआउट, स्कूटी सवार बदमाशों ने कारोबारी को भूना

- दिनदहाड़े देहरादून शहर के बीचों-बीच हुई हत्या के बाद पुलिस के सुरक्षा दावों की खुली पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** देवभूमि की शांत वादियों में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट ने राजधानी को दहला दिया है।

डालनवाला जैसे पॉश इलाके में स्थित तिब्बती मार्केट के पास दिनदहाड़े बुधवार सुबह स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने गैस एजेंसी स्वामी अर्जुन शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। शहर के बीचों-बीच हुई इस वारदात ने न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि पुलिस के सघन चेकिंग के दावों की भी हवा निकाल दी है। इंदिरा नगर निवासी अर्जुन शर्मा अमरदीप गैस एजेंसी, जीएमएस रोड का मालिक है और अपने कारोबार के चलते बुधवार को सवेरे वह जब तिब्बती मार्केट के समीप थे, तभी घात लगाए बैठे दो स्कूटी सवार -**शेष पृष्ठ दो पर**

## जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

- नए दिशानिर्देश जारी, सभी छह पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई, सिनेमाघरों को छूट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा।

इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है।

## हम किससे तेल खरीदेंगे, यह फैसला अमेरिका करता है: राहुल

- कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का किया जिक्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** संसद में लंबे गतिरोध के बाद बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि जिजित्सु में ग्रिप दिखती है, राजनीति में नहीं दिखती। चोक कहां हो रहा है, जोर कहां पड़ रहा है, राजनीति में नहीं दिखता। इसके बाद उन्होंने बजट, अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने आम बजट और वित्त मंत्रालय की तरफ से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि मैं आर्थिक सर्वे को देख रहा था। दो बिंदु मुझे दिखे। पहला बिंदु- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है। उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं। दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था। लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है। यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं। राहुल ने कई और वैश्विक मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था। तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### एसडीओ को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में आज एंटी करप्शन प्रयागराज की टीम ने बिजली विभाग के एसडीओ को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा एंटी करप्शन ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एसडीओ संजीव कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। खुल्दाबाद के रहने वाले शिकायतकर्ता जितेन्द्र कुमार ने नौ फरवरी को एंटी करप्शन से की शिकायत थी। शिकायत में कहा गया था कि अराजपत्रित लोकस. वक विद्युत उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा शिकायतकर्ता से विद्युत कनेक्शन के मीटर को सही कराने और मुकदमे से बचाने और बढ़े हुए जुर्माने से बचाने के एवज में दस हजार रिश्वत मांग रहे है शिकायत पर प्रयागराज की एंटी करप्शन यूनिट ने आज इंस्पेक्टर अंजली यादव के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम के साथ खुसरोबाग स्थित कार्यालय उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में शिकायतकर्ता के साथ पहुंचकर एसडीओ को ट्रैप किया।

### इलेक्ट्रिकल वाहनों की खुदरा बिक्री में तेज वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री में जनवरी में सभी श्रेणियों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। वाहन डिलरों के महासंघ (फाडा) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री साल-दर-साल 54.75 प्रतिशत बढ़कर 18,470 पर पहुंच गई। इस श्रेणी में 8,007 इकाइयों के साथ टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स शीर्ष पर रही। उसकी बिक्री 50.71 प्रतिशत बढ़ी। दूसरे स्थान पर 4,703 वाहनों के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया और तीसरे स्थान पर 3,668 इकाई के साथ महिंद्रा एंड महिंद्रा रही।

## बजट में तकनीक, रोजगार और नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता

# टेक युवा- समर्थ युवा योजना लागू होगी: खन्ना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, कौशल संवर्धन व जॉब प्लेसमेंट केन्द्र स्थापित किए जाएंगे

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट भाषण में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वर्तमान युग में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी का व्यापक उपयोग आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से उप्र में 'टेक्नोलॉजी मिशन' की स्थापना की जाएगी।

प्रदेश में स्टेट डाटा अथॉरिटी तथा डाटा सेंटर क्लस्टर्स स्थापित किए जाएंगे। साथ ही एआई मिशन की स्थापना और 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामा. जिक क्षेत्र में सभी वर्गों के लिए योजनाओं के साथ-साथ त्वरित और भविष्योन्मुखी विकास के लिए आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में नारी शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है और युवाओं की ऊर्जा व मेधा विकास की आधारशिला है।

महिला सशक्तीकरण के तहत मुख्यमंत्री मातृ सुरक्षा संकल्प योजना को और सघनता से संचालित किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों के उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए 'मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना' पर कार्य किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में डीजल आधारित नलकूपों को सौर ऊर्जा आधारित बनाने, कृषि वितरण एवं निर्यात को बढ़ावा देने तथा त्वरित आर्थिक विकास के लिए 'सिटी इकोनॉमिक रीजन योजना' लागू करने की घोषणा की गई। रोजगार पर विशेष जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी और नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पीपीपी मॉडल पर कौशल संवर्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं के लिए पृथक केंद्र भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। प्रदेश की कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी आई है। पुलिस विभाग में 2 लाख से अधिक भर्तियां की गई हैं। 'अभ्युदय' केंद्रों में छात्रों को मुफ्त कोचिग की सुविधा दी जा रही है। वित्त मंत्री ने दावा किया कि उप्र स्टार्टअप रैंकिंग में नंबर-1 बना है।

### बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर व प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल: राज्यपाल

**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा में प्रस्तुत राज्य सरकार के बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे समावेशी, जनोन्मुखी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा सशक्तिकरण, कानून-व्यवस्था की मजबूती और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। राज्यपाल ने कहा कि कौशल विकास, रोजगार सृजन और डिजिटल सशक्तिकरण पर दिया गया विशेष जोर युवाओं के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

## परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा बजट: दयाशंकर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में परिवहन विभाग को मिली प्राथमिकता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह प्रावधान उप्र की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि बसों के बेड़े को मजबूत करने के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत से ई-बसों की खरीद की जाएगी। इससे एक ओर जहां यात्रियों को आरामदायक और प्रदूषण-मुक्त यात्रा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधुनिक बस अड्डों के निर्माण और उन्नयन के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन बस अड्डों पर डिजिटल सूचना प्रणाली, बेहतर प्रतीक्षालय और स्वच्छता सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा विजन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे दुर्घटना रोकथाम, जागरूकता अभियान और आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ़ किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही बस अड्डों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि यह कदम हरित परिवहन नीति को मजबूती देगा और प्रदेश को सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाएगा। दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से लागू किया जाए।

## कौशल विकास को नई रफ्तार देगा बजट: कपिलदेव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित उप्र 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार रोजगारपरक शिक्षा और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रही है।

मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 88 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए लगभग 3,349 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे आईटीआई और कौशल प्रशिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और प्रशिक्षकों की क्षमता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 286 राजकीय आईटीआई में करीब 1-90 लाख सीटें उपलब्ध हैं।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 47 आईटीआई में विशेष महिला शाखाएं और 12 स्वतंत्र महिला आईटीआई संचा. लित किए जा रहे हैं। साथ ही 2,963 से अधिक निजी आईटीआई में 4.58 लाख से अधिक प्रशिक्षण सीटें उपलब्ध हैं।

## भाजपा की विदाई का बजट: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी वालों ने जब भी मुंह खोला, बुरा ही बोला

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में पेश किए गए योगी सरकार के 10वें बजट को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जोरदार हमला बोला है। उन्होंने इसे 'विदाई बजट' करार दिया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बजट का आकार भले ही 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिखाया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत में यह जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता।

सपा के राज मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि जब मुंह खोला तब बुरा बोला। यह विदाई बजट है और अब भाजपा की विदाई तय है। हर वर्ष बजट का आकार स्वाभाविक रूप से बढ़ता है, इसलिए केवल राशि बढ़ाना उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली सवाल यह है कि पिछले बजटों का पूरा और प्रभावी उपयोग क्यों नहीं हो सका। उनका आरोप था कि सरकार 50 प्रतिशत से अधिक धनराशि भी प्रभावी ढंग से खर्च नहीं कर पाई, जो प्रशासनिक अक्षमता को दर्शाता है। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि उप्र को तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तो राज्य की सकल घरेलू उत्पाद लगभग 90 लाख करोड़ रुपये के आसपास होनी चाहिए। मौजूदा दावों और वास्तविक आंकड़ों के बीच बड़ा अंतर है, जिससे सरकार की तैयारी और नीयत पर सवाल खड़े होते हैं। एमएसएमई क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 92 लाख इकाइयां हैं, जिनमें से 82 लाख अब तक पंजीकृत नहीं हैं। उन्होंने पूछा कि एक दशक में इतनी बड़ी संख्या में इकाइयों का पंजीकरण क्यों नहीं हो पाया। उनका कहना था कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों और नीतिगत बदलावों का सीधा असर एमएसएमई और किसानों पर पड़ेगा, लेकिन बजट में इनके लिए ठोस रणनीति नजर नहीं आती। अखिलेश यादव ने युवाओं के रोजगार, निवेश के दावों, स्वास्थ्य सेवाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि विभाग में लगभग 57 प्रतिशत, स्वास्थ्य में 58 प्रतिशत और बेसिक शिक्षा में करीब 62 प्रतिशत बजट ही खर्च किया गया। जब पिछली योजनाओं की आवंटित धनराशि का पूरा उपयोग नहीं हो सका, तो नए और बड़े बजट की घोषणाओं से आम जनता को वास्तविक लाभ कैसे मिलेगा।

## भाजपा ने राहुल गांधी के आचरण पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयान पर निशाना साधा और उनके आचरण पर सवाल उठाते हुए संसदीय मर्यादा को तार-तार करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संसद लोकतत्र में उच्चतम मानकों और मर्यादाओं का प्रतीक मानी जाती है, लेकिन हालिया घटनाओं ने संसदीय परंपराओं को आघात पहुंचाया है। त्रिवेदी ने कहा कि गांधी ने अपने व्यवहार, भाषा और शैली से राजनीति तथा संसदीय गरिमा को निम्न स्तर तक ले जाने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी ने अपनी 'कुंठाग्रस्त शैली' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बार-बार अनर्गल और झूठे आरोप लगाए हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि संसद में भाषा की एक मर्यादा होती है और जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उसी के अनुरूप आचरण करें। उनके अनुसार विपक्षी दलों का व्यवहार ऐसा रहा है मानो उन्होंने संसद की गरिमा का ध्यान नहीं रखा हो।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 84233.64
निफ्टी 25953.85



सोना रु. 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 258000
प्रति किलो



## शुरुआती बढ़त के बाद शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा गया। आईटी कंपनियों में बिकवाली के दबाव में बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती तेजी के बाद 40.28 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की बढ़त में 25,953.85 अंक पर पहुंच गया, जो 7 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.15 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी सेक्टर पर जबरदस्त दबाव देखा गया। निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक भी लाल निशान में बंद हुआ। ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इटरनल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूट गए। आईटीसी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन के शेयर भी लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर साढ़े तीन प्रतिशत के करीब चढ़ा। मारुति सुजुकी और इंडिगो में एक से दो प्रतिशत तक की तेजी रही। ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी बढ़त में बंद हुए।

## चांदी और सोना दोनों धातुओं की कीमत और गिरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में लगातार दो दिन की बढ़त के बाद आज 11 फरवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत एक हजार रुपए गिरकर 2.58 लाख रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.59 लाख रुपए किलो थी। आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 142 रुपए घटकर 1.56 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले 10 फरवरी को इसके दाम 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थे। सोना भी अपने ऑल टाइम से 20 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। इसकी कीमत भी 29 जनवरी को 1.76 लाख रुपए के अपने सबसे ऊपरी स्तर पर थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों एवं दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुद्धवार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चावल के साथ चीनी में भी टिकाव देखा गया। गेहूं के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार.चढ़ाव रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं की कीमत 16 रुपये बढ़कर 2,865 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा भी आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 22 रुपये और उड़द दाल 17 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत भी पांच रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मसूर दाल में कमोबेश टिकाव रहा। विद. ेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 35 रिंगिट टूटकर 4,060 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.42 प्रतिशत फिसलकर 57.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 74 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 55 रुपये और पाम ऑयल 30 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ी। वहीं वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी में लगभग टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7783.83 रुपये, मसूर काली 8123.17 रुपये, मूंग दाल 10130.22 रुपये, उड़द दाल 10615.20 रुपये, तुअर दाल 11063.14 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोंहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## ओमान ने भारतीय निवेशकों को नए एल्युमिनियम जोन में निवेश का दिया न्योता

**नई दिल्ली।** ओमान अपने प्लास्टिक क्लस्टर की सफलता को दोहराने की कोशिश के तहत भारतीय निवेशकों को नई योजना वाले एल्युमीनियम प्रोसेसिग जोन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित कर रहा है। इससे यह पहल तेजी से बढ़ रही भारत-ओमान आर्थिक साझेदारी के तहत आएगी। लादायन कार्यक्रम के प्रमुख मुंधर अल-रवाहि ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि ओमान एल्युमिनियम क्षेत्र के इर्द-गिर्द 'एक संपूर्ण इकोसिस्टम' विकसित करना चाहता है। उनका कहना है कि यह नया औद्योगिक क्लस्टर कच्चे माल के निर्यात के बजाय मूल्य वर्धित प्रसंस्करण और विनिर्माण पर केंद्रित होगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी सरकार...**

इन्टरप्रन्योरशिप योजना पर कार्य किया जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अगले चरण के रूप में जनविश्वास सिद्धांत के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इसमें रजिस्ट्रेशन, लाइसेंसिंग आदि कार्यवाहियों को और अधिक सहज एवं सुगम बनाया जाएगा। विश्व बैंक सहायतित यूपी एग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना कराई जाएगी। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गई है। राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2024 में चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का सफलतम आयोजन किया गया। अब तक लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार का सृजन सम्भावित है। इनमें से, अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 4 ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है। भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

**देहरादून में...**

हमलावरों ने उन पर फायर झोंक दिया। तिब्बती मार्केट के पास हुई इस घटना की सूचना जैसे ही पुलिस विभाग को मिली, तो विभाग में भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस के आला अधिकारी सहित डालनवाला कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क पर पड़े लहूलुहान हालत में उन्हें तत्काल दून अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटना के बाद राजधानी के सभी इलाकों में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। एसएसपी अजय सिंह का कहना है कि इस हत्याकांड का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा। वही इस हत्याकांड को परिवार की रंजिश के चलते होना बताया जा रहा है।

## राज्यसभा में पश्चिमी उप्र में एम्स बनाने की मांग उठी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी उप्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए मेरठ में एम्स की स्थापना की मांग बुधवार को राज्यसभा में उठी। भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्मीकांत वाजपेई ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि उप्र के 21 प्रतिशत मरीज दिल्ली एम्स में उपचार के लिए आ रहे हैं और इनकी संख्या में 17.6 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरठ के सरकारी अस्पताल में एम्स के लिए 52 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जहां एम्स की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि एम्स की स्थापना संभव न हो, तो मेरठ में पीजीआई संस्थान या एम्स का सेटेलाइट सेंटर बनाया जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान ने उप्र सहित देश भर में आवारा कुत्तों तथा बंदरों के लोगों पर बढ़ते हमलों का मुद्दा उठाते हुए बंदरों को वन्यजीव प्राणियों में शामिल किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बंदरों को वन्यजीव प्राणी घोषित किए जाने से वन्यजीव विभाग को उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि उप्र में एक वर्ष में बंदरों और कुत्तों के लोगों पर हमले के 30 हजार मामले सामने आए हैं और यह समस्या एक महामारी के रूप में सामने आ रही है। जनता दल यू के संजय झा ने बिहार के दरभंगा हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाकर उसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने की मांग की।

## मजदूर व किसान संगठनों का भारत बंद आज

### लेबर कोड व अमेरिका के साथ ट्रेड डील के खिलाफ बंद का आह्वान किया

नई दिल्ली, वार्ता

■ बैंक खुले रहेंगे, लेकिन काम हो सकता है प्रभावित

देश के कई मजदूर और किसान संगठनों ने कल (आज) गुरुवार को भारत बंद का आह्वान किया है। इससे कई राज्यों में सरकारी बैंकों, दफ्तरों, परिवहन सेवाओं और बाजारों पर असर पड़ने की आशंका है। कुछ इलाकों में स्कूल और कॉलेज भी बंद रह सकते हैं। मजदूर संगठन नए लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं, जबकि किसान संगठनों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ बंद का आह्वान किया है। 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के ज्वाइंट फोरम ने इस बंद का आह्वान किया है। इसमें इनटक, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी, एसईडब्ल्यूए, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ और यूटीयूसी शामिल हैं।

मजदूर संगठन पिछले साल लागू हुए चार लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे वर्कर्स के राइट्स कमजोर हुए हैं, जॉब सिक्योरिटी भी आई है और कंपनियों के लिए वर्कर्स को नौकरी से निकालना आसान हो गया है। साथ ही उन्होंने प्राइवेटाइजेशन, वेज इश्यू और सोशल सिक्योरिटी में कमी पर भी चिंता जताई है। वे लेबर कोड्स को खत्म करने, ड्राफ्ट सीड बिल, इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंड बिल और सस्टेनेबल हारने. सिंग एंड एडवांसमेंट आफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (शांति) बिल को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। साथ ही वे मनरेगा को बहाल करने और विकसित भारत जी-राम-जी बिल को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। बंद के कारण सरकारी बैंकों में कामक. ाज के प्रभावित होने की आशंका है। इसकी वजह यह है कि कर्मचारियों और अधिकारियों के संगठनों ने इस बंद को सपोर्ट करने की घोषणा की है। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉई एसोसिएशन, एआईबीओए और बीईएफआई ने अपने मेंबर्स से इस बंद को सपोर्ट करने को कहा है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई का कहना है कि 12 फरवरी को उसकी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बंद के दौरान कुछ हद तक कामकाज प्रभावित हो सकता है। आईडीबीआई बैंक को भी बंद के लिए यूनियन्स की तरफ से एक अधिकारिक नोटिस मिला है। बैंकिंग यूनियन इस बंद को सपोर्ट कर रहे हैं। इससे ग्राहकों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि बैंकों और आरबीआई ने बैंक होलिडे की घोषणा नहीं की है। इसका मतलब है कि बैंक खुले रहेंगे, लेकिन उनमें कामकाज प्रभावित हो सकता है। ब्रांच सर्विसेज, चेक क्लीयरेंस, डिपॉजिट और विड्रॉल में दिक्कत हो सकती है। ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम सेवाओं के सुचारू रूप से चलने की उम्मीद है। प्राइवेट बैंकों में सामान्य कामकाज होने की उम्मीद है।

# बॉटलनेक टू ब्रेकथ्रू बजट 2026-27

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं, महिलाओं और श्रमिकों का सशक्तिकरण, रोजगार के अवसर सृजित करना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार ने अपनी बात को सार्थक करते हुए बजट में कृषि योजनाओं पर जोर दिया। इस बजट में कृषि योजनाओं के लिये 10,888 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।



बजट में पशुधन, मत्स्य, खाद्य-रसद, उद्यान विभाग के लिए भी बजट में बड़ी धनराशि की व्यवस्था की है। सदन में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बजट 2026-27 में कृषि योजनाओं के लिये लगभग 10,888 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, यह वर्ष 2025-2026 के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक है। खन्ना ने बताया कि वर्ष 2026-2027 में 753.55 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन एवं 48.18 लाख मीट्रिक टन तिलहन उत्पादन का लक्ष्य है। एक्वाब्रिज द्वारा प्रस्तावित यूपीएग्रीज परियोजना में एक्वा कल्चर आधारभूत संरचना के तहत विश्वस्तरीय हैचरी तथा विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की बाह्य सहायतित परियोजना के लिये 155 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। यूपीएग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्रीएक्सपोर्ट हब की स्थापना के लिये 245 करोड़ रुपये तथा किसान उत्पादक संगठनों हेतु रिवाल्विंग फण्ड योजना के लिये 75 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि दृषकों के डीजल पंप सेट को सोलर पंप में परिवर्तित करने की योजना के लिए 637 करोड़ 84 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फॉर्मिंग योजना सभी जनपदों के 94,300 हेक्टेयर में संच. ालित है। इस योजना के लिए बजट में 298 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। सुरेश खन्ना ने सदन में बताया कि किसानों के निजी नलक. ूपों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए बजट में 2,400 करोड़ रुपये दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश बीज स्वावलंबन नीति 2024 के तहत प्रदेश में सीड पार्क विकास परियोजना के लिए 251 करोड़ रुपये और पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के लिए लगभग 103 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि बजट में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के लिए 2,832 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। यह वर्ष 2025-2026 के सापेक्ष 7 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रीय औद्यानिक मिशन योजना के लिए 715 करोड़ तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लिए 478 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2022 के क्रियान्वयन के लिए 300 करोड़ रुपये तो मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के लिए 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई । दुग्ध विकास के अंतर्गत वित्त मंत्री ने बताया कि सहकारी क्षेत्र के तहत प्रदेश में 19 दुग्ध संघों के माध्यम से दुग्धशाला विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मथुरा में पहले 30 हजार लीटर क्षमता की नवीन डेयरी परियोजना प्रस्तावित की गयी थी, लेकिन इसे संशोधित करते हुये 1 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के नवीन डेयरी प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव है। सरकार ने इसके लिए बजट में 23 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। दुग्ध संघों के सुख्रढ़ीकरण एवं पुनर्जीवित करने की योजना के तहत प्रस्तावित दुग्ध संघों में 220 नई दुग्ध समितियों के गठन तथा 450 दुग्ध समितियों के पुनर्गठन का कार्य प्रस्तावित है। इसके लिए 107 करोड़ रुपये की व्यवस्था हुई है। खन्ना ने बताया कि प्रदेश के 7,497 गो-आश्रय स्थलों में 12,38,547 गोवंश संरक्षित है। इसके अतिरिक्त 155 वृहद गो-संरक्षण केंद्र निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना तथा पोषण मिशन के तहत 1,13,631 पशुपालकों को 1,81,418 गोवंश सुपुर्द किए गए हैं। इन्हें भरण पोषण के लिए 50 रुपये की दर से डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान किया जा रहा है।

## बजट 2026-2027! यूपी ने तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में बढ़ाया निर्णायक कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर पर बड़ा भरोसा जताया है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने इस क्षेत्र के लिए 2059 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित किया गया है, जो वर्ष 2025-26 की तुलना में 76 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि की गई है।

सरकार का स्पष्ट संदेश है कि उत्तर प्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था और उन्नत तकनीक का अग्रणी केंद्र बनाया जाएगा। बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को विशेष प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश में उत्तर प्रदेश एआई मिशन की शुरुआत की जा रही है, जिसके लिए 225 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही इंडिया एआई मिशन के तहत प्रदेश की 49 आईटीआई में एआई लैब स्थापित की जाएंगी। प्रदेश में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और इंडिया एआई डाटा लैब्स की स्थापना के लिए 32 करोड़ 82 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। सरकार का लक्ष्य युवाओं को भविष्य की तकनीक से जोड़ते हुए रोजगार के नए अवसर तैयार करना है। साइबर सुरक्षा को भी बजट में अहम स्थान मिला है। साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र की स्थापना के लिए 95 करोड़ 16 लाख रुपये की नई योजना प्रस्तावित की गई है। डिजिटल विस्तार के साथ बढ़ते साइबर खतरों को देखते हुए इसे रणनीतिक कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एआई प्रज्ञा कार्यक्रम पहले ही शुरू किया जा चुका है। इस पहल में माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, इंटेल, आईबीएम और वन एम वन बी जैसी वैश्विक कंपनियां प्रदेश सरकार के साथ मिलकर एआई प्रशिक्षण दे रही हैं। किसानों, स्वयं सहायता समूहों, विद्यार्थियों, डॉक्टरों तथा राजकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य एआई तकनीक को जमीनी स्तर तक उतरना है। डाटा सेंटर के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में 30,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 8 डाटा सेंटर पार्क स्थापित करने और 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 8 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए जा चुके हैं, जिनमें 6 डाटा सेंटर पार्क और 2 डाटा सेंटर इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 21,342 करोड़ रुपये का निवेश और 644 मेगावाट क्षमता अर्जित की जा चुकी है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भी प्रदेश की स्थिति मजबूत बनी हुई है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केंद्र बन चुका है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है।

# डिप्टी सेक्रेटरी नीरज सचान बने संयुक्त सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में कार्यरत डिप्टी सेक्रेटरी श्री नीरज सचान को पदोन्नति प्रदान करते हुए संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। इस संबंध में सूचना मिलते ही विधानसभा के गलियारों में खुशी का माहौल छा गया तथा अधिका. रियों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों द्वारा उन्हें बधाइयां दी जाने लगीं। श्री सचान लंबे समय से विधानसभा की प्रशासनिक एवं संसदीय व्यवस्था से जुड़े रहे हैं।



उनकी कार्यकुशलता, निष्ठा एवं व्यापक अनुभव को देखते हुए यह पदोन्नति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सहयोगियों का कहना है कि उनके नेतृत्व में विभागीय कार्यों को नई गति मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुख्रढ़ होगी। विधानसभा से जुड़े अनेक अधिका. रियों एवं कर्मचारियों ने श्री सचान को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

## यूजीसी-एनईटी में सौरभ यादव ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूजीसी-एनईटी दिसम्बर 2025 परीक्षा में सौरभ यादव ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कॉमर्स विषय में उन्होंने 300 में से 194 अंक और 98. 45 पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त किया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी स्कोरकार्ड के अनुसार वे असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी प्रवेश के लिए क्वालिफाइड घोषित किए गए हैं। इस उपलब्धि पर परिजनों और मित्रों में खुशी का माहौल है तथा उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। सौरभ यादव वर्तमान समय में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में शोधार्थी (रिसर्च स्कॉलर) हैं। सौरभ मूलतः सुल्तानपुर जिले के मोतिगरपुर ब्लॉक के पारसपटी गांव के निवासी हैं।

## बाइक डिवाइडर से टकराई, बीटेक छात्र सहित दो लोगों की मौत

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के बसही कलां गांव के पास बुधवार को सुबह लगभग साढ़े नौ बजे एक अज्ञात वाहन के टक्कर के बाद एक बाईक के डिवाइडर से टकरा जाने से एक बीटेक छात्र सहित दो लोगों की मृत्यु हो गई।

पुलिस के अनुसार परसिया गांव निवासी चन्दमणि मिश्र का पुत्र दिलीप कुमार मिश्र 27वर्ष जो लखनऊ के एक इंजीनियरिग कालेज से बीटेक कर रहा था।और प्रयागराज जिले के कोरांव निवासी आंनद तिवारी 72वर्ष एक ही बाईक पर सवार होकर बुधवार सुबह देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के भुईली गांव से शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। बुधवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे मिर्जापुर जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बसही कलां गांव के पास पीछे से एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर दे भाग निकला। टक्कर के बाद बाईक डिवाइडर से जा टकराई जिससे बाईक सवार दोनों गम्भीर रूप घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने दोनों को अस्पताल ले कर गए तो डाक्टरो ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया है।

## पर्यटन व संस्कृति को मिला ऐतिहासिक प्रोत्साहन, विकास को मिलेगी नई रफ्तारः जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की सराहना कर माद्द मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी द्वारा प्रस्तुत बजट को ऐतिहासिक बताया। बजट में बुनियादी ढांचे, जनकल्याण और विकासोन्मुखी क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया गया है, जिसमें पर्यटन और संस्ख्रति प्रमुख फोकस के रूप में उभरे हैं। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को भारत की आध्यात्मिक और सांस्ख्रतिक राजधानी के रूप में और मजबूत पहचान दिलाना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह' ने बजट 2026-27 में पर्यटन और संस्कृति को प्राथमिकता दिए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या प्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रति विश्वास और आस्था का प्रमाण है।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वाराणसी में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2024 में लगभग 11.01 करोड़ से बढ़कर 2025 में 17.30 करोड़ से अधिक हो गई। अयोध्या में यह संख्या 16.44 करोड़ से बढ़कर 29.95 करोड़ से अधिक पहुंच गई। मथुरा में 9.01 करोड़ से बढ़कर 10.24 करोड़ से अधिक, जबकि प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2026 में चल रहे माघ मेले में अब तक 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। मिर्जापुर में पर्यटकों की संख्या 1.41 करोड़ से बढ़कर 2.10 करोड़ से अधिक और चित्रकूट में 1.18 करोड़ से बढ़कर 3.65 करोड़ से अधिक हो गई है। जयवीर सिंह ने कहा कि अयोध्या, नैमिषारण्य, वाराणसी, विंध्याचल, मथुरा और प्रयागराज में बजट के माध्यम से किए गए विशेष प्रावधान पर्यटक सुविधाओं को और बेहतर बनाएंगे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि जनवरी से जून 2025 के बीच प्रदेश में लगभग 122 करोड़ पर्यटक आए, जिनमें 121 करोड़ से अधिक घरेलू और 33 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल हैं। यह वृद्धि आस्था पर्यटन, पारिवा. रिक यात्राओं और विरासत स्थलों के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाती है। पर्यटन स्थलों के समग्र विकास हेतु 'मुख्यमंत्री पर्यटन विकास योजना' के अंतर्गत 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। अयोध्या को विशेष प्राथमिकता देते हुए उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। धार्मिक पर्यटन सर्किट को सुदृढ़ करने की दिशा में नैमिषारण्य क्षेत्र में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए उत्तर प्रदेश श्री नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

# नौ वर्षों में तीन गुना बढ़ा प्रदेश का बजट, यूपी बना अनलिमिटेड पोटेंशियल स्टेटः सीएम

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा के सभागार में पत्रकारों को संबोधित करते हुए वर्ष 2026-27 के बजट की विस्तार से जानक. ारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले 9 वर्षों के दौरान अपना परसेप्शन बदलने में सफलता प्राप्त की है।




प्रदेश ने इस दौरान पॉलिसी पैरालिसिस से उभर कर परसेप्शन को बदलकर खुद को अनलिमिटेड पोटेंशियल स्टेट के रूप में प्रस्तुत किया है, आज का यह बजट उन्हीं भावों का प्रतिनिधित्व करता है। प्रदेश का यह बजट 9 वर्षों में तीन गुना से अधिक बढ़ा है। आज 9,12,000 करोड़ रुपये से अधिक का बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया गया। बजट की थीम सुरक्षित नारी, सक्षम युवा, खुशहाल किसान और हर हाथ को काम, तकनीकी निवेश से समृद्ध होते उत्तर प्रदेश पर आधारित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 43,565 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि नई योजनाओं के लिए बजट में प्रस्तावित की गई हैं। वहीं 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए आंवटित की गई है। परिसंपत्तियों के नवनिर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट और अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यहीं से रोजगार का सृजन होता है। यह प्रदेश में पहली बार है, जब किसी मुख्यमंत्री को 10वां बजट प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। आज उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। वर्ष 2017 में 30 फीसदी से अधिक राज्य में ;णग्रस्तता थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम लोगों ने प्रदेश में अनइंप्लॉयमेंट रेट को 2.24 प्रतिशत तक नीचे लाने में सफलता प्राप्त की है। वर्ष 2017 के पहले यह लगभग 17 से 19 फीसदी तक था। बजट में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एमएसएमई, स्टार्टअप, ओडीओपी और स्थानीय उद्यमों को विकसित करते हुए वृहद निवेश की नई योजनाओं को शुरू करने का प्रावधान किया गया है। इस योजना से स्थानीय महिलाओं को काफी मदद मिलेगी, जो एसएचजी के माध्यम से लोकल गांवों और शहरी क्षेत्र में अपना प्रोडक्ट बनाती हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में सिटी इकॉनमिक जोन, एससीआर, काशी-मीरजापुर इकॉनमिक जोन, प्रयागराज-चित्रकूट इकॉनमिक जोन, कानपुर-झांसी इकॉनमिक जोन को विकसित करने का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2017 में यूपी की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में रैंकिंग 13-14 पर थी। आज नंबर दो पर है। हर व्यक्ति सुरक्षा की गारंटी चाहता है और वह गारंटी आज यूपी दे रहा है। पहले यूपी में कोई नहीं सोच सकता था कि 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आएंगे। यूपी का एमएसएमई सेक्टर जो पहले मृत हो गया था, आज उसने 3 करोड़ से अधिक नौजवानों को नौकरी दी है। प्रदेश में 16 लाख टड्डूबवेल का इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया है। वहीं 23 लाख से अधिक डीजल से संचालित ट्यूबवेल को सोलर से जोड़ने के लिए बजट में घोषणा की गई है। इसके साथ पीएम कुसुम योजना को भी जोड़ा जाएगा।

## दिव्यांगजन प्रमाण पत्र के लिए सप्ताह में दो दिन लगेगा कैंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल खीरी में दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए विगत कई वर्षों से प्रत्येक माह सोमवार को विशेष कैंप का आयोजन किया जाता रहा है परंतु सप्ताह में केवल एक दिन कैंप लगने के कारण सोमवार को दिव्यांगजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती थी,



जिससे कई जरूरतमंद दिव्यांग भाई-बहनों को इंतजार करना पड़ता था और कई लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। दिव्यांगजनों की इस परेशानी को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने संवेदनशील निर्णय लिया है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब दिव्यांगजन पहचानपत्र कैंप सप्ताह में दो दिन आयोजित किया जाएगा। यह कैंप प्रत्येक सोमवार के साथ-साथ अब हर ब्रहस्पतिवार को भी लगाया जाएगा। इससे भीड़ का दबाव कम होगा और दिव्यांगजनों को अधिक सहज, सम्मानजनक और सुविधाजनक वातावरण में अपना पहचानपत्र बनवाने का अवसर मिलेगा।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए दिव्यांगजनों को स्वावलम्बी पोर्टल पर अपना पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) ऑनलाइन करना होगा।

इसके बाद वे सोमवार या ब्रहस्पतिवार, दोनों में से किसी भी एक दिन दिव्यांग बोर्ड के समक्ष अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पहचानपत्र बनवा सकते हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में एक सड़क हादसे में एक युवक की दुखद मौत हो गई। यह घटना देहात कोतवाली इलाके में बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर बुद्धा स्कूल के पास मंगलवार देर रात हुई, जब एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन दुर्भाग्यवश, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान हुसैनपुर ग्राम निवासी बृजेश के रूप में की गई है। सूत्रों के अनुसार, बृजेश मंगलवार रात अपनी बाइक पर अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। जब वे बुद्धा स्कूल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत देहात कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल युवक के परिजनों को हादसे के बारे में सूचित किया, और जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने परीक्षण के बाद बृजेश को मृत घोषित कर दिया। देहात कोतवाल दद्दन सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## सीडीओ ने किया निर्माण का निरीक्षण, सैंपल जांच के दिए आदेश

**लखीमपुर।** मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने राजापुर चौराहे से डॉन बॉस्को स्कूल पुलिया तक बन रहे मार्ग का औचक निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर सड़क की गुणवत्ता पर रखने के लिए उसको खुदवा कर देखा मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार को निरीक्षण में बहुत खामियां मिली मुख्य विकास अधिकारी ने कमियां मिलने पर निर्माण सामग्री के सैंपल की जांच के आदेश दिये। इसके साथ ही राजापुर मंडी के सामने स्थित तालाब का निरीक्षण किया और उसकी सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मौके पर खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह साथ ही पीडब्ल्यू के अधिशासी अभियंता कौशल किशोर झा मौके पर मौजूद रहे।

# उप्र आदर्श व्यापार मंडल ने प्रदेश सरकार के बजट की सराहना की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में 'बजट चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन हुआ प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री द्वारा पेश किए जा रहे बजट का सजीव प्रसारण देखते हुए व्यापारियों ने बजट चर्चा कार्यक्रम में पेश किए गए बजट पर विस्तृत चर्चा की।



बजट चर्चा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, नगर अध्यक्ष हर्र. जंदर सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीपक सिंह चौहान, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्याय गुरप्रीत सिंह ढ्ढा, प्रदेश उपाध्यक्ष आसिफ किदवई, नगर महिला इकाई अध्यक्ष अनिला अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ,राजेश गुप्ता, प्रवीण मिश्रा सहित कई प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहे। व्यापारियो ने प्रदेश सरकार के बजट की सराहना की। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा वित्त मंत्री ने सभी सेक्टर को छूने की कोशिश की तथा इस बजट के माध्यम से प्रदेश का चौमुखी विकास होगा तथा व्यापारियों एवं उद्योगों को भी लाभ होगा उन्होंने कहा धार्मिक पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलने से प्रदेश के कई जिलों के व्यापारियों को सीधा लाभ होगा तथा लोगों की क्रय क्षमता बढ़ेगी जिससे बाजार में आर्थिक गति को बल मिलेगा प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बचत चर्चा के दौरान कहा केंद्र सरकार ने व्यापारियों को भी एमएसएमई की परिभाषा में शामिल कर लिया है अतः एमएसएमई सेक्टर को 3822 करोड रुपए के प्रस्तावित फंड का लाभ मिलेगा उन्होंने कहा प्रदेश सरकार के बजट से प्रदेश के उद्योग एवं व्यापार जगत को परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से गति मिलेगी। बढ़ावा देने से वबजट चर्चा के दौरान सभी पदाधिकारियों ने लखनऊ में कुकरैल नाइट सफारी बनाने की योजना का स्वागत किया व्यापारियों ने कहा इससे लखनऊ में पर्यटकों की संख्या में गुणात्मक वृद्धि होगी जिससे लखनऊ के व्यापारियों का व्यापार बढ़ेगा तथा लखनऊ का और अधिक विकास होगा संजय गुप्ता ने सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बालिकाओं के विवाह के लिए 50000 से बढ़कर 100000 सहयोग राशि करने पर भी संतोष जताया तथा रोजगार एवं बुनियादी ढांचे पर तथा ऊर्जा के क्षेत्र में तथा कृषि योजनाओं को बढ़ावा देने को भी व्यापार एवं उद्योग से जोड़ते हुए इसे सकारात्मक बताया साथ ही साथ व्यापारियों ने औद्योगिक क्षेत्र को प्रोत्साहन देने एवं डिफेंस कॉरिडोर के लिए 2000 करोड रुपए के प्रावधान पर भी संतोष जाहिर करते हुए व्यापार एवं उद्योग से जोड़ते हुए इसे व्यापारियों के लिए लाभकारी बताया।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालयः 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस एवं वकीलों का विवाद सुलझा

## बीते दिन दरोगा को वकील ने पीटा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पुलिस व वकीलों के बीच हुए टकराव का दोनों पक्षों के बीच वार्ता होने के बाद समझौता हो गया। दोनों पक्षों ने गले मिलकर मामले को सुलझा लिया।

मंगलवार को मुंसिफ कोर्ट में पीड़िता महिला के बयान दर्ज करवाने के लिए अनुमति लेने गये कस्बा इंचार्ज रामप्रकाश व अधिवक्ता मनीराम के बीच खींचतान हो गई थी। रात को अधिवक्ता मनीराम के खिलाफ पुलिस ने सरकारी काम में बांधा डालने वह मारपीट करने की धारा में मुक. दमा दर्ज कर लिया था। अधिवक्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होते ही हाहा कार मच गया। तहसील बार एसोसिएशन के वकीलों ने भी पुलिस के खिलाफ नारेबा. जी करते हुए अधिवक्ता को खुला समर्थन दिया था। बुधवार को भारी संख्या में अधिवक्ता कोतवाली पहुंच गये। उसके बाद अमरोहा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सलीम खान सीओ पंकज कुमार त्यागी कोतवाल प्रेम पाल सिंह मौजूदगी में दोनों पक्ष के बीच वार्ता होनी शुरू हो गई। वार्ता के दौरान अधिवक्ता मनीराम सिंह में दरोगा राम प्रकाश को आपस में गले मिलाकर विवाद को समाप्त कर दिया गया।अधिवक्ता सलीम खान सूझबूझ से इतना बड़ा मामला चंद मिनट में निपट गया। इस अवसर पर सुनील कुमार शर्मा, महेंद्र कुमार अग्रवाल, शाहिद हुसैन, सतीश अग्रवाल, मोहम्मद मियां, अंशु त्यागी, प्रमोद शर्मा, कैलाश चंद, जितेंद्र सैनी, तरुण कुमार, दीन दयाल, टेकचंद, सतीश त्यागी, दिनेश चौहान आदि मौजूद थे।

# डांस-रैपवॉक से सजी फेयरवाल पार्टी

## फतेह सिंह यादव इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज, मोहम्मदपुर लोहर्रा में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को उत्सव के रंगों से भर दिया।

फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक डांस परफॉर्मेंस प्रस्तुत कर समां बांध दिया, वहीं रैंप वॉक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। आत्मविश्वास से भरे छात्र-छात्राएं मंच पर जब उतरे तो तालियों की गूंज से सभागार गूंज उठा। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, भावनाएं और यादों की मिठास साफ झलकती रही। प्रधानाचार्य देवव्रत यादव ने अपने संबोधन में कहा फेयरवेल केवल विदाई नहीं, बल्कि नए जीवन की शुरुआत का उत्सव है। विद्यार्थी आज जिस आत्मविश्वास और संस्कारों के साथ विद्यालय से आगे बढ़ रहे हैं, वही उन्हें जीवन में सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाएगा। हमें विश्वास है कि हमारे छात्र-छात्राएं जहां भी जाएंगे, अपने विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। भावुक माहौल में विद्यार्थियों ने शिक्षकों से आशीर्वाद लिया और यादगार पलों के साथ विद्यालय को अलविदा कहा।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य देवव्रत यादव सहित लिटिल एंजिल्स इंटर कॉलेज से अजय चौहान, सुरभि यादव, पवन, कावेन्द्र, अजय कुमार, वेदपाल, अंकित त्यागी, गौरव शर्मा, रणवीर सिंह, रोहित सागर, मुकेश कुमार, कपिल और नितीश कुमार सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पेशकार के तीसरे हत्यारोपी पर 25 हजार का इनाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कोर्ट के पेशकार राशिद हुसैन की हत्या में पुलिस दो आरोपियों को जेल भेज चुकी है जबकि एक फरार आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर कुर्की की नोटिस चस्पा की गई है। अब विवेचना में एक और आरा. ेपी का नाम शामिल किया गया है

शहर के मोहल्ला नल निवासी राशिद हुसैन सिविल जज जूनियर डिवीजन की कोर्ट में पेशकार थे। बीती 11 जनवरी की दोपहर राशिद हुसैन कार में सवार होकर मुरादाबाद के गांव पट्टी स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। उनके साथ में पत्नी रुखसार और भतीजे सलमान के अलावा तीन बच्चे भी थे। जब उनकी कार बंबूगढ़ से आगे पतकोई-हुसैनपुर की पुलिया के पास पहुंची तो गलत दिशा से आ रही बाइक की ओवरटेक करते समय कार से मामूली टक्कर हो गई थी। बाइक सवार लोगों ने फोन कर गांव से अन्य लोगों को बुला लिया था। लगभग तीन किमी पीछा कर कार को हाईवे पर घेर लिया था। हमलवारों ने कार चला रहे राशिद हुसैन को पत्नी और बच्चों के सामने बेहरमी से पीटा था, हमले गंभीर घायल राशिद हुसैन की उपचार को ले जाते समय मृत्यु हो गई थी। मामले में भतीजे की तहरीर पर चार नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। घटना में गांव हुसैनपुर का रहने वाला कलीम मुख्य आरोपी था। पुलिस ने कलीम की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद 12 घंटे के भीतर पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था। वहीं, पुलिस इससे पहले नामजद आरोपी शान को पकड़कर जेल भेज चुकी थी। घटना में शामिल संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के गांव इटायला माफी का रहने वाले नवाजिश की गिरफ्तारी पर भी एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस का दावा है कि नवाजिश ही मुख्य आरोपी कलीम को अपनी बाइक पर बैठाकर घटनास्थल पर पहुंचा था। नवाजिश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए कलीम का बहनोई है। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी नवाजिश के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा किया था। बताया कि आरोपी अगर दस दिन के भीतर हाजिर नहीं होता है तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि इस मामले में गांव हरियाना निवासी नब्बू उर्फ सादिक का नाम विवेचना में शामिल किया गया है। मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की गई है। आरोपी नब्बू उर्फ सादिक उस वक्त मौके पर मौजूद था, उसने कार की चाबी निकालकर मारपीट की थी।

# शक्ति स्कवॉड ने वीरांगना इलेविन को 11 रन से हराया

## जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। औद्योगिक नगरी में तीन दिवसीय जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज हो गया। पहले दिन का मैच शक्ति स्कवॉड की टीम ने वीरांगना इलेवन को 11 रनों की शिकस्त घ्देकर जीत लिया।

बुधवार की दोपहर तीन बजे नाईपुरा में गांव सादुल्लापुर रोड पर स्थित जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी के खेल मैदान में तीन दिवसीय जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुभारंभ जिला उपभोक्ता फोरम में जज अंजू दीक्षित, रेनू तिवारी,वंदना शुक्ला, ममता गुप्ता, श्वेता शुक्ला ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में जुबिलेंट प्रबंधन के कार्यों की प्रशंसा की। शक्ति स्कवॉड की कप्तान माही झा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का जिम्मा लिया। जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी कप्तान मंजू लता एवं उप कप्तान अर्चना यादव की वीरांगना इलेवन टीम 83 रनों पर सिमट गई। विजेता टीम शक्ति स्कवॉड की कविता चांद को सर्वाधिक रन बनाने पर बेस्ट बैटमैन एवं मैन ऑफ दि मैच का खिताब मिला। स्वाति मर्तेलिया बैस्ट बॉलर रहीं। इस मौके पर जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, विनय शुक्ला, धीरुपतइया मुक्कु, मैच व्यवस्थापक नीरज सिंह, अरुण प्रताप सिंह, पुनीत तिवारी, रितु तिवारी, ऊषा वर्मा, रूचि मिश्रा, गीता परिहार, ममता सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# दहेज प्रताड़ना में सास व ननद पर मुकदमा

## मारपीट का भी लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। दहेज प्रताड़ना के मामले में विवाहिता ने सास व ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला शहर की आवास विकास कॉलोनी प्रथम से जुड़ा है। यहां रहने वाले रवि गुप्ता की शादी 25 नवंबर 2025 को संजना नाम की युवती से हुई थी। संजना मेरठ में जॉब करती है, शादी के कुछ दिन बाद ही वह मेरठ चली गई थी जबकि दहेज का सारा सामान कॉलोनी स्थित घर में ही रखा था। संजना का आरोप है कि बीती आठ फरवरी को जब वह मेरठ से लौटी तो सास कृष्णा देवी व ननद इंदु ने दरवाजा नहीं खोला, इतना ही नहीं गाली-गलौज करते हुए दोनों ने दहेज को लेकर ताने देते हुए मारपीट की। पीड़िता संजना ने घटना की तहरीर शहर कोतवाली में दी थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में सास कृष्णा देवी व ननद इंदु के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। कैलसा बाईपास स्थित सिद्धि विनायक अस्पताल के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित अस्पताल कर्मी ने मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है

शहर में वाहन चोर बेलगाम होते जा रहे हैं। शिकंजा कस पाने में पुलिस नाकाम साबित होती दिख रही है। बेखौफ चोरों अब मंगलवार शाम कैलसा बाईपास स्थित एक अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चुरा कर पुलिस को नई चुनौती दे दी है। बाइक चोरी का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित अस्पताल कर्मी ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में मोहल्ला छेवड़ा( कैलसा बाईपास) स्थित सिद्धि विनायक अस्पताल की है। शहर निवासी युवक हसन अस्पताल में नौकरी करता है। मंगलवार को ड्यूटी पर पहुंचे हसन ने अपनी बाइक अस्पताल के गेट के आगे खड़ी की थी। शाम में करीब पांच से छह बजे के बीच अज्ञात चोर ने बाइक पर हाथ साफ कर लिया। ड्यूटी खत्म होने के बाद हसन जब घर जाने के लिए बाहर निकला तो बाइक गायब देख उसके होश उड़ गए। इधर-उधर काफी तलाश किया लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। बाद में जब गेट पर लगे कैमरे की फुटेज चेक की तो उसमें एक युवक लॉक तोड़ बाइक ले जाते हुए कैद हो गया।

# छात्राओं ने त्रिवेणी शुगर मिल का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। चौधरी बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने त्रिवेणी शुगर मिल का भ्रमण कर बनाई जा रही चीनी के कार्य को परखा है।

बुधवार को कॉलेज की छात्राओं ने त्रिवेणी शुगर मिल चंदन पुर में भ्रमण किया। मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा ने डायरेक्टर ब्रहम दत्त त्यागी वह छात्राओं का चंदनपुर चीनी मिल में माल्यार्पण कर बुके देकर स्वागत किया। चीनी मिल के प्रबंधक आमोद कुमार शर्मा ने सभी छात्राओं को गन्ने से संबंधित विस्तार से जानकारी दी तथा छात्राओं से यह बताया कि गन्ने की अच्छी वैरायटी खेतों में बोकर अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। और अच्छा आर्थिक लाभ ले सकते हैं। छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद सभी छात्राओं ने चीनी किस प्रकार बनाई जाती है और किस प्रकार चीनी की पैकिंग की जाती है। चीनी मिल में 10 मेगावाट की बिजली किस प्रकार बनाई जा रही है। इसके बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एचआर हेड अमेज सिंह, राजोरिया, श्याम सुंदर मौर्य, बृजेश सिंह, अरविंद कुमार, श्रीमती रेखा सिंह, कुमारी रिद्धिमा त्यागी, आकांक्षा शर्मा मौजूद रहे।



# भाषण में अनु व चित्रकला में निशा रहीं प्रथम

## सरदार पटेल की जयंती पर प्रतियोगिताएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में राजकीय जिला पुस्तकालय में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। राजकीय जिला पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले 9 छात्रों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में स्वामी, भाषण प्रतियोगिता में अनु, चित्रकला प्रतियोगिता में निशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेताओं को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर प्रवेश कुमार द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तक, मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रतियोगिता में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर प्रभारी पुस्तकालय अध्यक्ष ललित कुमार, डीसी मदनपाल सिंह, प्रधान सहायक मोहम्मद असलम, वरिष्ठ सहायक अली जमाल, पुस्तकालय सहायक विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पूरी लगन व मेहनत से करें परीक्षा की तैयारी

## इण्डियन इंटर कालेज में विदाई समारोह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। इंडियन इंटर कालेज में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित हुआ।

बुधवार को नगर के इंडियन इंटर कालेज में आयोजित विदाई समारोह में अमरोहा के पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमति रंजना ढिल्लो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते कहा कि वह पूरी लगन से परीक्षा की तैयारी करें। उन्हें किसी भी तरह घबराने की जरूरत नहीं है। साथ ही उन्होंने इंटर के सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक जीशान अहमद ने कहा कि उनके स्कूल का परीक्षाफल हर वर्ष शानदार रहता है। इसकी प्रमुख वजह है कि स्कूल में अच्छे शिक्षकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है। इस दौरान यहां के पूर्व छात्र रहे डा. फहद को एफएमजीआई की परीक्षा उत्तीर्ण होने पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल का स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे।

# अमरूद तोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

## बारात से पहले बवाल! गर्भवती घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। पांयती कलां गांव में मंगलवार शाम अमरूद तोड़ने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ने पर एक पक्ष ने घर पहुंचकर युवक से मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आई उसकी गर्भवती भाभी को भी नहीं बख्शा गया। दोनों को उपचार के लिए सीएचसी जोया में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी अख्तर की बेटी की बारात बुधवार को आनी थी। बारा. तियों के भोजन के लिए पड़ोसी पप्पू की बगिया के पास टेंट लगाया गया था। इसी दौरान कुछ युवक बगिया में अमरूद तोड़ने लगे। पप्पू के बेटे मोहसिन ने विरोध किया तो कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि कुछ देर बाद अकबर, अख्तर, असलम और मुशर्रफ समेत अन्य लोग पप्पू के घर पहुंचे और मोहसिन के साथ मारपीट की। शोर सुनकर उसकी गर्भवती भाभी नाजमीन बचाने आई तो हमलावरों ने उसके साथ भी हाथापाई की। घटना के बाद परिजनों ने दोनों को जोया सीएचसी पहुंचाया। मामले में पुलिस को तहरीर देने की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# महाशिवरात्रि पर भंडारे का शुभारंभ

## श्रद्धा और सेवा से सजा पालिका परिसर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित भंडारे का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। धार्मिक वातावरण और भक्तिमय माहौल के बीच कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने भगवान शिव से नगरवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला पर्व है। इसी भावना के साथ उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ मिलकर प्रसाद वितरण में सहभागिता की और स्वयं सेवा कार्य में हाथ बंटाया। भंडारे के आयोजन में नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं सामाजिक संगठनों का भी सहयोग रहा। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण शिवमय हो उठा। आयोजन के दौरान स्वच्छता एवं व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।भक्तों ने इस आयोजन को आस्था, सेवा और सामा. जिक सौहार्द का सुंदर उदाहरण बताया और नगर पालिका के इस प्रयास की सराहना की

# महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट

## पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। विवाहिता से युवक ने छेड़छाड़ व मारपीट की। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही पीड़िता ने युवक पर उसके पति के जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का निकाह रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुआ था। निकाह के कुछ समय बाद ही महिला के पति का इंतकाल हो गया। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे कुछ नहीं दिया। इस संबंध में महिला ने अपना पक्ष कोर्ट में भी रखा था। काफी इंतजार करने के बाद महिला के मायके वालों ने उसकी दूसरा निकाह रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में कर दिया। आरोप है कि महिला अपने मायके आती है तो ससुराल पक्ष की तरफ से एक युवक उसके साथ छेड़छाड़ करता है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में अतरासी खुर्द गांव निवासी उमर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली डिडौली कोतवाली के क्षेत्र जोया कस्बे के फलाई ओवर पुल की है मुरादाबाद की दिशा से तेज गति से जा रहे ट्रक ने पीछे से ईट भरी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी जिसमें ट्रक ड्राइवर इरशाद पुत्र ऑफ इम्तियाज निवासी खतौली मुजफ्फरनगर ट्रैक्टर चालक उज्जवल पुत्र गुरदयाल निवासी डिंडोली व ट्रैक्टर मालिक राजू पुत्र थान सिंह निवासी नन्हेडा राजपूत तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को जोया अस्पताल में भर्ती कराया जहां से ट्रैक्टर चालक राजू की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



# विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 5 माल वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन पर सीज की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत**। परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा ओवरलोड संचालित हो रहे वाहनों के विरुद्ध एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं यात्रीकर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर गुजर रहे माल वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 02 ट्रक, 02 डंपर एवं 01 डीसीएम कुल 5 माल वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते पाए गए। जिस पर उनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत सीज की कार्यवाही करते हुए दो वाहनों को गढ़वाखेड़ा पुलिस चैकी, एक वाहन को पूरनपुर चीनी मिल पुलिस चैकी तथा एक वाहन को बीसलपुर थाना में निरुद्ध कर दिया गया। इसी प्रकार एक बस जोकि बहराइच से दिल्ली जा रही थी के प्रपत्र की जांच करने पर पाया गया कि उसके द्वारा परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए यात्रियों का परिवहन किया जा रहा है, जिस पर बस के विरुद्ध चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई। एआरटीओ द्वारा बताया गया कि ओवरलोड संचालित वाहनों के विरुद्ध एवं सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# विकसित उप्र 2047 के लिए शिक्षा क्षेत्र को नई मजबूतीः योगेंद्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट 2026-27 उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में शैक्षिक ढांचे को सुदृढ़ करने वाला दस्तावेज है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश 9,12,696-35 करोड़ रुपये के बजट में उच्च शिक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2026-27 में उच्च शिक्षा के लिए 6,591 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है,

जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। यह राशि विश्व. विद्यालयों और महाविद्यालयों में अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण, डिजिटल संसाधनों के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि छात्राओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना के लिए 400 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं, जिससे मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी। वहीं, मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के लिए 40 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है,

जिससे विद्यार्थियों को उद्योगों के साथ जुड़कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। जबकि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए छात्र मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति प्रारंभ की जा रही है, जिसके लिए 14.50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न मंडलों में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना को भी बजट में स्वीकृति दी गई है। विन्ध्यांचल मंडल में मां विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय (मिर्जापुर), मुरादाबाद मंडल में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय (मुरादाबाद) तथा देवीपाटन मंडल में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय (बलरामपुर) की स्थापना हेतु 50-50 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। इसके अतिरिक्त स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय (शाहजहांपुर) और काशी नरेश विश्वविद्यालय (भदोही) के लिए 21.21 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि यह बजट उच्च शिक्षा को समावेशी, आधुनिक और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। नए विश्वविद्यालयों की स्थापना और छात्राओं के लिए विशेष योजनाएं प्रदेश की युवा शक्ति को सशक्त बनाएंगी।

## मायावती ने यूपी बजट 2026-27 को बताया लोकलुभावन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में पेश किए गए वर्ष 2026-27 के बजट को लोकलुभावन करार देते हुए कहा कि इसमें जनता के वास्तविक उत्थान और सर्वसमाज के समग्र विकास की झलक कम दिखाई देती है।

मायावती ने कहा कि बजट में की गई घोषणाएं और आश्वासन तभी सार्थक माने जाएंगे, जब उन्हें समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, अन्यथा वे केवल कागजी साबित होंगे। मायावती ने यह भी कहा कि यदि पिछले वर्ष के बजट के क्रियान्वयन का ठोस और पारदर्शी आंकड़ा प्रस्तुत किया जाता, तो बजट भाषण अधिक विश्वसनीय बनता। बसपा प्रमुख के अनुसार वर्तमान बजट सुर्खियां बटोरने वाला अधिक प्रतीत होता है, जिससे लोगों की 'अच्छे दिन' की उम्मीदों को फिर से ठेस लग सकती है। उन्होंने प्रदेश में स्थायी रोजगार सृजन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को नियमित आय के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। मायावती ने एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के आरक्षण संबंधी मुद्दों पर सरकार से गंभीरता दिखाने की मांग की। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए, जिससे सामाजिक न्याय की भावना मजबूत हो। उन्होंने कहा कि यदि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर कार्य करे और बजट को वर्ग व क्षेत्र विशेष के बजाय गरीबों, किसानों और वंचितों के हित में प्रभावी ढंग से लागू करे, तो यह प्रदेश और देश दोनों के लिए हितकारी होगा। मायावती ने साथ ही विभिन्न राज्यों में पार्टी संगठन की गतिविधियों की समीक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि बहुजन समाज के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए पार्टी निरंतर प्रयासरत है।

# बीएचयू में 'काशी- नेपालशास्त्र- संगम' का दो दिवसीय आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्व. विद्यालय (बीएचयू) के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय में 13 और 14 फरवरी 2026 को 'काशी-नेपालशास्त्र-संगम' का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नेपाल के उन विद्वानों को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने संस्कृत शास्त्रों का गहन अध्ययन किया है।



काशी के विशिष्ट विद्वानों के साथ शास्त्रीय एवं सांस्कृतिक परिचर्चा विभिन्न सत्रों के माध्यम से होगी। कार्यक्रम में शास्त्रार्थ, परिसंवाद, काशी भ्रमण तथा कला-संस्कृति का परिचय प्रमुख रूप से शामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत 13 फरवरी को प्रात: 7 बजे नेपाल से आए विशिष्ट विद्वानों द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी के नेतृत्व में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन से होगी। इसके बाद प्रातः 9:30 बजे प्रो. ब्रजभूषण ओझा (महाव्यवस्थापक) के नेतृत्व में बीएचयू स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन होगा। अतिथियों एवं गणमान्यजनों के आगमन के बाद संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय में प्रो. राजाराम शुक्ल (संकाय प्रमुख) की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि अशोक कुमार तिवारी (मेयर), सारस्वत अतिथि प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी तथा दिव्य सान्निध्य श्री श्री शंक. रपुरी महाराज (महंत-अन्नपूर्णा मठ मंदिर) रहेंगे। दोपहर 2 बजे से शास्त्रार्थ सभा होगी, जिसमें विभिन्न विशिष्ट विद्वान अपनी शास्त्रीय ज्ञान परंपरा का उद्बोधन करेंगे। सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अंतर्गत शाम 5 बजे सभी विशिष्ट अतिथि असी घाट का भ्रमण करेंगे। दूसरे दिन (14 फरवरी) प्रात: 10 बजे प्रो. पतंजलि मिश्र (महानिद. शक) के नेतृत्व में मालवीय भवन का भ्रमण होगा। इसके बाद 10:30 बजे भारत कला भवन के निदेशक के नेतृत्व में भारत कला भवन का दौरा होगा। तत्पश्चात संकाय में प्रो. राजाराम शुक्ल की अध्यक्षता में दोपहर 11 बजे प्रो. शैलेश कुमार तिवारी के संयोजकत्व में संस्कृत कवि गोष्ठी आयोजित होगी।

## बदमाशों ने महिला के गले से आठ लाख का सोने का हार छीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नगर के चूड़ी मोहल्ला से मंगलवार की रात वैवाहिक कार्यक्रम में जा रही महिला के गले से सोने का हार छीनकर बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए।

पीड़ित महिला ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शाहगंज नगर के पुरानी बाजार मोहल्ला निवासी रजनीश सेठ की पत्नी अनीता सोनी मंगलवार की रात मोहल्ले की आधा दर्जन महिलाओं के साथ पैदल हनुमान गढ़ी स्थित एक मैरेज हॉल में शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी, जैसे ही चूड़ी मोहल्ला में पहुंची थी उसी दौरान सामने से बाइक पर सवार दो की संख्या में बदमाशों ने अनीता सोनी के गले से सोने का हार छीनकर फरार हो गए। शोरगुल सुनकर मोहल्ले वाले दौड़े लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। पीड़ित महिला ने घटना की सूचना परिजनों को दी।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान की हत्या, रजाई से ढका मिला खून से लथपथ शव

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में 24 घंटे में हत्या की दूसरी जघन्य वारदात हुई है। जहां जानवरों के रखने के लिए खेत में बनाए बाड़े में छप्पर के नीचे 52 वर्षीय किसान का शव चारपाई पर आज सुबह रजाई से ढका हुआ मिला। मृतक किसान का सर बुरी तरह किसी धारदार भारी वस्तु के प्रहार से लहूलुहान किया गया था। परिजनों के मुताबिक सर में गंभीर चोट पहुंचकर उनकी हत्या की गई है। परिजनों ने किसी तरह दुश्मनी से इंकार करते हुए अज्ञात हत्यारों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। खेत पर किसान की हत्या की घटना की जानकारी के बाद एएसपी के साथ सीओ और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की है। एएसपी ने बताया कि वारदात को लेकर कुछ बिन्दुओ पर जांच पघ्ताल की जा रही है और जल्द ही घटना का अनवारण किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार संडीला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीतो में उस समय हघ्कंप मच गया जब गांव के रहने वाले अजीत यादव ने अपने पिता हुकुम सिंह यादव (52) का शव खेत में जानवरों को रखने के लिए बने बाड़े में छप्पर के नीचे रजाई से ढका हुआ मिला। घटना की सूचना मृतक के पुत्र रंजीत ने तुरंत पुलिस को दी। मृतक के पुत्र रंजीत के मुताबिक उनके पिता हुकुम सिंह यादव गांव के किनारे स्थित खेत में जानवरों को रखने के लिए बने छप्पर में रोज की तरह बीती रात भी सोने गए थे। सुबह जब वो घर वापस नहीं आए तो उनका छोटा भाई अजीत सुबह करीब आठ बजे बाड़े में छप्पर के अंदर पहुंचे तो देखा कि उनके पिता चारपाई पर मृत अवस्था में पड़े हैं। उनके सिर में गंभीर चोट के निशान थे और खून निकला हुआ था और ऊपर से रजाई भी ढकी हुई थी। परिजनों के अनुसार मृतक का किसी से कोई विवाद नहीं था। छप्पर में बंधे जानवर व अन्य सभी सामान सुरक्षित मिले हैं। परिजनों ने अज्ञात लोगों द्वारा हत्या किए जाने की आशंका जताई है। किसान की हत्या की वारदात की जानकारी मिलते ही सीओ संडीला संतोष कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक विद्या सागर पाल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। उसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुबोध गौतम और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी लेने के साथ छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अज्ञात हत्यारे के खिलाफ मामला दर्ज करके कई बिंद. ओं पर वारदात की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

### उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा ने किया गया फल वितरण

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला इकाई ने बुधवार को पं- दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा कार्यालय में समर्पण दिवस का आयोजन किया। इस दौरान कुष्ठ आश्रम में गरीबों को फल वितरण किया गया। पार्टी कार्यालय पर आयोजित समर्पण दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला प्रभारी व उत्तर प्रदेश भूमी विकास बैंक के अध्यक्ष संतराज यादव ने कहा कि स्वतत्रता के बाद राजनीतिक परिदृश्य में पूंजीवाद, साम्यवाद और समाजवाद तेजी से उभर रहे थे। ऐसे समय में पं- दीनदयाल जी ने एकात्म मानववाद का सिद्धांत प्रस्तुत किया, जो आज भी भारत के राष्ट्र निर्माण में मार्गदर्शक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि पं. दीनदयाल ने अंत्योदय और एकात्म मानववाद के विचार को 1965 में विजयवाड़ा अधिवेशन के दौरान पार्टी की नीति और विचारधारा का हिस्सा बनाया। उनके नेतृत्व और पुरुषार्थ से ही1964 तक कांग्रेस के विकल्प के रूप में भारतीय जनसंघ की स्थापना संभव हुई और दिल्ली नगर निगम के चुनाव जीतकर पहली बार सत्ता में आई। पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता और प्रखर राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विचार यह था कि समाज, राजनीति और अर्थव्यवस्था को अलग-अलग खांचों में नहीं देखा जा सकता। मानव जीवन की भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं का संतु. लित विकास ही वास्तविक प्रगति है। उन्होंने अंत्योदय की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसके अनुसार राष्ट्र की उन्नति का पैमाना वही होगा, जहां समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सम्मानजनक जीवन मिल सके। पूर्व विधायक डा. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि आज पार्टी के पास विश्व के सबसे बड़े कार्यकर्ता संगठन का गौरव है, और इसके पीछे पं- दीनदयाल उपाध्याय जैसे कई विभूतियों का अथक प्रयास है। उन्होंने बताया कि पं- दीनदयाल ने राजनीति को सत्ता और पद की साधना नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का माध्यम माना।

### संपत्ति का विवरण पोर्टल पर अपलोड न किए जाने के कारण वेतन रुका

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में स्वास्थ्य विभाग में तैनात कई अधिकारियों और चिकित्सकों द्वारा अपनी संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड न किए जाने के कारण लगभग 3 दर्जन कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगा दी गई है। यह कार्रवाई शासन के निर्देशों के अनुपालन में की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय के सूत्रों से आज बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार, सीएमओ नवीन चंद्र के द्वारा आज बुधवार को की गई कार्यवाही के संदर्भ में बताया गया कि शासन द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा तक अपनी संपत्तियों का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। जिन कर्मचारियों ने निर्देश का पालन नहीं किया, उनके वेतन पर जनवरी के भुगतान को आज बुधवार को रोक लगाने की कार्रवाई की गई है। हालांकि पहले यह सर्विस बुक में दर्ज होता था अब इसको सम्पदा पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक अनुमान के मुताबिक करीब 3 दर्जन कर्मियों के वेतन रोके गए हैं जिसमे से कुछ डाक्टर भी शामिल हैं। इस वेतन रोकने की कार्यवाही में एक लोचा भी है कि कुछ कर्मियों के अनुसार उन्होंने अपनी सम्पदा का विवरण लोड कर दिया था मगर पोर्टल पर वह शो नही हो रहा है। सीएमओ ने यह भी स्पष्ट किया कि कितने चिकित्सकों व कर्मियों का वेतन रोका गया है, इसकी समीक्षा की जा रही है और अभी आधिकारिक रूप से किसी के नाम की पुष्टि नही की गई है। विभागीय कार्रवाई के बाद संबंधित कर्मचारियों में हलचल का माहौल है।

## मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय गो-तस्कर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में मीरगंज थाना की पुलिस टीम के साथ हुई बुधवार की सुबह मुठभेड़ में गो-तस्करी करने वाले एक अंतर्जनपदीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। मौके से पुलिस ने एक तमंचा 0-315 बोर, एक जिदा कारतूस, एक खोखा तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध नियत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मीरगंज पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिग कर रही थी। इस दौरान गोधना बाजार के पास एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागने लगा। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर सेमरी अंडरपास पुलिया के पास बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिग में बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश की पहचान मोनू उर्फ बलवंत बघेल पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम रामनगर, थाना अखंडनगर, जनपद सुल्तानपुर (23) के रूप में हुई। वह पूर्व में थाना सरायख्वाजा में दर्ज गो-तस्करी के मुकदमे में वांछित चल रहा था और एक अन्य अभियुक्त के साथ पिकअप वाहन से गो-तस्करी के मामले में फरार हो गया था।

# बजट में कुछ नया नही, दिशाहीन व पूरी तरह से खोखला, सूखा व खाली बजटः आराधना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज पेश किए गए आम बजट पर विधानसभा में कांग्रेस विधानमंडल दल नेता श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह घोर निराशाजनक, किसान, युवा एवं बेरोजगार विरा. धी बजट है। बजट में बेरोजगार युवाओं को धोखा मिला है,

अनुदेशकों के लिए माननीय उच्च न्यायालय ने बढ़े मानदेय और एरियर का आदेश दिया लेकिन सरकार ने बजट में कोई प्रावधान नही किया। श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि बजट में आंकड़ों की बारिश बाजीगरी करके बजट को तो 9 लाख 12 हजार करोड़ का दिखा बड़ा बना दिखाई जा रहा है लेकिन बजट में नई योजनाओं को 5 प्रतिशत भी नही दिया, 9 लाख 12 हजार करोड़ में नई योजनाओं में तो सिर्फ 43 हजार करोड़ रुपये, 43 हजार करोड़ से क्या होगा, जबकि सरकार खुद कह रही है हमने 64 हजार करोड़ राजस्व प्राप्त किया है, तो फिर सिर्फ 43 हजार नई योजनाओं के लिए क्यों ? 64 हजार में 43 हजार करोड़ आवंटन के बाद शेष पैसे किसके लिए बचाए जा रहे हैं ? जनकल्याणकारी योजनाओं पर खर्च के प्रबंध किए गए हैं, आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि आउटसोर्सिंग के लिए बीजेपी योगी आदित्यनाथ सरकार ने घोषणा की थी कि न्यूनतम मानदेय देंगें लेकिन बजट में कोई आवंटन नही, ये नौजवानों को धोखा है। आराधना मिश्रा मोना ने बजट में पूर्वांचल और बुंदेलखंड के पिछड़ेपन को दूर करने को लेकर भाजपा योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा की गई उपेक्षा पर नाराजगी व्यक्त की है । ऐसे में जो प्रदेश का युवा आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश में ही काम करके प्रदेश को भी विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाता और खुद भी मजबूत होता उन दोनों को निराशा हाथ लगी है।

आराधना मिश्रा मोना ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बजट में प्रावधान न होने को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोककल्याणकारी राज्य में सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि जनता को मूलभूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराए लेकिन सरकार का पूरा ध्यान सार्वजनिक क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा देने का है । जिससे चुनिन्दा उद्यमियों को फायदा पहुंचे और आम आदमी की जेब कटे, उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला सुरक्षा, युवाओं के रोजगार सृजन के नाम पर यह बजट मौन है। वित्तीय घाटा पूरा करने के लिए सरकार जनता की जेब पर डाका डालने की तैयारी कर चुकी है, या तो पिछले वर्ष का बजट जो 40: से ज्यादा सरेंडर हो गया, खर्च नही हो पाया, उससे वित्तीय घाटा पूरा किया जाएगा दोनों स्थिति में प्रदेश की जनता का नुकसान है, इस बजट से यह साबित हो गया कि यह सरकार का अंतिम और विदाई का बजट है, प्रदेश की जनता को जिस तरीके से इस बजट में कोई नई योजना न देकर ठगा गया है, प्रदेश की जनता 2027 में बीजेपी सरकार की विदाई करेगी।

# भूरेश्वर महादेव मंदिर में हर वर्ष 'चावल भर' बढ़ता है शिवलिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में सनातन धर्म के त्रिदेवों में भगवान शिव का स्थान सर्वोपरि माना जाता है। देशभर में शिव से जुड़े प्राचीन मंदिरों और तीर्थस्थलों की अनगिनत गाथाएं प्रचलित हैं।

वरिष्ठ इतिहासकार डाक्टर हरिमोहन पुरवार ने बताया कि बुंद. लखंड की पावन धरती पर भी आस्था का ऐसा ही एक अद्भुत केंद्र स्थित है-जनपद जालौन की माधवगढ़ तहसील के अंतर्गत ग्राम सरावन में स्थित भूरेश्वर महादेव मंदिर। लगभग 1400 वर्ष पुराने इस मंदिर की विशेषता यहां स्थापित श्वेतवर्ण शिवलिंग है, जिसके बारे में स्थानीय मान्यता है कि वह हर वर्ष चावल के एक दाने के बराबर बढ़ता है। ग्राम सरावन में स्थित यह प्राचीन मंदिर स्थानीय लोगों की गहरी आस्था और विश्वास का केंद्र है। शिवलिंग के श्वेतवर्ण स्वरूप के कारण यह मंदिर 'भूरेश्वर महादेव' के नाम से विख्यात है। ग्रामीणों के अनुसार, वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है कि शिवलिंग की ऊंचाई में हर साल सूक्ष्म वृद्धि होती है। बताया जाता है कि वर्तमान में शिव. लिंग की ऊंचाई लगभग 97 सेंटीमीटर तक पहुंच चुकी है। इस चमत्कारिक मान्यता के कारण यहां श्रद्धालुओं की आस्था और भी प्रगाढ़ हो जाती है। मंदिर के इतिहास से जुड़ी कथा भी अत्यंत रोचक है। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण रियासत काल में राजा श्रवण देव द्वारा कराया गया था। कहा जाता है कि एक बार राजा श्रवण देव हस्तिनापुर गए थे। वहां उन्हें स्वप्न में भगवान शिव के दर्शन हुए और उन्होंने शिवलिंग स्थापित करने का आदेश दिया। स्वप्नादेश के बाद राजा हस्तिनापुर से एक छोटे आकार का शिवलिंग लेकर लौटे। गांव के निकट एक स्थान पर उन्होंने उस शिवलिंग को रखा और किसी उपयुक्त स्थल पर स्थापित करने का विचार किया। कितु जब शिवलिंग को उस स्थान से उठाकर अन्यत्र ले जाने का प्रयास किया गया, तो राजा सहित कई लोग मिलकर भी उसे तिलभर भी हिला नहीं सके। इसे भगवान शिव की इच्छा मानकर राजा ने उसी स्थान पर शिवलिंग की स्थापना कर मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया। तभी से यह शिवलिंग उसी स्थान पर स्थापित है और भूरेश्वर महादेव के रूप में पूजित हो रहा है। गांव के नामकरण की कथा भी इसी इतिहास से जुड़ी है। बताया जाता है कि राजा श्रवण देव के नाम पर ही पुराने अभिलेखों में गांव का नाम 'श्रवण' दर्ज था।

## बजट से पहले सपा विधायकों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट पेश होने से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सपा विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मुखौटे लगाकर विरोध दर्ज कराया। पार्टी नेताओं का कहना था कि केंद्र सरकार की नीतियां बाहरी दबाव में तय की जा रही हैं, जिसका असर देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

सामाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ष्कॉम्प्रोमाइज्डष हैं और कथित रूप से एपस्टीन फाइल के दबाव में ट्रेड डील की गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के समझौतों से भारत के किसानों को बड़ा नुकसान होगा। अतुल प्रधान ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ट्रम्प के दबाव में काम कर रहे हैं। सपा विधायकों ने मांग की कि बजट में किसानों, युवाओं और आम जनता के हितों को प्राथमिकता दी जाए और किसी भी तरह की अंतर्राष्ट्रीय डील से पहले देशहित को सर्वोपरि रखा जाए। प्रदर्शन के दौरान कुछ देर के लिए विधानसभा परिसर में हलचल का माहौल रहा।

## जौनपुर में हादसा दो की मौत, एक की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में नेवढ़िया थाना क्षेत्र के कठिरांव के पास बुधवार की सुबह बारात से लौटते समय बाइक सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गए जिसमें दो की मौत हो गई और एक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार बारात से लौटते समय कठीराव के पास बाइक सवार तीन लोग अचानक अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में जा भीड़ जिससे मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। मृतकों में अरुण पटेल उम्र लगभग 35 साल और कौशल पटेल उम्र 40 साल है जबकि गंभीर रूप से घायल विना. द पटेल पुत्र स्वर्गीय अमरनाथ का इलाज भदोही के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। हादसे से मृतकों के घर पर कोहराम मचा हुआ। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बजट जनआकांक्षाओं को समर्पित हैंः पंकज चौधरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को जनआकांक्षाओं को समर्पित, जनकल्याण, सुशासन और समृद्धि के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट बताते हुए बजट का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि यह बजट माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रतिबद्धता का परिणाम है, जो उत्तर प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार ने 9.12 लाख करोड़ से अधिक का विशाल बजट पेश किया है। जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। जिससे प्रदेश में विकास और जनकल्याणकारी योजनाएं और अधिक गति से चलेंगी। प्रदेश सरकार ने विकास और विश्वास का जो मॉडल स्थापित किया है,

यह बजट उसी प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतिबिम्ब है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी ने कहा कि इस बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं का ध्यान रखा गया है। मातृशक्ति की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु ठोस प्रावधान किए गए हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक व सामाजिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकें। युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप और रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए व्यापक योजनाएं इस बजट में सम्मिलित हैं, जो उन्हें सक्षम और आत्मनिर्भर बनाएंगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास, एमएसएमई को प्रोत्साहन, आधारभूत संरचना के विस्तार और निवेश को बढ़ावा देने वाले प्रावधान प्रदेश में व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन सुनिश्चित करेंगे। ख्रषि और किसान कल्याण को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने सिंचाई, भंडारण, आधुनिक तकनीक और ख्रषि आधारित उद्योगों के विकास पर विशेष बल दिया है। गन्ना मूल्य की दरों में 30 रू. प्रति कुंटल की वृद्धि किसान हित में स्वागत योग्य निर्णय है। यह प्रयास किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। हिला सशक्तिकरण के लिए योजनाओं को जमीन पर उतारा जाएगा। प्रदेश में महिलाओं के लिए विशेष स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोले जायेंगे। जहां महिलाओं को आधुनिक एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। बजट में मेधावी छात्राओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत सरकार ने 400 करोड़ रू. का प्रावधान किया है।

# फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले चार गिरफ्तार

**क्रू शिप में नौकरी के नाम पर करते थे ठगी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** साइबर क्राइम और सेक्टर-126 थाना पुलिस की ज्वाइंट टीम ने फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। ये लोगों को क्रू-शिप (समुद्री जहाज) में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी कर रहा था। पुलिस ने इस गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से लैपटॉप, मोबा. इल फोन, कॉलिंग डेटा और कई फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं।

एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि सेक्टर-132 क्षेत्र में एक कंपनी के नाम पर कॉल सेंटर चलाकर लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे वसूले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने संयुक्त टीम बनाकर मौके पर छापा मारा और सी हायर मरीन सर्विसेज कंपनी नाम से चल रही फर्जी कंपनी का भंडाफोड़ कर दिया। मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जालौन निवासी राहुल, अलीगढ़ निवासी प्रशांत, गौतमबुद्धनगर निवासी विशाल शर्मा और कानपुर नगर निवासी सैफ वारिश के रूप में हुई है। राहुल गिरोह का सरगना है।

**इंटरनेट कालिंग और डेटा लेकर करते बातचीत:** पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से यह ठगी कर रहे थे और देश के कई राज्यों के लोगों को निशाना बना चुके हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी इंटरनेट और कॉलिंग के जरिए नौकरी तलाश रहे युवाओं का डेटा जुटाते थे। इसके बाद उन्हें फोन करके विदेश में क्रू-शिप में नौकरी दिलाने का लालच दिया जाता था। आकर्षक वेतन और विदेश में काम करने का सपना दिखाकर उनसे रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोसेसिंग फीस और अन्य खर्चों के नाम पर एक लाख से लेकर एक लाख बीस हजार रुपये तक वसूले जाते थे। पैसा मिलने के बाद आरोपी या तो फोन उठाना बंद कर देते थे या फिर नई फीस की मांग करने लगते थे।

**अलग-अलग खातों में एक करोड़ मिले:** पुलिस के अनुसार आरोपियों ने इस तरीके से अलग-अलग बैंक खातों में लगभग एक करोड़ रुपये की ठगी की है। बरामद बैंक पासबुक और खातों की जांच में पता चला कि केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में इनके खिलाफ शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस अब इन खातों और अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

**26 शीट डेटा मिला:** छापेमारी के दौरान पुलिस को आरो. पियों के पास से तीन लैपटॉप, सात मोबाइल फोन, कॉलिंग डेटा की 26 शीट, 21 रजिस्टर, चार मोहर, चार फर्जी जॉइनिंग लेटर और कई बैंक दस्तावेज मिले हैं। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल लोगों को भरोसा दिलाने और ठगी को असली दिखाने के लिए किया जाता था। पुलिस बरामद सामान के आधार पर गिरोह के नेटवर्क की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

**50 हजार रुपये प्रतिमाह देते थे किराया:** जिस बिल्डिंग में कॉल सेंटर संचालित हो रहा था उसे गिरोह के सरगना ने 50 हजार रुपए प्रतिमाह किराए पर लिया हुआ था। बीते एक साल से वहां पर कॉल सेंटर संचालित हो रहा था। बेरोजगार युवकों का डाटा आरोपियों को कहां से मिलता था,इसका पता लगाया जा रहा है। ज्यादातर आरोपी स्नातक हैं। सभी का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

# नोएडा और ग्रेनो में डेटा सेंटर को मिलेगी रफ्तार

**डेटा क्लसटर्स और अथारिटी से मिलेगा फायदा, निवेश के साथ बढ़ेगी तकनीक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यूपी के बजट में इस बार डेटा क्लस्टर और डेटा अथॉरिटी बनाने के प्रावधान किया गया है। इसका सीधा असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा पर दिखेगा, क्योंकि नोएडा में डेटा सेंटर से जुड़ी कई बड़ी कंपनियां आ चुकी हैं। इनका निर्माण किया जा रहा है। साथ ही निवेश की तैयारी भी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पूर्व में डाटा सेंटर के लिए 13 भूखंडों की योजना निकाली थी। नोएडा में एक सेक्टर को डेटा सेंटर के लिए आरक्षित किया गया है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अभी करीब 11 डाटा सेंटर के लिए भूखंड आवंटित हैं। इनमें डाटा सेंटर संचालित हैं। आने वाले दिनों में और भूखंड आवंटित किए जाने हैं। यूपी सरकार ने इस क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के लिए भूखंड आवंटित करने की नीति अलग से तैयार कर रखी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आठ मार्च 2025 को नोएडा के सेक्टर-132 में सीफी कंपनी के एआई सक्षम डाटा सेंटर का लोकार्पण किया था। यह कंपनी 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी और 700 लोगों को रोजगार देगी। यह उत्तर भारत के सबसे बड़े एआई रेडी डाटा सेंटर में से एक है। डाटा सेंटर 220 केवी के ऑन-प्रिमाइज सबस्टेशन के साथ काम करता है। यह उच्च घनत्म वाले सर्वर का समर्थन करता है।

ग्रेटर नोएडा में योट्टा का एक डाटा सेंटर पहले से ही स्थित है। एक अन्य कंपनी ने दूसरे डाटा सेंटर का काम भी शुरू कर दिया है। योट्टा डी1 डाटा सेंटर उत्तर भारत के डाटा सेंटर का गेटवे होने के साथ ही कई बिंदुओं में खास माना जा रहा है। 250 मेगावाट की क्षमता वाले इस डाटा सेंटर स्टोरेज का आंकलन इससे लगाया जा सकता है कि इसमें 60 लाख हाई डेफिनेशन (एचडी) की फिल्मों के डाटा को स्टोर किया जा सकता है।

इस डाटा सेंटर का यह केवल डी-1 पार्ट था। इसके अलावा डी-2 और डी-3 पार्ट का काम चल रहा है। वहीं, नॉलेज पार्क-5 में ही ग्रेटर नोएडा के दूसरे डाटा सेंटर का काम चल रहा है। करीब 10 एकड़ में फैले इस डाटा सेंटर की क्षमता 250 मेगावाट से अधिक होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवंबर 2022 में ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 में डाटा सेंटर का लोकार्पण किया था। जिले में कई और डाटा सेंटर का काम चल रहा है।

## समर्पण दिवस के रूप में पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** भाजपा दादरी नगर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप मे मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष प्रणीत भाटी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके आदर्श सेवा, समर्पण और सशक्त भारत निर्माण की प्रेरणा देते रहेंगे।

कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष गीता पंडित, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 25 स्थानों से हटाए गए अवैध कब्जे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को शहर के विभिन्न सेक्टरों और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। प्राधिकरण की वर्क सर्किल-1 से 10 की टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 25 स्थानों से अवैध कब्जे हटाए।

प्राधिकरण के अनुसार, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को सुगम एवं जाम-मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़कों के किनारे और अन्य स्थानों पर लगाए गए अवैध वेंडर्स, ठेले-पटरी, अस्थायी ढांचे और अन्य अतिक्रमण हटाए गए। जिन प्रमुख



क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया गया, उनमें सेक्टर-12, 43, 44, 45, 51, 52, 53, 57, 58, 59, 60, 76 (प्रिसले सोसायटी के पास), 80, 81, 84, 87 (नयागांव), 163, एनआरआई रोड, फेज-2, डोजरी कॉम्प्लेक्स, नगला चरनदास, भंगेल, कैंटर रोड (सेक्टर-87) और जेपी फ्लाईओवर से डीएससी रोड तक का क्षेत्र शामिल है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न स्रोतोंख्रजनमानस, आरडब्ल्यूए, फोन कॉल और औद्योगिक संगठनों से अवैध वेंडर्स और अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के निस्तारण के लिए यह अभियान चलाया गया है। नोएडा प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए प्रतिदिन नियमित रूप से अभियान जारी रहेगा और अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### जेवर में सरकारी ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र जल्द बनेगा

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** जेवर में सरकारी ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा। केंद्र के लिए सरकार की ओर से चयनित कंपनी को अनुदान मिल गया है। हालांकि, अब तक केंद्र खोलने की प्रक्रिया पर काम शुरू नहीं हुआ है। जिले में दो अभी तक ड्राइविंग प्रशिक्षण और परीक्षण के लिए दो ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र हैं। इसमें दादरी स्थित शिवम मार्बल मोटर प्रशिक्षण केंद्र और वाईबी बिल्डर्स ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र शामिल है। वहीं, एक अन्य प्रशिक्षण केंद्र सेक्टर 167 में बन रहा है। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि जेवर में एक और ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा। इसे सरकार की ओर से अनुदान मिला है। केंद्र खुलने से लोगों के पास में वाहन प्रशिक्षण और स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस की परीक्षा के लिए अधिक विकल्प होंगे। केंद्र के निर्माण को लेकर काम शुरू नहीं हुआ है। संभव है कि साल खत्म होने से पहले केंद्र की शुरुआत हो जाएगी। एक और केंद्र ग्रेनो वेस्ट में खुलना प्रस्तावित है।

### ओमेक्स मॉल के 127 खरीदार एनसीएलटी पहुंचे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर बीटा-2 स्थित ओमेक्स मॉल के 127 खरीदारों ने बिल्डर प्रबंधन के विरुद्ध एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने वाद दायर कर आरोप लगाया कि प्रबंधन ने आवंटियों से दुकानें लीज पर लेने के बाद किराया देना बंद कर दिया। खरीदार शाहबाज खान ने बताया कि सात साल पहले ओमेक्स मॉल में 40 लाख रुपये देकर कई आंवटियों ने दुकानें खरीदी। प्रबंधन ने किसी ब्रांड के न आने तक खुद ही दुकानों को लीज पर ले लिया। इसके एवज में हर महीने किराया दिया जाने लगा। पिछले एक साल से प्रबंधन ने रुपये देने बंद कर दिए। पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया। खरीदार राकेश ने कहा कि अब आवंटियों को रकम फंसने की चिंता सताने लगी है। ऐसे में एनसीएलटी में बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ वाद दायर किया गया। रजिस्ट्री भी नहीं कराई खरीदार शाहबाज खान और अंकुर ने आरोप लगाया कि बिल्डर प्रबंधन ने दुकानों की रजिस्ट्री भी नहीं कराई है। लेआउट में भी बदलाव कर दिया गया। मौके पर कोई भी दुकान का निर्माण अब तक नहीं हुआ है।

### बीएससी छात्रा लापता, तीन दिनों से नहीं मिला सुराग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक डिग्री कॉलेज की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा पिछले तीन दिनों से लापता है। छात्रा के परिजनों ने बुधवार को दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार, उनकी 19 वर्षीय बेटी 9 फरवरी को प्रतिदिन की तरह कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। हालांकि, वह कॉलेज नहीं पहुंची। देर शाम तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया, लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। तीन दिनों की तलाश के बाद परिजनों ने दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छात्रा की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर छानबीन की जा रही है और सर्विलांस की मदद भी ली जा रही है। पुलिस का कहना है कि छात्रा का जल्द ही पता लगा लिया जाएगा।

### गैंगस्टर के आरोपी की जमानत खारिज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सत्र न्यायाधीश अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के पुराने मामले में आरोपी सलीम की जमानत खारिज कर दी। जमानत अर्जी में आरोपी ने कहा था कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। वह किसी गैंग का सदस्य नहीं है। न ही कभी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। गिरफ्तारी पर रोक के लिए उच्च न्यायालय में दायर याचिका स्वीकार की गई थी। गैंग चार्ट में दर्शाए गए 2008 के एक मुकदमे में वह दोषमुक्त हो चुका है, जबकि 2006 के एक मुकदमे सिर्फ आर्म्स एक्ट में उसे दंडित किया गया है। वहीं अभियोजन पक्ष ने कहा कि पूर्व विशेष लोक अभियोजक द्वारा 28 नवंबर 2025 को त्यागपत्र दिए जाने के बाद जिलाधिकारी और संयुक्त निदेशक अभियोजन को कई बार पत्र भेजे, लेकिन गैंगस्टर एक्ट मामलों की पैरवी के लिए अब तक किसी की नियुक्ति नहीं की गई। बावजूद अदालत ने केस डायरी और पत्रावली का अवलोकन कर बचाव पक्ष की दलीलें सुनते हुए आदेश पारित किया।

# मुख्यमंत्री पहले सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास करेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला 21 फरवरी को रखी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव इसका शिलान्यास करेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री मोदी वर्चुवल रूप से शामिल होगे। यमुना सिटी में एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उपक्रम मैसर्स इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सेमीकंडक्टर यूनिट लगाएगी। कंपनी को सेक्टर-28 में 48 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। इस यूनिट का शिलान्यास 21 फरवरी को सेक्टर-28 में होगा।

यूनिट की आधारशिला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलान्यास समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित कर सकते हैं। समारोह को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा संबंधी तमाम व्यवस्थाओं पर काम शुरू हो गया है। कंपनी यमुना सिटी में 3706.15 करोड़ का निवेश करेगी। इससे करीब चार हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

यह कंपनी 2,40,000 यूनिट स्माल पैनल ड्राइवर आईसी, डिस्प्ले इंटीग्रेटेड सर्किट का निर्माण करेगी। इसके लिए प्रतिदिन 19 हजार केवीए बिजली की जरूरत पड़ेगी। 2000 एमएलडी पानी प्रतिदिन लगेगा। इस समारोह को लेकर अफसरों को जानक. ारी दे दी गई है। हालांकि, अभी आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। आत्मनिर्भरता बढ़ेगी इकाई के लगने से भारत की सेमीकंडक्टर के मामले में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

## क्लाउड किचन पर एक लाख रुपये का जुर्माना

**नोएडा।** सेक्टर-104 हाजीपुर में नियमों की अनदेखी कर चल रही एक क्लाउड किचन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। किचन के अंदर काफी मात्रा में मिश्रित कूड़ा मिला था। प्राधिकरण की टीम ने हाजीपुर स्थित मेसर्स अदिति किचन वेंचर लिमिटेड का निरीक्षण किया था। यहां पर कई सारी कमियां टीम को मिलीं। कचरे के निस्तारण के लिए किसी भी एजेंसी से किचन का अनुबंध नहीं किया गया था। फूड वेस्ट को नाले में बहाया जा रहा था। नोएडा क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद इसका इस्तेमाल किया जा रहा था। मीट और अन्य खाद सामग्री बेहद खराब स्थिति में रखी गई थी। इस तरह कई नियमों की अनदेखी मिलने पर किचन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के अलावा लोगों को कूड़ा निस्तारण और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए जागरुक किया गया।

# स्क्रैप माफिया रवि काना को मिली अंतरिम जमानत, नोएडा पुलिस को बड़ा झटका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कुख्यात स्क्रैप माफिया रविंद्र सिंह उर्फ रवि काना को लेकर सेक्टर-63 थाने में दर्ज मामले में जिला न्यायालय ने जमानत प्रदान की है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता की तीन धाराओं के तहत जबरन वसूली, धमकी और संगठित अपराध से जुड़ा है, जो पिछले महीने दर्ज हुआ था।

रवि काना को बांदा जेल से 29 जनवरी 2026 को जमानत पर रिहा किया गया था, लेकिन बी-वारंट के बावजूद रिहाई पर विवाद हुआ, जिससे जेल अधीक्षक निलंबित हुए और थ्प्त दर्ज हुई। रिहाई के बाद पुलिस तलाश में जुटी थी, लेकिन



गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने जिला न्यायालय में अंतरिम/अग्रिम जमानत याचिका दायर की।

सुनवाई 11 फरवरी 2026 को हुई, जिसमें कोर्ट ने जमानत मंजूर कर दी। पुलिस ने केस डायरी पेश की थी, लेकिन कोर्ट ने जमानत देते हुए शर्तें लगाई हैं। रवि काना पर पहले से गैंगस्टर एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं, और उनकी संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं। यह फैसला एनसीआर में अपराधियों पर कार्रवाई के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# 25 से अधिक सोसाइटियों को अंतिम नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पेयजल के बिल जमा न करने वाले बड़े बकायेदारों पर प्राधिकरण ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। पूर्व में जारी नोटिस के बाद भी बकाया बिल जमा नहीं करने वालों को अब प्राधिकरण की तरफ से अंतिम नोटिस जारी किए जा रहे हैं। सोसाइटी परिसरों में नोटिस चस्पा होने से निवासी परेशान हो गए हैं। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की 101 बिल्डर सोसाइटियों पर पेयजल बिल के करीब 150 करोड़ रुपये बकाया है। अब तक 25 से अधिक सोसाइटी को अंतिम नोटिस जारी किए गए हैं। एक सप्ताह के अंदर बकाया बिल का भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा आरसी जारी कर जिला प्रशासन के माध्यम से वसूली कराई जाएगी।



दरअसल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग ने दो माह पहले ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट की 101 सोसाइटियों को नोटिस जारी किए थे, जिन पर करीब 150 करोड़ रुपये बकाया है। नोटिस जारी होने पर कुछ सोसाइटी प्रबंधन द्वारा बकाया बिल जमा किया गया, लेकिन ज्यादातर पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। अब प्राधिकरण के जल विभाग द्वारा इस पर सख्त रुख अपनाते हुए अंतिम नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस जारी कर बकाया जमा करने के लिए एक निर्धारित समय दिया गया था। बता दें कि, पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि 101 ऐसी बिल्डर सोसाइटियों को चिन्हित किया है, जिन पर करीब 150 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें ज्यादातर ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी हैं। बार-बार दिशानिर्देश जारी किए जाने के बाद भी सोसाइटी प्रबंधन द्वारा नियमित रूप से पानी बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कुछ सोसाइटियों ने कभी पानी का बिल जमा नहीं किया।

**हरित क्षेत्र में हुए अवैध कब्जे को हटाया:** वहीं, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर दो में मंदिर के पास हरित क्षेत्र में हुए अवैध कब्जे को प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को तोड़ दिया। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक इरोज संपूर्णम सोसाइटी के गेट के बाहर हरित क्षेत्र में मंदिर के पास ही समिति द्वारा अवैध निर्माण किया गया था। समिति ने खुद ही प्राधिकरण की टीम की मौजूदगी में अतिक्रमण को हटाया। उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राम कुमार ने बताया कि सोसाइटी के बाहर हरित क्षेत्र में अवैध कब्जा कर कमरों का निर्माण कराने की शिकायत सेक्टर के लोगों ने प्राधिकरण में की थी।

# नोएडा एयरपोर्ट पर दो की जगह पांच रनवे होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एविएशन को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट विस्तार इस वित्तीय वर्ष में किया जाएगा। एयरपोर्ट पर दो रनवे को बढ़ाकर इसे पांच रनवे का किया जाएगा। इसके अलवा एविएशन रिसर्च आपरेशन और रख रखाव के लिए 750 करोड़ रुपए बजट में दिए गए है। इसके अवाला भूमि अर्जन लिए 1100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में एयरपोर्ट पर उत्तर रनवे 3900 मीटर-दक्षिण रनवे 4150 मीटर का है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यहां टर्मिनल बिल्डिंग से लेकर एयरपोर्ट सर्विलांस रडार और नेविगेशन सिस्टम तक हर प्रकार के उपकरण की व्यवस्था हो चुकी है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अब एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारी तेज हो गई है। एयरपोर्ट की एक्सिस रोड से लेकर ईंधन टैंक, ऑपरेशन सेंटर, जल और सीवेज व्यवस्था, चेक पोस्ट, टर्मिनल बिल्डिंग, घरेलू टर्मिनल काउंटर, ईगेट्स, बैगेज हैंडलिंग, लाउंज, विमानों को खड़ा करने के लिए एप्रन, कार्गो टर्मिनल, सोलर फॉर्म, एटीसी, ग्राउंड हैंडलिंग के वाहनों के लिए सीएनजी पंप, ईवी चार्जिंग स्टेशन, रनवे, नेगिवेशन सिस्टम, टेक्सी-वे इत्यादि के कार्य पूरे किए जा चुके है।

**ट्रायल हो चुका सफल:** कुल मिलाकर अब एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सिर्फ एयरोड्रम लाइसेंस से संबंधित औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, जो अंतिम चरण में बताई गई हैं। एयरपोर्ट का प्रथम चरण कुल 1334 हेक्टेयर में विकसित हुआ है। एयरपोर्ट के रनवे पर दिसंबर 2024 में इंडिगो के यात्री विमान को उतारकर ट्रायल किया गया था, जो सफल रहा था।

## डीएनडी पर यातायात बाधित रहेगा

**नोएडा।** नोएडा को दक्षिणी दिल्ली से जोड़ने वाले डीएनडी पर यातायात बाधित हो सकती है। यहां एक बार फिर गुरुवार से मरम्मत का काम शुरू होगा। अगले डेढ़ महीने में काम पूरा कर लिया जाएगा। बीते महीने अधिक सर्दी और प्रदूषण के चलते मरम्मत का काम बंद कर दिया गया था। नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि डीएनडी पर मरम्मत का काम अक्तूबर 2025 में शुरू किया गया। इसके बाद प्रदूषण स्तर बढ़ने पर ग्रैप तीन और चार लागू होने से मरम्मत के काम पर प्रतिबंध लग गया। इससे सड़क पर बिटुमिन से संबंधित काम नहीं हो सके। इसके अलावा बिटुमिन का काम सर्दी के मौसम में नहीं होता। गर्मी के मौसम में होने से सड़क की परत पर ठीक ढंग से बिछाव हो जाता है। मजबूती से चिपक. ाव की प्रक्रिया होती है। इससे सड़क अधिक टिकाऊ हो जाती है।

# फर्जी बैनामा कर 87 लाख हड़पे, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में जेवर पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि का बैनामा करने और 87 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपियों ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से छेड़छाड़ कर कूटरचित दस्तावेज बनाए और पीड़ित से 87 लाख 66 हजार रुपये की धोखाधड़ी की।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित सुनील कुमार ने थाना जेवर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी कर जमीन का फर्जी बैनामा किया और उनसे बड़ी धनरा. शि वसूल ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार को जेवर पुलिस ने स्थानीय



खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए खुर्जा अंडरपास के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान रत्ना उर्फ रतन सिंह पुत्र स्वर्गीय विक्रम सिंह (निवासी ग्राम महोबली, थाना जेवर, वर्तमान पता थाना खुर्जा देहात, बुलंदशहर) और सोनू पुत्र राकेश (निवासी ग्राम साहब नगर, थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर) के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और जमीन का फर्जी बैनामा कर पीड़ित से 87 लाख 66 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस मामले में अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश भी जारी है।।जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने जानकारी दी कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# युवती से छेड़छाड़ करना मनचले को भारी पड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में एक मनचले को युवती का पीछा करना और छेड़छाड़ करना भारी पड़ गया। पुलिस ने युवती की मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-22 निवासी एक महिला ने मंगलवार को थाने में एफआईआर दर्ज कराई । उन्होंने बताया कि उनकी बेटी आठ फरवरी को सेक्टर-3 जा रही थी। इसी दौरान चौड़ा गांव निवासी युवक अंश बैरागी नामक युवक ने उसका पीछा किया। इसके बाद बीच सड़क पर छेड़छाड़ करने लगा।

युवती के विरोध करने पर भी आरोपी नहीं माना। घर लौटी युवती ने अपनी मां को रो-रोकर पूरी जानकारी दी। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले कई दिनों से उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। आरोपी की इस हरकत से युवती का घर से निकलना दुश्वार हो गया था।

थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# मिर्च के डंठलों में लगी भीषण आग तीखे धुएं से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव चुरई दलपतपुर में मंगलवार देर रात भगवानदास के घर के पास स्थित तालाब में पड़े मिर्च के डंठलों (ठूंठ) में अचानक भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार ग्रामीण अपने-अपने घरों में मिर्च के डंठल तोड़कर उन्हें तालाब में डाल रहे थे।

तालाब किनारे बड़ी मात्रा में एकत्र सूखे डंठलों में देर रात आग भड़क उठी और देखते ही देखते उसने विकराल रूप ले लिया।आग लगने के बाद मिर्च के डंठलों से उठे तीखे और जहरीले धुएं ने पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। मिर्च के दहन से उत्पन्न कैप्साइसिन युक्त धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में भारी कठिनाई, आंखों में तेज जलन और गले में खराश की समस्या होने लगी।

धुआं गांव के अधिकांश हिस्सों में फैल गया, जिससे खासकर बच्चों, बुजुर्गों और दमा के मरीजों में परेशानी होनी लगी।अचानक फैले घने और तीखे धुएं के कारण कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए, जबकि कुछ परिवारों ने एहतियातन दरवाजे और खिड़कियां बंद कर लीं।

बुधवार सुबह करीब 6 बजे आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही एफएस यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। टीम में शामिल अशोक यादव, राजकुमार चौधरी, राजेंद्र और ओमप्रकाश सोनी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से किसी बड़ी अनहोनी की आशंका टल गई। घटना के बाद ग्रामीण जुबैर, आजम, तेजराम, हरीश, लाला इनायत, असलम हुसैन, मुमताज नवी, राकेश कुमार सहित दर्जन लोगो ने प्रशासन से शिकायत की बात कही है कि मिर्च के डंठलों को तालाब या खुले स्थान पर फेंकने पर रोक लगाई जाए।

# 6वें कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन

■ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, डॉक्यूमेंट्री और सम्मान समारोह के बीच गूंजा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मेरा युवा भारत बरेली द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 6वें कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह रहे।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में एसडीएम नवाबगंज निधि शुक्ला, पूर्व डीएसपी जे.एस. पाटनी तथा उत्तर प्रदेश सरकार के प्रदेश सचिव, उ.प्र. अपराध निरोधक समिति रवि गोयल उपस्थित रहे।

समारोह में कश्मीर से आए युवाओं ने अपनी पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कश्मीर की समृद्ध लोकसंस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। वहीं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने डॉ. ज्योति पांडेय के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सहित संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक विविधता को रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदर्शित किया। पूरा वातावरण "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना से ओत-प्रोत रहा। समापन अवसर पर श्रीनगर टीम द्वारा बीते पाँच दिनों की गतिविधियों पर आधारित एक आकर्षक डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। इसमें बरेली भ्रमण, शैक्षणिक संस्थानों के दौरे, सांस्कृतिक संवाद और आपसी सहयोग के प्रेरक क्षणों को दिखाया गया, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने मुक्तकंठ से सराहना की। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को देश की विविधता को समझने और आपसी सद्भाव को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने इसे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

एसडीएम निधि शुक्ला ने युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आदान-प्रदान कार्यक्रम आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। पूर्व डीएसपी जे.एस. पाटनी ने कहा कि कश्मीर और उत्तर प्रदेश के युवाओं के बीच बना यह सांस्कृतिक सेतु भविष्य में और मजबूत होगा तथा देश की एकता और अखंडता को नई ऊर्जा देगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के लिए प्रातःकाल योग एवं ध्यान शिविर आयोजित किया गया तथा सायंकाल विश्वविद्यालय परिसर स्थित पांचाल संग्रहालय का भ्रमण भी कराया गया। समापन पर सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माय भारत बरेली की उपनिदेशक पुष्पा सिंह, समाजसेवी भूपेंद्र सिंह, समाजसेवी निमिषा सिंह, चीफ प्रॉक्टर रविन्द्र सिंह, चीफ वार्डन डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. सुमित श्रीवास्तव, डॉ. तुलिका सक्सेना, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, प्रशिक्षक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता की भावना का विशेष वातावरण बना रहा

## एक नजर

### धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स ने 28 जनवरी तक का किया गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, इकाई चीनी मिल मीरगंज ने 28 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान कर दिया है। मिल प्रशासन द्वारा भुगतान की सूचना जारी होने के बाद क्षेत्र के गन्ना किसानों में संतोष देखा गया।चीनी मिल के यूनिट हेड सरबजीत सैनी ने बताया कि मिल ने बुधवार को 1.58 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान जारी किया है। इस भुगतान के साथ ही अब तक कुल 236.45 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य किसानों के खातों में भेजा जा चुका है।उन्होंने बताया कि 10 फरवरी तक मिल द्वारा 68.81 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की जा चुकी है।

### शाही में पांच रोजा उर्स समाप्ति पर हुआ लंगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बा शाही में शुक्रवार को शुरू हुआ पांच रोजा उर्स मंगलवार की रात सम्पन्न हो गया। उर्स के समापन के बाद विशाल लंगर किया गया। लंगर में कस्वा शाही व आसपास के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम आयोजक समाज बरिष्ठ समाज सेवी जावेद हुसैन उर्फ सन्नी सभासद नबाब खां,खतिबुल हुसैन इरफान खां , ताज मोहम्मद, इरसाद हुसैन पूर्व सभासद रहीश अहमद, आसिक हुसैन, आसिफ सिद्दीकी, हसीन मियाँ आदि का विशेष सहयोग रहा।

### अनुबिस डिग्री कॉलेज के एनएसएस शिविर में नशा मुक्त भारत रैली आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अनुबिस डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम जौनेर में किया गया। शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त भारत विषय पर जागरूकता रैली निकाली।रैली छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी ताराचंद,प्रशांत रस्तोगी एवं सईद अनवर के निर्देशन में संपन्न हुई। स्वयंसेवकों ने गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया और पुरुषों व महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नागेश्वर प्रसाद शुक्ल ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी कराई। रैली में कॉलेज स्टाफ के अतिरिक्त गयाराम सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।



### बाइक सवार ने महिला से कुंडल छीने विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बुधवार को एक महिला से बाइक सवार बदमाश ने झांसा देकर सुनसान रास्ते पर ले जाकर कुंडल छीन लिए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार नन्ही देवी पत्नी शेर मोहम्मद, निवासी पुरैनिया जदीद थाना मिलक, अपने गांव से बेटी के घर कस्बा शाही जा रही थीं। वह धनेटा तक टेंपो से पहुंचीं। धनेटा फाटक पर अन्य सवारी वाहन का इंतजार करते समय एक बाइक सवार युवक उनके पास आया और गंतव्य पूछा। महिला द्वारा शाही जाने की बात बताने पर आरोपी ने उनके दामाद का नाम पूछा और परिचित होने का दावा करते हुए उन्हें शाही छोड़ने की बात कही।झांसे में आकर महिला बाइक पर बैठ गईं। आरोप है कि बाइक सवार उन्हें शाही की बजाय धनेटा से शीशगढ़ की ओर ले गया और भिटौली व फिरोजपुर के बीच चनेटा जाने वाले चकमार्ग पर मोड़ दिया। महिला द्वारा विरोध करने और शोर मचाने की कोशिश करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी तथा उनके कानों से कुंडल नोचकर फरार हो गया।घटना के बाद महिला के शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहे लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर शाही और फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जाा रहा है।आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा संदिग्ध बाइक सवार की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर आरा. पी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहेड़ी में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 विवेक चौधरी ने स्वयं बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई।



कार्यक्रम के दौरान डा. विवेक चौधरी ने बच्चों व उनके अभिभावकों को कृमि संक्रमण से होने वाली बीमारियों इसके लक्षणों और बचाव के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय-समय पर कृमि नाशक दवा का सेवन बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद आवश्यक है। काउंसलर शालिनी सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य बच्चों को कृमि जनित रोगों से सुरक्षित रखना और उन्हें स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने स्वच्छता, साफ पानी के उपयोग और हाथ धोने की आदतों पर भी जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।

### बाइक, सोने की चेन और पांच लाख रुपये नकद की मांग को लेकर रिश्ता तोड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पांच लाख रुपये, अपाचे बाइक और सोने की चेन की मांग को लेकर दहेज लोभियों ने तय रिश्ता तोड़ दिया। इतना ही नहीं दहेज लोभियों ने तिलक में खर्च किए गए साढ़े तीन लाख रुपए भी नहीं लौटाए। घटना की रिपोर्ट मंगेतर और उसके घर वालों के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र की एक गांव की एक युवती का रिश्ता तहसील बहेड़ी के गांव चपटा के रहने वाले नारायन सिंह के पुत्र सोनू का साथ एक साल पहले तय हुआ था। रिश्ता तय होने के बाद वधु पक्ष की ओर से तिलक में करीब साढ़े तीन लाख रुपए खर्च किए थे। आरोप है जब तिलक हुआ था तो लड़का पक्ष की ओर से कोई भी मांग नहीं की गई थी, लेकिन उसके बाद पांच लाख रुपए नकद के साथ ही अपाचे बाइक और एक सोने की चेन की मांग की जाने लगी। जब मांग पूरी करने से बधु पक्ष ने असमर्थता जताई तो दहेज लोभियों ने तय रिश्ता तोड़ डाला। रिश्ता कराए जाने वाले विचपई क्षेत्र के गांव खंजनपुर खग्जानियां के रहने वाले अमर सिंह ने भी बात करनी बन्द कर दी। इस मामले में युवती की तहरीर पर सोनू, नारायन सिंह, गंगा सिंह, सोमपाल, राजू, धनवती, शिवानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# जेपीएस इंटर कॉलेज में इंटरमीडियट छात्रों को रंगारंग विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जेपीएस इंटर कॉलेज में कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा इंटरमीडियट के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। गीत, नृत्य और मनोरंजक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स को उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में भावुक क्षण भी देखने को मिले, जब छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा किए।विद्यालय के प्रबंधक कृतज्ञ सिंह ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत अत्यंत आवश्यक है। परिश्रम करने वाले विद्यार्थियों को सफलता अवश्य मिलती है।

प्रधानाचार्य इरशाद अहमद ने छात्रों को सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में राजपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कपिल कुमार, विवेक रुहेला, प्रीति शर्मा, हर्षित भारद्वाज सहित अन्य शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का समापन शुभकामनाओं और स्मृति चिह्न वितरण के साथ हुआ।

# डिजिटल माध्यमों से सरकारी योजनाओं का प्रचार करेगा एनएसएस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवकों को डिजिटल माध्यमों के जरिए सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित करना रहा।


कार्यक्रम अधिकारी बी.के. प्रधान के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने आमजन को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए एनएसएस की फेसबुक आईडी और यूट्यूब चैनल का निर्माण किया। इस पहल के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साझा की जाएगी।

प्राचार्य प्रो. शिवकुमार सिंह ने कहा कि डिजिटल साक्षरता के इस दौर में स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी है कि वे तकनीक का सकारात्मक उपयोग कर समाज के लोगों तक सही और प्रमाणिक जानकारी पहुंचाएं। उन्होंने डिजिटल साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके प्रभावी उपयोग के बारे में भी विस्तार से बताया।

कार्यक्रम अधिकारी बीके प्रधान ने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना है और डिजिटल प्लेटफॉर्म इस दिशा में एक सशक्त माध्यम साबित होंगे। अंत में स्वयंसेवकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार करने का संकल्प लिया।

# मैरिज हॉल के सामने खड़ी तीन गाड़ियों में लगी आग

■ एक्सयूवी कार में आग लगने के बाद दो कार आ गई चपेट में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मिलन बैंकट हाल के सामने खड़ी एक एक्सयूवी कार में आग लग गई। आग लगने से वहां खड़ी दो अन्य गाड़ियों भी उसकी जद में आ गईं। कारों में आग लगने से वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार हकीम जी उर्फ अकील अहमद (हिंदुस्तान यूनिलीवर) की एक्सयूवी कार पंजाबी कॉलोनी पावर हाउस रोड पर मिलन बैंक्वेट हॉल के पास खड़ी थी। बुधवार को अचानक अज्ञात कारणों से कार में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि बगल में खड़ी शकील सेठ की अल्टो कार और मोहम्मद आजम की स्विफ्ट डिजायर भी आग की चपेट में आ गई। कारों से लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया, वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग लगने की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया और काफी प्रयास के बाद स्थिति को नियंत्रित किया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संदिग्ध हालत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव रत्नानंदपुर में बुधवार को युवक का शव पेड़ से लटका मिला। संदिग्ध हालत में हुई युवक की मौत पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर मामला संदिग्ध बताया है।

क्षेत्र के गांव रत्नानंदपुर के रहने वाले 25 वर्षीय महेश कुमार की शादी 10 माह पहले क्षेत्र के गांव बरखना हरचंदपुर की कुसुम से हुई थी। बताया जाता है कि महेश कुमार रुद्रपुर की प्राइवेट फैक्टरी में नौकरी करता था। महेश कुमार 8 फरवरी को अपनी पत्नी कुसुम को लेकर ससुराल गांव बरखना हरचंदपुर गया था, और वहां से सीधे रूद्रपुर चला गया था।

आज बुधवार को उसका शव गांव में एक पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने उसकी महेश कुमार के रूप में पहचान की। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। महेश कुमार का हेलमेट, कपड़ों का बैग और बाइक स्थल पर पड़ी थी। इस मामले की जानकारी मिलने पर मृतक की पत्नी कुसुम अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंच गई। उसने बताया कि उनका पति 8 फरवरी को उसे छोड़कर सीधे रूद्रपुर चले गए थे, पत्नी ने घटना को संदिग्ध बताया।

दूसरी ओर मृतक के भाई नरेन्द्र कुमार द्वारा पुलिस को तहरीर देकर घटना को संदिग्ध बताते हुए इसकी जांच कर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विधवा महिला ने जेठ-देवर पर मारपीट और उत्पीड़न का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विधवा महिला ने अपने जेठ और अन्य ससुरालीजनों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस मामले में अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, महिला के पति का करीब डेढ़ वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद से ही उसके जेठ नंदकिशोर उर्फ नंदू, गिरिराज पुत्र जमुना प्रसाद, नन्द धीरज मिश्रा तथा अन्य परिजन आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं।

पीड़िता का कहना है कि 9 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे जब वह घर के बाहर कूड़ा डालने गई थी, तभी आरोपियों ने उसे घेर लिया, मारपीट की और अभद्र गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि उसकी 11 वर्षीय छोटी बेटी भी है और यह लोग उसे घर से भगाने का प्रयास कर रहे हैं।पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# शिया मुस्लिमों ने सेंथल में फूंका पाकिस्तान का पुतला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** इस्लामाबाद (पाकिस्तान) आतंकवादियों द्वारा शिया मस्जिद को बम धमाके से उड़ा दिया गया, जिसमें जिसमें बड़ी संख्या में नमाजी व बच्चें मारे गये।

आक्रोशित शिया मुस्लिमों ने सेंथल नगर में मोमबत्ती जलाकर जुलूस निकाला, पाकिस्तान मुर्दाबाद व आतंकवाद का एक स्थान पाकिस्तान-पाकिस्तान के नारे लगाकर पुतला फूँका व अपने धार्मिक स्थलों की सड़क के सामने पाकिस्तान मुर्दाबाद लिखकर आक्रोश जाहिर किया व मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे भी मौजूद रहे। जामिन अजहर नकवी, याकूब अली जैदी, जौहर अब्बास उर्फी, वसीम जैदी, शारिफ जैदी, एहसन जैदी, हसन जहीर, अकबर जहीर, अयाज जैदी, शारिक हसनैन, अम्मार जैदी, अरमान हुसैन, आबिस हसनैन, रशद जैदी, मुहद्दीस मेहंदी, हसन मियाँ, शकील जैदी, तंजीम जैदी, अली शहीर जैदी, नईम जैदी, जिया जैदी आदि लोग रहे। वहीं भाजपा व हिन्दू युवाओं ने भी इस घटना पर बैठक रोष व्यक्त किया व मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जिला पंचायत का टांडा सादात में नाला निर्माण शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** जिला पंचायत सदस्य मुन्ने अंसारी लियाकती के प्रयासों से गांव टांडा सादात में नाले का निर्माण शुरू हो गया है जिससे गांव में खुशी की लहर है। मुन्ने अंसारी ने बताया कि गांव के लोगों को पानी निकासी की दिक्कतों का लंबे वक्त से सामना करना पड़ रहा था, गांव टांडा सादात उनके चुनाव क्षेत्र का हिस्सा है इस लिए उनकी जिम्मेदारी बनती थी कि वह गांव वालों को समस्या से निजात दिलाएं, उनके प्रयास से नाला मंजूर हुआ और निर्माण शुरू करा दिया गया है।

तीन सौ गज की लंबाई का यह नाला कब्रिस्तान से शुरू होकर अब्दुल गफूर के राइस मिल से होता हुआ हामिद खां की टॉल पर जाकर समाप्त हुआ है। ग्राम प्रधान इशाक अहमद, पूर्व प्रधान रफीक अहमद वालीम, बीडीसी सदस्य एजाज अहमद, गुलाम गौस, पूर्व प्रधान शकील अहमद, बबलू इदरीसी, नाजिम अंसारी सहित तमाम लोगों ने नाला निर्माण को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# बिना चिकित्सकीय परामर्श एंटीबायोटिक का प्रयोग न करें: सीएमओ

■ एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस से बचाव हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० विश्राम सिंह ने आमजन से अपील की है कि बिना चिकित्सक की सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन न करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया और इंटरनेट पर उपलब्ध अपूर्ण जानकारी के आधार पर लोग स्वयं दवाएं लेना शुरू कर देते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है।

सीएमओ ने बताया कि सामान्य सर्दी-जुकाम, बुखार या हल्के संक्रमण में भी लोग मेडिकल स्टोर से सीधे एंटीबायोटिक खरीदकर सेवन करने लगते हैं, जबकि यह प्रवृत्ति अत्यंत हानिकारक है। एंटीबायोटिक दवाओं का गलत और अनियंत्रित उपयोग शरीर में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस (दवा प्रतिरोधक क्षमता) विकसित कर देता है। इससे भविष्य में गंभीर बीमारियों के उपचार में वही दवाएं असर करना बंद कर देती हैं और इलाज जटिल हो जाता है। कई मामलों में यह स्थिति जानलेवा भी साबित हो सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एंटीबायोटिक दवाएं केवल चिकित्सकीय जांच, उचित परामर्श और निर्धारित अवधि तक ही लेनी चाहिए। दवा को बीच में बंद कर देना या मनमाने तरीके से सेवन करना संक्रमण को और अधिक खतरनाक बना सकता है।

डॉ० विश्राम सिंह ने बताया कि जनपद बरेली के सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को समझाएं कि बिना चिकित्सकीय परामर्श एंटीबायोटिक का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग ही भविष्य में गंभीर संक्रमणों से सुरक्षा की गारंटी है। जागरूकता और सावधानी ही इस बढ़ती समस्या का प्रभावी समाधान है।



भाजपा का विदाई बजट है। इसमें युवा, महिला, किसान, दलित, पिछड़ों के लिए कुछ नहीं है। यूपी का जितना बजट है। उतना ही यूपी पर कर्ज है। प्रदेश के हर व्यक्ति पर कर्ज बढ़ता जा रहा है।

**मुहम्मद साजिद**
**प्रदेश प्रवक्ता समाजवादी पार्टी**

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

एक नजर

## हंगामा समिति ने किया कांवरतियों का स्वागत



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा फलों, लड्डू, बिस्कुट, मूंगफली, रेवड़ी आदि के पैकेट बनाकर कांवरतियों को प्रसाद के रूप में वितरित किये गए व साथ ही पुष्प वर्षा करके कांवड़ ला रहे श्रद्धालुओं का स्वागत खारी कुआं मार्केट में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के संरक्षक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता द्वारा भगवान शिव, माता पार्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, डॉ. प्रिंस गुप्ता, गौरव दुआ, कंचन प्रिंस गुप्ता, कामेश गुप्ता, नीलम गुप्ता, शशिबाला शर्मा, शीतल, रवि गुप्ता, कार्तिक, कुमुद जैन, विभु जैन, सचिन जैन, यतेन्द्र शर्मा एडवोकेट, सौरव मालपानी, चंचल शर्मा, विशाखा शर्मा आदि द्वारा कांवड़ ला रहे श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। समिति के संरक्षक राजू गुप्ता द्वारा समिति की ओर से कांवड़ ला रहे श्रद्धालुओं को सनातन सारथी सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। हर वर्ष की भांति समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा मुख्य बाजार व अन्य स्थानों पर शिवरात्रि पर जल अभिषेक करने हेतु पावन गंगाजल व बेलपत्र, घतुरा वितरित किया।

## कला, कौशल और तकनीक की जानकारी दी




**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा की उपस्थिति में ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में कौशल विकास हेतु युवा के अंतर्गत द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आज एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'नारी शक्ति: कला, कौशल और तकनीक' रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उपयोगी एवं रोजगारपरक कौशलों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में योग शिक्षिका श्रीमती ज्योति एवं डॉ. मीनाक्षी सिंह उपस्थित रहीं। डॉ. मीनाक्षी सिंह द्वारा स्वयंसेविकाओं को कढ़ाई-एंब्रॉयडरी एवं मेहंदी कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही नौरंगाबाद की महिलाओं ने भी स्वयंसेविकाओं से इन कलाओं की तकनीकें सीखी और अपने अनुभव साझा किए। छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ इन कलाओं की बारीकियाँ सीखीं और सिखाई और सुंदर डिजाइन तैयार किए। शिविर में स्वयंसेविकाएं महक बानो, अनुष्का, भावना, टीना शर्मा, गार्गी, सुनैना, मरियम, अनुष्का, इलमा आदि स्वयंसेविकाओं ने इस प्रशिक्षण में सराहनीय भूमिका निभाई। शिविर के संचालन में मनोज, अर्जुन, श्रीमती संतोष का सहयोग रहा।

## राधा इंटर कॉलेज में फेयरवेल समारोह



**धामपुर।** राधा इंटर कॉलेज मे कक्षा 12 की छात्राओं के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11 की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समापन वर्ष की छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रवि कुमार एवं अनु राजपूत द्वारा मां सरस्वती के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। फेयरवेल समारोह के दौरान छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल के रूप में ईशा रानी का चयन किया गया, जिन्हें विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ अध्यापकों द्वारा ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने 18 फरवरी से प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में छात्राओं को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा परीक्षा को तनावमुक्त होकर देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अंकिता, चारु पाल, ललिता, सुहानी, छवि, वर्षिका, मोनिका, पलक सहित अनेक छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## उमंग तातरान का नेशनल शूटर में चयन



**हल्दौर।** नगर में स्थित जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में कक्षा 12 के छात्र उमंग तातरान ने दिल्ली में आयोजित 66 वीं शुटिंग प्रतियोगिता में नेशनल शूटर में चयन होने पर विद्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली में स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज का चार जनवरी को 66 वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी स्कूल के कक्षा 12 वीं के छात्र उमंग तातरान ने प्रतियोगिता में शामिल होकर 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल यूथ प्रतियोगिता में 533 अंक व 19 वीं रैंक हासिल कर अव्वल स्थान प्राप्त कर अपने जनपद व विद्यालय का नाम रोशन किया। मंगलवार को उमंग तातरान के विद्यालय पहुंचने पर उनके सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने छात्र उमंग तातरान को नेशनल स्तर की शूटिंग में चयन होने पर पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने छात्र की इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया। साथ ही उन्होंने उमंग के पूरे परिवार को भी मंच पर आमंत्रित कर शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया, जिससे अभिभावकों का उत्साह और विश्वास और अधिक बढ़ा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रवक्ता विकास पंकज ने छात्र उमंग तातरान को बधाई देते हुए कहा कि उमंग की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी वह देश और विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगा। उन्होंने उमंग और उसके परिवार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रस्तुत की। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने अपने संबोधन में घोषणा की कि जो भी विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में जिला स्तर पर टॉप करेगा उसे भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास विकसित हो। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। विद्यालय प्रशासन ने यह भी बताया कि जी.एस.एन. इंटरनेशनल एकेडमी शिक्षा के साथ-साथ खेलों, अनुशासन और सर्वांगीण विकास को विशेष महत्व देता है।

# इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज के बाद मारपीट

## इंटर कॉलेज में छात्रों के दो गुट भिड़े, बस स्टॉप पर जमकर मचाया हुड़दंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हीमपुर दीपा।** थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित बस स्टॉप पर उस समय दर्जनों छात्रों और असामाजिक तत्वों का हुजूम लग गया, जब इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज को लेकर एक छात्र ने दूसरे छात्र को पीट दिया और पिटने वाले छात्र ने ग्राम में फोन कर भीड़ बुला ली। दर्जनों की संख्या में भीड़ और सड़क पर आवारागर्दी देख स्थानीय लोग भी हैरान थे। वहीं सूचना पाकर बस स्टॉप पर पहुंची पुलिस ने दो-तीन छात्रों को गाड़ी में डाल लिया और कॉलेज पहुंच गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मारूफपुर निवासी दयानंद जनता इंटर कॉलेज के कक्षा दस के एक छात्र ने बताया कि सब्दलपुर निवासी कक्षा आठ का दूसरा छात्र इंस्टाग्राम पर न केवल गालियां देता है बल्कि रात को कॉल कर उसकी बहन को भी परेशान करता है। जिसके चलते उसे कई बार समझाया गया। आज भी कॉलेज के फील्ड में उससे बात हुई, तो हाथापाई शुरू हो गई। मारपीट के बाद वह पेपर देने स्कूल परिसर में चला गया। जबकि पिटा हुआ युवक अपना पेपर देकर घर जा रहा था। जिसने ग्राम से दर्जनों की संख्या में भीड़ को बुला लिया। उधर सूचना पाकर हीमपुर दीपा पुलिस ने इस भीड़ में मौजूद पिटने वाले युवक और उसके एक साथी को भी गाड़ी में बैठा लिया और कॉलेज पहुंच गई। जहां कॉलेज से पीटने वाले छात्र को भी उठा लिया गया।

हैरानी की बात यह रही की कॉलेज का स्टाफ कॉलेज परिसर में मौजूद था। परंतु किसी ने भी न तो पुलिस से विद्यालय में आने की वजह पूछी, न ही नाबालिग छात्र को ले जाने का कारण पूछा। जब पुलिस छात्र को क्लासरूम से विद्यालय के बाहर फील्ड में ले आई तब पत्रकार परीक्षित गुप्ता ने जानकारी के उद्देश्य से प्रधानाचार्य योगेश कुमार से विद्यालय में पुलिस के आने का कारण पूछा तो विद्यालय के अध्यापकों की नींद टूट गई। इसके बाद छात्रों के दोनों गुटों को प्रधान अध्यापक के कक्ष में ले जाया गया और उनके परिजनों को बुलाकर चेतावनी दी गई।

## बिजली बकाया वसूली को गई टीम से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम मुंडाखेड़ी में बकाया विद्युत बिल की वसूली के दौरान बिजली विभाग की टीम के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि उपभोक्ता और उसके पुत्र ने न केवल कर्मचारियों से हाथापाई की बल्कि मोबाइल फोन तोड़ दिया और सरकारी दस्तावेज भी फाड़ डाले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

ताजपुर बिजलीघर में तैनात टीजी-2 रामपाल सिंह अपनी टीम के लाइनमैन योगन कुमार व अतुल कुमार के साथ बकाया वसूली अभियान पर निकले थे। विभागीय अभिलेखों के अनुसार ग्राम मुंडाखेड़ी निवासी रोहताश सिंह पुत्र कूड़े सिंह पर 43,504 रुपये का बिजली बिल बकाया था। टीम जब उपभोक्ता के घर पहुंची और भुगतान करने को कहा, तभी विवाद की स्थिति बन गई। टीजी-2 रामपाल सिंह का आरा. प है कि रोहताश सिंह और उसके पुत्र कामेश यादव ने गाली-गलौच शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट की। इस दौरान कर्मचारियों का मोबाइल फोन छीनकर जमीन पर पटक कर तोड़ दिया गया। साथ ही बिच्छेदन बुक सहित अन्य सरकारी कागजात भी छीनकर फाड़ दिए गए। घटना के बाद बिजलीकर्मियों ने थाना पहुंचकर तहरीर दी।

पुलिस ने रोहताश सिंह और कामेश यादव के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट, धमकी और सरकारी दस्तावेज नष्ट करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## 28 फरवरी तक बकायादारों के लिए सुनहरा मौका : प्रजापति

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**स्योहारा।** विद्युत विभाग ने बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं को अंतिम अवसर देते हुए ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 घोषित की है।

स्योहारा के उपखंड अधिकारी एसडीओ जी.डी. प्रजापति ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है ताकि वे अपने बकाया बिलों का निस्तारण रियायत के साथ कर सकें। जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बकाया चल रहा है उनके लिए यह सुनहरा अवसर है कि वे 28 फरवरी से पहले अपना बकाया जमा कर आर्थिक राहत प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि विभाग की मंशा किसी उपभोक्ता को परेशान करना नहीं बल्कि उन्हें सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध कराना है, लेकिन इसके बावजूद यदि निर्धारित समय सीमा तक बकाया जमा नहीं किया गया तो मार्च माह से सख्त विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। इसमें बकाया वसूली अभियान, कनेक्शन विच्छेदन तथा अन्य विधिक कार्रवाई शामिल हो सकती है।

# एमकेडी एकेडमी में वार्षिकोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



### छात्र-छात्राओं ने मंच पर दी आकर्षक प्रस्तुतियां

**नहटौर।** नगर के हल्दौर रोड स्थित एमकेडी अग्रिम एकेडमी का वार्षिकोत्सव आज बड़े ही भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा मंच पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ माता कमला देवी एवं उनके सुपुत्र राजेश अग्रवाल (एलआरएस ग्रुप ऑफ कॉलेज व माता कमला देवी ग्रुप ऑफ स्कूल), सीमा अग्रवाल, एकेडमी के प्रबन्धक अंकित अग्रवाल, प्रधानाचार्या एड. तृप्ति अग्रवाल, नैना मित्तल व स्वर्ण मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के शुभारम्भ के मौके पर विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई मनमोहक व देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान फन्नी डान्स, क्लासिकल डांस, पंजाबी थीम आदि ने सभी का मन मोह लिया। इसी दौरना बॉलीवुड थीम पर दी गयी ऑपरेशन सिन्दूर की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। देर तक चले कार्यक्रम के दौरान वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान होता रहा। इस अवसर पर एकेडमी प्रबंधन की ओर से इस वर्ष नहटौर क्षेत्र के सभी विद्यालयों से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र आयुष पुत्र अमित को 5100 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर संस्था के प्रबंध निद. शक राजेश अग्रवाल ने कहा कि एमकेडी महिला महाविद्यालय व उसके बाद एमकेडी अग्रिम एकेडमी खोलने की प्रेरणा उन्हें उनकी माता कमला देवी से मिली। उन्होंने कहा कि स्थापना वर्ष से ही एकेडमी निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और इसमें सर्वाधिक योगदान यहां के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का रहा है। उन्होंने एकडमी के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि माता कमला देवी विशेष स्कॉलरशिप योजना के तहत आगामी सत्र 2026-27 के लिए 28 फरवरी 2026 तक नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आने जाने हेतु यातायात सुविधा का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके साथ ही आगामी वर्ष में नहटौर क्षेत्र के सभी विद्यालयों से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र को 11 हजार का चेक प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से कुलदीप कान्त शर्मा, सुभाष, सुरभि, शैली, गुल्फशां रिया, शिवांगी, ज्योति, सपना उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन व सफल संचालन में एकेडमी के सभी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# एसडीएम ने किया कांवड़ यात्रा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नजीबाबाद।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट मोड में है। बुधवार दोपहर करीब एक बजे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और क्षेत्राधिकारी (सीओ) ने थाना मंडावली व नजीबाबाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान तैनात पुलिस बल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम और सीओ ने कांवड़ मार्ग पर लगाए गए बैरिकेडिंग, पुलिस पिकेट, यातायात व्यवस्था और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने यह भी देखा कि कांवड़ियों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा तो नहीं आ रही है और आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं या नहीं। अधिकारियों ने मार्ग से गुजर रहे कांवड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लागू किए गए डायवर्जन प्लान की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भारी वाहनों का प्रवेश निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से ही कराया जाए और स्थानीय नागरिकों को भी असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा जाए। एसडीएम और सीओ ने समस्त संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुव्यवस्थित और जिम्मेदारी के साथ करें। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वह निर्धारित मार्ग का पालन करें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हो सके।

# मदरसों में एमआर टीकाकरण अभियान

## खसरा-रूबेला का टीका लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नगीना।** कोतवाली ब्लॉक के मदरसों में खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। यह अभियान 27 फरवरी तक चलाया जाएगा, जिसके तहत कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले बच्चों को एम-आर टीके की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को खसरा और रूबेला जैसी गंभीर और संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित करना है।

कोतवाली ब्लॉक के विभिन्न मदरसों में एम-आर टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएचसी के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि पूरे ब्लॉक में इस अभियान के अंतर्गत कुल 19 सत्रों का आयोजन किया गया है। प्रत्येक सत्र में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों का सुरक्षित तरीके से टीकाकरण किया जा रहा है। डॉ. विशाल दिवाकर ने अपनी स्वास्थ्य टीम के साथ क्षेत्र के मदरसों में आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण की प्रक्रिया, बच्चों की उपस्थिति और रिकॉर्ड संधारण की जानकारी ली। टीम ने मदरसों के भ्रमण के दौरान वहां के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों से संवाद कर एम-आर टीकाकरण के महत्व को समझाया। डॉ. विशाल दिवाकर ने प्रधानाचार्यों से अपील की कि वे बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक करें, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के उन सभी बच्चों को एम-आर टीके की अतिरिक्त खुराक दी जा रही है, जिन्हें पूर्व में यह टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि खसरा और रूबेला दोनों ही अत्यंत संक्रामक रोग हैं, जो बच्चों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि खसरा रोग से बच्चों में निमोनिया, दस्त, कुपोषण और यहां तक कि दृष्टिहीनता जैसी गंभीर जटिलताएं भी हो सकती हैं। वहीं, रूबेला संक्रमण यदि गर्भवती महिला को हो जाए, तो नवजात शिशुओं में जन्मजात विकृतियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। डॉ. विशाल दिवाकर ने स्पष्ट किया कि एम-आर टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है तथा यह बच्चों को इन दोनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें और अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।

एक नजर

## कृमि संक्रमण से बचाव को दवा वितरित



**नगीना।** कोतवाली ब्लॉक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान चलाया गया। इस दौरान 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए एल्बेंडाजोल टैबलेट दी गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और शैक्षणिक विकास को सुनिश्चित करना था। अभियान में ब्लॉक के सभी सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, मान्यता प्राप्त वित्त पोषित स्कूलों, मदरसों और केंद्रीय विद्यालयों को शामिल किया गया। इन सभी संस्थानों में बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए दवा वितरित की गई। चिकित्सा प्रभारी नगीना डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम वर्ष 2016 से लगातार संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाना और उनके स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार करना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कोतवाली ब्लॉक क्षेत्र के सभी निजी, सरक. ारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों के साथ साथ स्कूल न जाने वाले बच्चों के लिए सवा लाख टैबलेट्स प्राप्त हुईं। अभियान के दौरान शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की देखरेख में बच्चों को यह दवा खिलाई गई। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को मॉप अप डे आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत वंचित बच्चों को टैबलेट्स खिलाई जाएंगीं। इस दौरान डा. विशाल दिवाकर के साथ हर्षित विश्नोई बीपीएम, एआरओ अमन बंसल, डॉ. जैदी, सत्ती सिंह, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. नवेद इकबाल, संजय सिंह, शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

## महासम्मेलन की सफलता को संपर्क



**बिजनौर।** 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर आज जनपद के विद्यालयों एवं कार्यालयों में संपर्क किया। इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता के लिए सहयोग एवं समर्थन व अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। संपर्क में कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष सतीश चौधरी, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, जिला मंत्री सुधांशु शर्मा, राज्य संयुक्त कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह, जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष सुरभी सिंह, इरिगेशन मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष विरेंद्र कुमार, माधुरी गौड़, फूलचंद सिंह चंदेल, मोहित शर्मा, निकुल कुमार, पुनीत अग्रवाल, विजयपाल सिंह, हेम. राज गौतम, अमर सिंह, राजीव कश्यप, लतीफअहमद, विपिन कुमार, संजय सेन, संजय त्यागी, त्रिलोक चंद, ममता शर्मा, दीपक कुमार, मेहताब अहमद, पवन कुमार, संजुल त्यागी, अंशुल कुमार, दीपक कुमार आदि से किया गया।

## कांवड़ियों को 24 घंटे मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं



**नगीना।** कांवड़ियों को 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए हैं। इनमें डॉक्टर, फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इनके अलावा सरकारी अस्पताल में आवश्यकतानुसार बेड रिजर्व किए गए हैं और विशाल पंडाल की व्यवस्था भी की गई है। कांवड़ यात्रा की शुरूआत हो गई है। हालांकि नगर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की भीड़ अभी कम है। स्वास्थ्य विभाग ने दो जगह चिन्हित कर स्वास्थ्य कांवड़ शि. विर लगा दिए हैं। इन कांवड़ स्वास्थ्य शिविरों में डॉक्टर, फार्मासिस्ट और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। शिविर में कांवड़ियों को 24 घंटे की स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए डॉक्टरों, फार्मासिस्टों और कर्मचारियों को अलग-अलग शिफ्टों में तैनात कर दिया है। बुंदकी-बढ़ापुर तिराहा, गौसपुर चौराहा और नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मोबाइल यूनिट खड़ी रहेंगी। स्वास्थ्य कांवड़ शिविरों पर निगरानी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यहां से सभी कांवड़ स्वास्थ्य शिविरों पर नजर रखी जाएगी।

## ईंट भट्टों पर स्वास्थ्य टीम पहुंची



**नगीना।** नगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने क्षेत्र के ईंट भट्टों पर शिविर लगाये। इस दौरान मजदूरों और महिलाओं को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को कुष्ठ रोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। सीएचसी नगीना के चिकित्सा प्रभारी डॉ विशाल दिवाकर ने बताया कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है और न ही यह स्पर्श करने से फैलता है। उन्होंने सलाह दी कि यदि शरीर पर किसी प्रकार का सफेद या हल्के रंग का दाग दिखाई दे, या किसी अंग में सुन्नता महसूस हो, तो इसे नजरअंदाज न करें। उन्होंने तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लेने की बात कही। डॉ. विशाल दिवाकर ने यह भी बताया कि कुष्ठ रोग का इलाज पूरी तरह संभव है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। समय पर उपचार से रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है और समाज में किसी प्रकार की भ्रांति या भेदभाव की आवश्यकता नहीं है।

## चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** कैमिस्ट एसोसिएशन श्री महाकाली सेवादल नजीबाबाद के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा सेवा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कांवरियों द्वारा फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रवण कुमार, किशोर कुमार, शुभम नामदेव, कोमल, वरुण कौशिक, अंकित अग्रवाल, ओमपाल सिंह, सचेत कुमार शर्मा, गौरव राजपूत, अजय नामदेव, आशुतोष, विक्की चौहान, अनुज, हिमांशु, अतुल रोहिल्ला आदि उपस्थित रहे। इसी के साथ-साथ नगर पालिका नजीबाबाद अधिशासी अधिकारी प्रिंस कुमार और नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मौज्जम खां द्वारा सेवा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कांवड़ियों को फल वितरित किए गए। शिविर का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी प्रिंस कुमार और पालिका अध्यक्ष इंजी. मौअज्जम के द्वारा फीता काट कर किया गया।

# प्रेम जाल में फंसाकर विधवा से बनाए संबंध

## शादी का दिया था भरोसा, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडोली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर एक विधवा महिला से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से मुकरने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने संभल जनपद निवासी आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि उसके पति की 11 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई थी। परिवार की आजी. विका चलाने के लिए महिला ने क्षेत्र में ही कॉस्मेटिक की दुकान खोल ली। इसी दौरान उसकी पहचान संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मातीपुर निवासी युवक मोहम्मद शान से हुई। आरोप है कि मोहम्मद शान ने शादी करने का वादा कर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद कई बार शारीरिक संबंध बनाए लेकिन अब वह शादी से इनकार कर कहीं चला गया। महिला का कहना है कि जब उसने आरोपी मोहम्मद शान पर शादी का दबाव बनाया तो उसने गाली-गलौज की और दोबारा शादी की बात करने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मोहम्मद शान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर निस्तारण के निर्देश

## डीएम निधि गुप्ता वत्स ने किया नगर पालिका का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बुधवार को नगर पालिका का वार्षिक औचक निरीक्षण कर प्रशास. निक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेखा अनुभाग, निर्माण व जलकर विभाग, गृहकर एवं जन्म-मृत्यु विभाग, अधिशासी अधिकारी कार्यालय, रैन बसेरा, स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता सेल तथा आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) सेंटर सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया।



डीएम ने सबसे पहले लेखा अनुभाग की समीक्षा करते हुए सफाई कर्मचारियों की संख्या, उनकी तैनाती, नियमित व संविदा कर्मचारियों का विवरण तथा कार्य विभाजन पत्रावली का अवलोकन किया। अधिष्ठान शाखा में सर्विस बुक की जांच की गई, जो पूर्ण पाई गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जो बैंक अकाउंट्स निष्क्रिय हैं, उन्हें शासन से पत्राचार कर बंद कराया जाए। साथ ही टीडीएस कटौती, एनपीएस एंट्री और लंबित विभागीय कार्रवाइयों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने विभिन्न फंडों व अनुदानों की स्थिति, प्राप्त धनराशि और व्यय की प्रगति की भी समीक्षा की। कर एवं करेतर वसूली की प्रगति पर असंतोष जताते हुए वसूली प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। गृहकर व जन्म-मृत्यु विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े सभी आवेदनों का निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से निस्तारण किया जाए, ताकि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने वार्डवार टैक्स वसूली की समीक्षा करते हुए गृहकर वसूली को ई-पॉश मशीन के माध्यम से डिजिटल करने के निर्देश दिए, जिससे आम नागरिकों को सुविधा और कर्मचारियों को पारदर्शी व्यवस्था मिल सके। स्वच्छता व्यवस्था पर जोर देते हुए डीएम ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन प्रणाली को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने तथा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की समीक्षा कर उसमें तेजी लाने को कहा। परिसर निरीक्षण के दौरान लटकते विद्युत तारों को ठीक कराने, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग में गाड़ी लगाने के नाम पर ढाई लाख ठगे

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर कोतवाली क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग में गाड़ी लगवाने के नाम पर ढाई लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरा. ेपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला कोट निवासी मुबशिर पुत्र जुल्फेकार अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मुलाकात अजहर के माध्यम से सुबोध नगर निवासी धीरज शर्मा उर्फ विक्की पुत्र राकेश शर्मा से हुई थी। आरोप है कि धीरज शर्मा ने उसे बताया कि नगर पालिका परिषद अमरोहा के स्वास्थ्य विभाग में दो गाड़ियां लगनी हैं, जिनका किराया दस हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा। पीड़ित के अनुसार जब उसने निवेश के बारे में पूछा तो आरोपी ने तीन लाख रुपये में गाड़ी उपलब्ध कराने और हर महीने दस हजार रुपये किराया दिलाने का भरोसा दिया। इस पर उसने पांच जनवरी 2025 को अजहर की मौजूदगी में ढाई लाख रुपये नकद धीरज शर्मा को दे दिए। आरोप है कि गाड़ी स्वास्थ्य विभाग में लगने के बाद भी आरोपी ने किराये की रकम का एक भी रुपया नहीं दिया। पीड़ित का कहना है कि जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करता रहा। उसके पास बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। पीड़ित ने आरा. ेपी पर ठगी का आरोप लगाते हुए मुक. दमा दर्ज कर धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। नगर कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# कांवड़ियों के आवागमन से सड़कों पर बढ़ी रौनक

## सुरक्षा के प्रति पुलिस-प्रशासन अलर्ट, बम भोले के उद्घोषों की गूंज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक को कांवड़ियों का आवागमन शुरू होने से धनौरा बिजनौर मार्ग पर रौनक बढ़ गई है और बम भोले के उद्घोष गूंज रहे हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। कई स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं और पुलिस पिकेट तैनात है।



बता दें कि देश मे 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे। कांवड़ियों के जत्थों को देखकर नगर के।लोगों की आस्था हिलौरे मार रही है। न केवल जनपद अमरोहा बल्कि बुलंदशहर, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, सम्भल, रामपुर आदि तक के शिवभक्त कांवड़ियों के जत्थे में शामिल हैं। बुधवार को धनौरा मार्ग पर जा रहे बुलंदशहर के जत्थे में शामिल राजेश, नरोत्तम, प्रीतम आदि ने बताया कि वह हर साल हरिद्वार से फाल्गुन माह की कांवड़ लेकर अपने शिवालय में भोले बाबा का जलाभिषेक करते हैं। भगवान शिव अपने भक्तों की मुरादें पूरी करते हैं। वहीं कांवड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस तैंतात रही। सीओ अंजलि कटारिया और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने कांवड़ मार्ग का जायजा लिया और अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए।

### जगह-जगह लगे हैं सेवा शिविर

**गजरौला।** कांवड़ियों की सेवा के लिए धनौरा मार्ग पर जगह जगह सेवा शिविर लगे हैं। जहां पर कांवड़ियों के ठहरने, भोजन और विश्राम करने की सभी सुविधा उपलब्ध हैं। यहां पर दवा की व्यवस्था भी समाजसेवियों द्वारा की गई है। यहां पर सेवादारों द्वारा कांवड़ियों की कांवड़ पकड़कर उन्हें आराम कराया जा रहा है।

# स्कार्पियो ने बाइक सवार युवक को कुचला

## संभल मार्ग पर हुआ हादसा, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** संभल मार्ग पर मंगलवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। बेहतर उपचार के लिए परिजनों ने युवक को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामले में स्कॉर्पियो के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिजनौर जिले के कस्बा झालू निवासी सागर अमरोहा शहर के मोहल्ला बटवाल में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। मंगलवार को वह किसी जरूरी काम से बाइक से संभल गया था। देर रात सागर संभल से अमरोहा लौट रहा था। संभल-जोया मार्ग पर गांव पलौला के सामने से गुजरते में सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सागर गंभीर घायल हो गया जबकि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, हादसा अंजाम देने वाला चालक मौके से स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही अमरोहा से परिजन भी घटनास्थल पहुंच गए, घायल सागर को तुरंत जोया सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में स्कॉर्पियो के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### अमरोहा में एम्स हॉस्पिटल की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिलाधिकारी को केंद्रीय लोक शिकायत निवारण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आलम मलिक एडवोकेट जी के नेतृत्व में एम्स अस्पताल को अमरोहा में स्थापित करने की मांग के लिए ज्ञापन दिया आपको बताते चलें की हाल ही में नए बजट में केंद्र सरकार द्वारा पश्चिम उत्तर प्रदेश में एम्स अस्पताल की घोषणा की गई थी जिसके उपरांत संगठन ने उक्त अस्पताल को अमरोहा में बंद पड़ी कताई मील में या अन्य कोई भूमि चिन्हित कर एम्स अस्पताल को अमरोहा में बनवाने की मांग की जिसमें जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जिसमें दानिश मलिक, युवा समाजसेवी मजहर मलिक, अंकित यादव, फरमान, आसिफ रजा, अल्ताफ, अजब सिंह आदि लोग रहे।

### बैंकेट हाल के बाहर से ई-रिक्शा चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े ई-रिक्शा चोरी की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। अमरोहा रोड स्थित राजमहल बैंकट हॉल के बाहर खड़ी मयूरी ई-रिक्शा को अज्ञात चोर चुरा ले गए। पीड़ित ने घटना की सूचना थाने में देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, गजरौला थाना क्षेत्र के सैफी नगर निवासी हारून पुत्र अमीर बख्श बुधवार दोपहर अपनी मयूरी ई-रिक्शा लेकर राजमहल बैंकट हॉल में एक दावत में शामिल होने पहुंचे थे। हारून ने ई-रिक्शा बैंकट हॉल के बाहर खड़ी की और अंदर भोजन करने चले गए। जब कुछ देर बाद वापस लौटे तो ई-रिक्शा मौके से गायब मिली।

### बुर्के की आड़ में चोरी करने वालों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बुर्के की आड़ में कपड़े चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया। गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जराफत पुत्र खिलाफत, निवासी पुख्ता सराय, थाना गलशहीद वर्तमान पता मुगलपुरा, मुरादाबाद तथा दो महिला अभियुक्ता शाबान उर्फ फराना पत्नी अख्तर और फराना उर्फ ईश्वरी पत्नी आजाक उर्फ बब्लू, निवासी जामा मस्जिद पार्क के पास, थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया।आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 05 साड़ियां, 02 सूट और घटना में प्रयुक्त सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

# उच्च प्राथमिक वर्ग में सबसे तेज दौड़े सुभान व आरती

## ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता बुधवार को नगर रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल में संपन्न हुई। क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। छात्र-छात्राओं ने दौड़, कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, खो- खो, कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की। आयोजित खेलों में प्राथमिक बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में दक्ष, सौरभ व अरमान, 100 मीटर में अयान, उस्मान व वंश, 200 मीटर में अयान, अलीशान व उस्मान, 400 मीटर में सौरभ, जियान व अर्पित क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। लंबी कूद में सौरभ प्रथम रहे जबकि खो-खो व कबड्डी में पीएस गडावली के बच्चे विजयी रहे। प्राथमिक स्तर के खेलों में बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ रिमशा, रीना व महनूर, 100 मीटर में सुबुल, शिफा समैया, 200 मीटर में शहनुमा व शिफा, 400 मीटर में शहनुमा, समैया व रिमशा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में पल्लवी प्रथम व रीना द्वितीय रहीं। खो-खो में पीएस गडावली व कबड्डी में पीएस फत्तेपुर के बच्चे विजयी रहे। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रिंश, यश व सुमित, 200 मीटर में प्रिंश व दिव्यांशु, 400 मीटर में कपिल, अमन व हर्ष, 600 मीटर में सुभान व समद, लंबी कूद में इस्माइल, तुषार व प्रिंस क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक में हर्ष व चक्का फेंक में प्रिंस प्रथम रहे। उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में तनु, उर्वशी व कोमल, 200 मीटर में तनु, स्विका व भारती, 400 मीटर में फिजा, भारती एवं खुशबू, 600 मीटर में आरती, लवी एवं राधिका, लंबी कूद में तनु, तनिष्का व संगीता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। गोला व चक्का फेंक में रितिका प्रथम रहीं। खो-खो और कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चे प्रथम रहे। इस अवसर पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक डॉ.जोगिन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ जितेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जुनियर शिक्षक संघ कविराज सिंह, रणवीर सिंह, डॉ.पृथी सिंह, उमेश सिद्धू, अजय सिद्धू, रेखा रानी, निशा चौधरी, मदनपाल सिंह, करनपाल सिंह, विवेक त्यागी, अरविंद पंघाल, संजीव सागर, कर्मवीर सिंह, सतीश सिंह, गिरीश मोहन वर्मा, चेतेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, रेनू चौधरी, कोमल, मीना, अनुजा गोयल, वर्षा रानी, अनामिका, हंसवीर सिंह, परविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे




# बजट को किसी ने सराहा, तो किसी ने उठाए सवाल

**अमरोहा।** प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर जिले में राजनी. तिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सत्तापक्ष के नेताओं ने इसे दूरदर्शी, विकासोन्मुख और जनकल्याणकारी बताते हुए प्रदेश के लिए मील का पत्थर करार दिया है। उनका कहना है कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। वहीं विपक्षी दलों के नेताओं ने बजट पर सवाल उठाते हुए इसे घोषणाओं तक सीमित बताया और कहा कि आम जनता, किसान व युवाओं की मूल समस्याओं के समाधान के लिए ठोस प्रावधानों का अभाव है। इस प्रकार बजट को लेकर जिले में समर्थन और आलोचना के बीच राजनीतिक बहस का दौर जारी है, जिसमें हर दल अपने दृष्टिकोण से इसे प्रस्तुत कर रहे....



उत्तर प्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सदर विधायक एवं लोक लेखा समिति के सभापति, पूर्व मंत्री महबूब अली ने कहा कि बजट में बड़े आंकड़े तो प्रस्तुत किए गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याएँ अभी भी गंभीर हैं। सरकार को चाहिए कि घोषणाओं के बजाय वास्तविक क्रियान्वयन पर ध्यान दे। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं के रोजगार, शिक्षा व्यवस्था और अल्पसंख्यक व कमजोर वर्गों के लिए ठोस प्रावधान सुनिश्चित करने की मांग की।



शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने सरकार द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक बजट का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि लगभग 9.12 लाख करोड़ रुपये के इस बजट में शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे को प्राथमिकता दी गई है, जो सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा क्षेत्र में बढ़े आवंटन को विद्यार्थियों, शिक्षकों और कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए लाभकारी बताया। डॉ. ढिल्लो ने कहा कि यह बजट महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को मजबूत करेगा।



कांठ विधायक एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव कमाल अख्तर ने उत्तर प्रदेश बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। उन्होंने कहा कि सरकार ने बड़े-बड़े वादे तो किए हैं, लेकिन किसानों, युवाओं और छोटे व्यापारियों के लिए ठोस राहत का अभाव दिखाई देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, जबकि बजट में इन समस्याओं के समाधान के लिए स्पष्ट रोडमैप नहीं है। उन्होंने मांग की कि सरकार घोषणाओं के बजाय वास्तविक विकास और सामाजिक न्याय पर ध्यान दे।



पूर्व विधायक अशफाक अली खान (सपा) ने उत्तर प्रदेश बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आंकड़ों का खेल ज्यादा और जमीनी सच्चाई से दूर नजर आता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगार युवा, परेशान किसान और महंगाई से जूझ रही आम जनता को ठोस राहत की आवश्यकता थी, लेकिन बजट में स्पष्ट समाधान दिखाई नहीं देता। उन्होंने सरकार से मांग की कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे और घोषणाओं को धरातल पर लागू किया जाए।



पूर्व एमएलसी परवेज अली (सपा) ने उत्तर प्रदेश के बजट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रदेश की आर्थिक प्राथमिकताओं को संतुलित ढंग से तय करने की आवश्यकता थी, लेकिन यह बजट आम लोगों की मूल समस्याओं को पूरी तरह संबोधित नहीं करता। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में वास्तविक निवेश और पारदर्शिता की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को चाहिए कि वह बजट की घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करे, ताकि जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके और केवल कागजी उपलब्धियां न रह जाएं।



बसपा जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट ने उत्तर प्रदेश बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में बड़े प्रावधान दिखाए गए हैं, लेकिन सामाजिक समानता और आर्थिक संतुलन को लेकर स्पष्ट दिशा नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलित, पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए विशेष और प्रभावी योजनाओं की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को चाहिए कि वह केवल घोषणाओं तक सीमित न रहे, बल्कि योजनाओं का लाभ निष्पक्ष रूप से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित हो।

## मन्दिरों के साथ गुरुद्वारों, चर्चो व दरगाहों का भी हो विकास

# सीमा विस्तार में भेदभाव कर रही भाजपा सरकार: कमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान कांठ के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल ने नियम 56 के तहत सदन का ध्यान स्थानीय निकायों की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जनमानस के हितों के नाम पर जो घोषणाएँ की जा रही हैं। धरातल पर उनकी वास्तविकता बिल्कुल भिन्न है। नगर विकास विभाग के माध्यम से प्रदेश भर में नए-नए टैक्स लगाकर आम जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। जबकि शहरों और कस्बों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में बैठे अधिकारी जनता के कल्याण के लिए योजनाएँ बनाने के बजाये केवल कर वसूली की नई-नई रणनीतियाँ बना रहे हैं। घरों और पिछड़े क्षेत्रों में नागरिकों द्वारा अपनी मेहनत की कमाई से बनाये गये मकानों अथवा भूमि पर सड़क के नाम पर मनमाने ढंग से टैक्स और शुल्क वसूले जा रहे हैं। श्री अख्तर ने कहा कि धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास के नाम पर केवल चयनित स्थानों पर कार्य कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि प्रदेश में सभी वर्गों और सभी धर्मों के लोग निवास करते हैं, जबकि प्रदेश की भाजपा सरकार का नारा है सबका साथ सबका विकास। इसलिए विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिये। सरकार को सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कुछ विशेष स्थलों को प्राथमिकता दी जा रही है। उसी प्रकार अंबेडकर पार्क जैसे सामाजिक न्याय के प्रतीकों, चर्च, गुरुद्वारों, मंदिरों तथा उन मजारों का भी समान रूप से विकास होना चाहिये जहाँ सभी धर्मों के लोग आस्था रखते हैं। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह किसी भी समुदाय या आस्था के साथ भेदभाव न करे और विकास की धारा सबके लिए समान रूप से सुनिश्चित करे। नगर पालिक. ाओं और नगर पंचायतों के सीमा विस्तार के मुद्दे पर बोलते हुए कमाल अख्तर ने कहा कि सीमा विस्तार नियमानुसार नहीं किया जा रहा है। जहाँ-जहाँ विपक्ष के चेयरमैन हैं वहाँ उन्हें राजनीतिक रूप से कमजोर करने और हराने के उद्देश्य से नियमों का उल्लंघन कर सीमाएँ बदली जा रही हैं। जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है।

### कांठ विधायक ने सदन में उठाया मुद्दा



## सबका विकास सुनिश्चित् करने वाला बजट



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने बजट को जनहितैषी बताते हुए कहा कि इससे युवाओं, महिलाओं और किसानों को लाभ मिलेगा तथा प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। सरकार ने 9,12,696 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया है। बजट में मेधावी छात्राओं के लिए स्कूटी योजना, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जैसी घोषणाएं की गई हैं। कृषि क्षेत्र के लिए करीब 11 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है।

## किसानों की आय बढ़ाने पर हो ठोस पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा किसान हित में कई सराहनीय कार्य किए गए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन में अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। यह उपलब्धि किसानों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हालांकि उन्होंने कहा कि जिस किसान के परिश्रम से यह सफलता मिली है, उसकी आय में वास्तविक और स्थायी वृद्धि के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान स्पष्ट रूप से नजर नहीं आता। चौधरी दिवाकर सिंह ने प्रदेश सरकार से किसान हित में गंभीर चिंतन और मंथन करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

# उम्मीद व जिम्मेदारी के साथ उतरेगा भारत




● **टॉस एक फैक्टर हो सकता है, लेकिन असली टेस्ट एग्जीक्यूशन में होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत गुरुवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में डिफेंडिग चैंपियन होने के नाते उम्मीद और जिम्मेदारी दोनों लेकर उतरेगा। अमेरिका के खिलाफ उनके शुरुआती मैच ने सभी को याद दिलाया कि टी-20 क्रिकेट, भारत जैसी टैलेंटेड टीम के लिए भी, मुश्किल हो सकता है। एक समय, भारत 77 रन पर 6 विकेट खो रहा था, ऐसी पिच पर जिसमें टेक्निक, टेम्परामेंट और टैक्टिकल अवेयरनेस की जरूरत थी। यह एक ऐसी हार हो सकती थी जिससे टीम का कॉन्फिडेंस डगमगा जाता, लेकिन ऐसे पलों में वर्ल्ड-क्लास खिलाड़ी मौके का फायदा उठाते हैं। वह खिलाड़ी, एक बार फिर, सूर्यकुमार यादव थे। 48 गेंदों पर उनकी नाबाद 84 रन की पारी टाइमिग, कॉन्फिडेंस और कंट्रोल्ड एग्रेशन का मास्टरक्लास था। सूर्यकुमार का हर शॉट सोचा-समझा लेकिन हिम्मत वाला था, हर बाउंड्री याद दिलाती है कि वह दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बल्लेबाजों में से एक क्यों बन गए हैं। उन्होंने न सि र्फ भारत को मुश्किल से बचाया, बल्कि मोमेंटम को पूरी तरह से मेजबान टीम के पक्ष में कर दिया, जिससे पता चला कि जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो वे जम्मिेदारी लेने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। बॉलिंग ने भी भारत की गहराई और खुद को ढालने की काबिलियत दिखाई। चोटिल हर्षित राणा की जगह देर से आए मोहम्मद सिराज ने शुरू में ही विरोधी टीम पर दबाव डाला, जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने बीच के ओवरों में दबाव बनाकर रन बनाने के मौके कम किए। यह दबाव में मिलकर किया गया प्रदर्शन था, और इस लेवल का प्रदर्शन भारत के लिए एक ब्लूप्रिंट देता है क्योंकि वे नाम. ीबिया का सामना कर रहे हैं, जो इस लेवल पर खुद को साबित करने के लिए बेताब टीम है। नाम. ीबिया इस मुकाबले में अपने सामने मौजूद चुनौती को जानते हुए उतरेगा। नीदरलैंड्स से उनकी शुरुआती हार ने उम्मीद और सुधार की जरूरत वाले एरिया, दोनों को दिखाया। टॉप-ऑर्डर के बैट्समैन निकोल लॉफ्टी-ईटन और जान फाइलिक ने संयम और स्किल दिखाई, लेकिन मिडिल ऑर्डर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष करता रहा, और जरूरी मौकों पर विकेट गिरे। भारत के खिलाफ, नामीबिया को शुरू से ही अग्रेसिव होना होगा, समझदारी से स्ट्राइक रोटेट करनी होगी, और ऐसी पार्टनरशिप बनानी होगी जिससे वे एक मुश्किल टोटल बना सकें या उसका पीछा कर सकें। उनके बॉलर्स को इंडिया की गहराई और क्वालिटी के सामने कड़ी परीक्षा देनी होगी, और उनके फील्डर्स को आसान रन और छूटे हुए मौकों को रोकने के लिए अलर्ट रहना होगा। अगर नामीबिया डिफेंडिग चैंपियन को मुश्किल में डालना चाहता है तो डिसिप्लिन और फोकस बहुत जरूरी होगा। दिल्ली की पिच से पेसर्स को शुरुआत में मदद मिलेगी लेकिन लाइट्स में स्ट्रोक्स के लिए आसानी होने की उम्मीद है। टॉस एक फैक्टर हो सकता है, लेकिन असली टेस्ट एग्जीक्यूशन में होगा - इंडिया अपने एक्सपीरियंस और कंपोजर से, और नामीबिया अपने एम्बिशन और भूख से। सभी की निगाहें एक बार फिर सूर्यकुमार पर होंगी, जिनकी अकेले दम पर गेम बदलने की काबिलियत बेजोड़ है, लेकिन नामीबिया के खास परफॉर्मर्स को भी अपनी छाप छोड़ने के मौके मिलेंगे। कल एक्सपीरियंस बनाम एम्बिशन, स्किल बनाम भूख, और स्ट्रैटेजी बनाम इंस्टिंक्ट का एक दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। भारत अपनी बादशाहत दिखाने की कोशिश करेगा।

# आसिफ नजरुल का अजीब यू टर्न



● **कहा: खिलाड़ियों और बीसीबी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 बॉयकॉट का फैसला किया**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ नजरुल ने अपने पहले के रुख से एक अजीब यू-टर्न लेते हुए कहा कि चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा न लेने का फैसला क्रिकेटरों और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने लिया था, न कि सरकार ने।

आसिफ की बातें अजीब हैं, क्योंकि इससे पहले 22 जनवरी को, अंतरिम सरकारी सांसद ने जोर देकर कहा था कि बांग्लादेश का टूर्नामेंट छोड़ने का फैसला सरकार का था। आसिफ 22 जनवरी को क्रिकेटरों से मिले थे, जब लिटन दास ने बताया था कि खिलाड़ी वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने को लेकर किसी भी बातचीत का हिस्सा नहीं थे। उस मीटिग के बाद, आसिफ ने मीडिया को बताया कि उन्होंने खिलाड़ियों को सरकार के फैसले के बारे में बताया था। यह मीटिग एक ब्रीफिग जैसी लग रही थी, जहां खिलाड़ियों को प्रोसेस में शामिल करने के बजाय फैसले के बारे में बताया गया था। आसिफ ने 22 जनवरी को रिपोर्टर्स से कहा कि मीटिंग का मकसद बस खिलाड़ियों को यह समझाना था कि सरकार ने यह फैसला क्यों लिया और उन्हें कॉन्टेक्स्ट बताना था। मुझे लगता है कि वे समझ गए थे। यही मकसद था - और कुछ नहीं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि हमें प्र्क्ष से इंसाफ नहीं मिला। हम वर्ल्ड कप में खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है। हालांकि, आसिफ ने मंगलवार को कई लोगों को हैरान कर दिया जब उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में नहीं खेलने का फैसला सरकार ने नहीं, बल्कि बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था। आसिफ ने मंगलवार को रिपोर्टर्स से कहा कि वर्ल्ड कप न खेलने का कोई अ फसोस नहीं है। यह फैसला बीसीबी और खिलाड़ियों ने लिया क्योंकि उन्होंने देश के क्रिकेट की सुरक्षा, लोगों की सुरक्षा और देश की इज्जत की रक्षा के लिए कुर्बानी दी है। आसिफ ने फिर कहा कि वह आईसीसी के जवाब से खुश हैं और कहा कि ग्लोबल बॉडी आने वाले दिनों में बांग्लादेश के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आईसीसी ने कहा है कि कोई बैन नहीं होगा और बांग्लादेश को एक इंटरनेशनल टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए कंसीडर किया जाएगा। यह एक शानदार अचीवमेंट है। मैं बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को सलाम करता हूं। ऐसा माना जाता है कि आसिफ ने वर्ल्ड कप से दूर रहने के बांग्लादेश के फैसले में अहम भूमिका निभाई थी, जिसमें जुलाई 2025 में स्टूडेंट मूवमेंट के बाद सत्ता में आने के बाद अंतरिम

# अश्विन ने उस्मान तारिक के विवादित एक्शन का बचाव किया

● **बॉलिंग एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी से मान्यता प्राप्त टेस्टिंग सेंटर में ही तय की जा सकती है: अश्विन**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक का सपोर्ट किया, जिनके बॉलिग एक्शन ने यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ पाकिस्तान की 32 रन की जीत के बाद चर्चा छेड़ दी है।

28 साल के इस खिलाड़ी का बॉलिग एक्शन अमेरिका को रोकने में अहम साबित हुआ, लेकिन उनके अनोखे एक्शन, जिसमें रन-अप में एक खास रुकावट और साइड-आर्म रिलीज शामिल है, ने लोगों का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर उनकी आला. ेचना हुई। भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एक्स पर पोस्ट किया कि बॉलिग एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी से मान्यता प्राप्त टेस्टिग सेंटर में ही तय की जा सकती है। अश्विन ने कहा कि सबसे पहले, उनके एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी बॉलिग एक्शन टेस्टिग सेंटर में ही टेस्ट की जा सकती है,ष और कहा कि 15-डिग्री एल्बो एक्सटेंशन नियम को मैच के दौरान ऑन-फील्ड अंपायर सही तरीके से नहीं आंक सकते। उन्होंने इस मुद्दे को ग्रे एरिया बताया और कहा कि बिना सही टेस्टिग के किसी बॉलर पर आरोप लगाना गलत होगा। डिलीवरी स्ट्राइड में रुकावट पर, अश्विन ने कहा कि अगर यह बॉलर के रेगुलर एक्शन का हिस्सा है तो यह लीगल है। पहले, इंडिया के विकेटकीपर बैटर श्रीवत्स ने हालांकि, इस रुकावट पर सवाल उठाया।

टी-20 विश्व कप : शून्य से अस्पताल तक का सफर

# अभिषेक ने भारत को मुश्किल में डाला



● **अभिषेक शर्मा को पेट में इन्फेक्शन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टूर्नामेंट के पहले मैच में पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होने से लेकर कुछ ही दिनों में अस्पताल के बिस्तर पर जाने तक, अभिषेक शर्मा के टी-20 वर्ल्ड कप के सफर ने एक अचानक और नाटकीय मोड़ ले लिया है, जिससे गुरुवार को दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले भारत के सामने सिलेक्शन की नई पहेली खड़ी हो गई है। भारत के इस युवा ओपनर को पेट में इन्फेक्शन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पिछले दो दिनों से वह मेडिकल निगरानी में हैं। बीमारी का सही कारण पता लगाने के लिए टेस्ट किए जा रहे हैं, और उनके डिस्चार्ज होने पर अभी भी शक है, जिससे नाम. ीबिया मैच के लिए उनके उपलब्ध होने पर गंभीर शक है।

अभिषेक की तकलीफ सबसे पहले मुंबई में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले मैच के दौरान सामने आई थी, जहां वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। बाएं हाथ का यह खिलाड़ी अमे. रिका के असफल चेज के दौरान मैदान पर नहीं लौटा, असिस्टेंट कोच रयान टेन डेशकाटे ने बाद में पुष्टि की कि वह पेट में कीड़े से जूझ रहा है। मैच के बाद टेन डेशकाटे ने कहा था कि अभि के पेट में अभी भी कुछ दिक्कतें हैं। हमें उम्मीद है कि वह दो दिन में गेम के लिए अवेलेबल हो जाएगा। अभिषेक के हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाद, इंडिया का थिक टैंक टूर्नामेंट के इस अहम स्टेज पर अपने ओपनिग कॉम्बिनेशन को फिर से देखने के लिए मजबूर है। संजू सैमसन टॉप ऑर्डर में एक पोटेंशियल रिप्लेसमेंट के तौर पर उभर रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ कम स्कोर बनाने के बाद ईशान किशन को पहली पसंद के ग्लवमैन के तौर पर अपनी जगह गंवा दी थी, लेकिन अब वह फिर से रेस में आ सकते हैं। टेन डेशकाटे ने कहा था कि हम किसी भी चीज से ज्यादा अभि की फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं और इससे, फिर से, कुछ अलग कॉम्बिनेशन खुलेंगे। उन्होंने टैक्टिकल एडजस्टमेंट पर विचार किए जाने का इशारा किया। हालांकि अभिषेक की स्थिति एक झटका है, लेकिन भारत को दूसरे मोर्चों पर अच्छी खबर मिली है। पेस स्पीयरहेड जसप्रीत बुमराह, जो बीमारी के कारण अमेरिका मैच से चूक गए थे।

# देहरादून ने गंवाया रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल की मेजबानी का मौका

**देहरादून, वार्ता।** बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर ने उत्तराखंड में देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा करने के बाद मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यहां के मैदान की हालत को बेहद निराशाजनक बताया है। इससे यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल की मेजबानी को लेकर झटका लगा है। क्यूरेटर राक. ेश कुमार ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा कि स्टेडियम की पिच और आउटफील्ड का स्तर इतना खराब है कि यहां सेमीफाइनल जैसा महत्वपूर्ण मुकाबला आयोजित नहीं किया जा सकता। बीसीसीआई की निरीक्षण टीम के अनुसार, ग्राउंड का रखरखाव मानकों के अनुरूप नहीं है, जिसके चलते इसे उच्च स्तरीय क्रिकेट के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया गया है। इस फैसले के बाद अब यह मैच उत्तराखंड के बजाय उत्तर प्रदेश में शिफ्ट होने की पूरी संभावना है। सूत्रों की मानें तो बीसीसीआई अब इस सेमीफाइनल को कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीन पार्क या लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इस घटनाक्रम ने राज्य के खेल प्रेमियों और क्रिकेट विशेषज्ञों को गहरे असमंजस में डाल दिया है। एक क्रिकेट विशेषज्ञ ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उत्तराखंड के लिए अपनी खेल सुविधाओं को प्रदर्शित करने का यह एक अवसर था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जोकोविच के बाद सिलिच 600 जीत हासिल करने वाले बने दूसरे सक्रिय खिलाड़ी

**डलास, वार्ता।** नेक्सो डलास ओपन में लर्नर टिएन के खिलाफ मिली मारिन सिलिच की 600वीं टूर-लेवल जीत, उनकी कंसिस्टेंसी और लंबे समय तक टिके रहने की झलक है, इन खूबियों ने उन्हें आज के महान खिलाड़ियों में जगह बनाने में मदद की है। एटीपी टूर पर दो दशकों में, जिसका ज्यादातर हिस्सा 'बिग थ्री' युग में मुकाबला करते हुए बीता, क्रोएशियाई खिलाड़ी न केवल टिका रहा, बल्कि आगे भी बढ़ा है। 37 साल के सिलिच इस खेल के सबसे कड़े कॉम्पिटिटर में से एक हैं, जिनके पास उतनी ही जबरदस्त बेसलाइन फायरपावर है। साथ ही, 21 बार टूर-लेवल टाइटल जीतने वाले सिलिच शांत अंदाज, आसान मुस्कान और सच्ची दयालुता के बीच संतुलन बनाते हैं, जो खिलाड़ियों और फैंस दोनों को पसंद आता है।

### झारेड हैक डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में आधी बढ़त पर

**नई दिल्ली, वार्ता।** अमेरिकी झारेड हैक लगातार दूसरे दिन बोगी-फ्री रहे और नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेली जा रही 1-5 करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में आधी बढ़त पर पहुंच गए। झारेड हैक (64-63), जो पिछले हफ्ते नया रायपुर में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के सीजन-ओपनर में अपनी जीत के बाद फेश थे, बुधवार को फिजिकली अच्छी शेप में नहीं थे, लेकिन फिर भी अपने पहले राउंड के 64 के स्कोर के बाद दूसरे दिन और भी बेहतर सात-अंडर 63 के साथ अपना टोटल 13-अंडर 127 कर लिया और इस तरह रात भर की अपनी टाई की हुई तीसरी पोजीशन से दो स्पॉट ऊपर आ गए। हनी बैसोया (63-65), जो पिछले हफ्ते छत्तीसगढ़ में तीसरे नंबर पर थे, ने दिल्ली में भी अपना जलवा जारी रखा और दूसरे राउंड में 65 का स्कोर करके अपनी दूसरी पोजिशन बनाए रखी।

# द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराया



● **द. अफ्रीका ने दूसरे सुपर ओवर में जीत हासिल करके टी-20 विश्व कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक जीत लिया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** रहमानुल्लाह गुरबाज की बीच में बल्ले से कई धमाकेदार पारी बेकार गई, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को अहमदाबाद में दूसरे सुपर ओवर में जीत हासिल करके टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक जीत लिया। यह मुकाबला, जिसमें पेंडुलम कई बार किसी भी दिशा में घूमा, जिसके खत्म होने का कई बार वादा किया गया था, आखिरकार दूसरे सुपर ओवर की आखिरी गेंद पर तय हुआ। मैच आखिरी ओवर की पहली गेंद पर ही खत्म हो सकता था, जब कगिसो रबाडा ने नूर अहमद को कवर पर कैच कराया। लेकिन पेसर ने ओवरस्टेप कर दिया था। यह अफगानिस्तान के लिए राहत की बात थी, जो आखिरी ओवर में सिर्फ एक विकेट के साथ 13 रन का पीछा कर रहा था। यह पहले सुपर ओवर की आखिरी बॉल पर भी खत्म हो सकता था, लेकिन साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 7 रन चाहिए थे और 18 रन का पीछा कर रहे थे, ट्रिस्टन स्टब्स - जिन्होंने तब तक कोई बॉल नहीं खेली थी - ने फजलहक फारूकी की बॉल पर सीधा छक्का जड़ दिया। एक बार फिर, दूसरे सुपर ओवर में चार बॉल बाकी रहते हुए, मैच का फैसला हो गया लग रहा था। जीत के लिए 24 रन का पीछा करते हुए, अफगानिस्तान पहली दो बॉल पर रन नहीं बना सका - और मोहम्मद नबी का विकेट भी गंवा दिया। साउथ अफ्रीका को बस एक डॉट बॉल की जरूरत थी। लेकिन यह खत्म नहीं हुआ। गुरबाज, जिन्होंने पहले 42 बॉल में 84 रन बनाए थे और अफगानिस्तान के लिए लक्ष्य का पीछा करने की शुरुआत की थी, ने तीन बॉल पर तीन छक्के मारे और आखिरी बॉल पर 6 रन की जरूरत को कम करके मैच अपने नाम कर लिया। महाराज, गुरबाज के हिटिंग आर्क से दूर जाने की कोशिश में, वाइड बॉल फेंक बैठे, जिससे एक और चांस बन गया कि मुकाबला इतना बराबरी का होगा कि आखिर में टाई हो जाएगा, और यह तीसरे सुपर ओवर में जाएगा। महाराज ने आखिरी गेंद गुरबाज के आर्क से दूर भेजी, जिसने उसे पॉइंट पर डेविड मिलर के हाथों में मार दिया। अब पीछे मुड़कर देखने पर अ फगानिस्तान को कई फैसलों का पछतावा हो सकता है। सबसे पहले, सुपर ओवर में राशिद खान को बॉलिग न करने का फैसला। दूसरा वाला, खासकर, उनके लिए बहुत महंगा साबित हुआ क्योंकि अजमतुल्लाह उमरजई दबाव में अपनी लेंथ मिस कर गए, और मिलर और स्टब्स दोनों ने उन्हें सही सजा दी। और फिर, एक बड़ा काम हाथ में होने पर, नबी आखिरी सुपर ओवर में पारी की शुरुआत करने उतरे, यह फैसला महंगा साबित हुआ। फिर भी, अ फगानिस्तान ने मुकाबले को जितना गहरा खींचा, वह अपने आप में तारी फ के काबिल है।

# मार्श के चोटिल होने पर स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया ने कवर के तौर पर बुलाया




● **मार्श को इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिंग के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टीवन स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया की टी 20 वर्ल्ड कप टीम में कवर के तौर पर बुलाया गया है, क्योंकि कप्तान मिशेल मार्श आयरलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच से बाहर हो गए थे।

मार्श को इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिग के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी, जिससे टेस्टिकुलर ब्लीडिग हुई है। मार्श ने मंगलवार को तय समय पर मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। लेकिन कोलंबो में टॉस से ठीक 15 मिनट पहले उनके मैच से बाहर होने की खबर आई। सीएके एक बयान में कहा गया कि उन्हें (मार्श) लगातार दर्द और बेचैनी हो रही है, जिससे उनका मूवमेंट रुक रहा है।स्कैन से टेस्टिकल में अंदरूनी ब्लीडिग की पुष्टि हुई है, और उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन के लिए कुछ समय की जरूरत होगी। उनकी वापसी लक्षणों के ठीक होने और मेडिकल सलाह से तय होगी। स्टैंडबाय खिलाड़ी स्टीवन स्मिथ जरूरत पड़ने पर श्रीलंका जाकर मौसम के हिसाब से ढलने और तैयारी करने के लिए कवर के तौर पर जाएंगे। मार्श के न होने का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया असल में अपने शुरुआती मैच के लिए सि र्फ 12 खिलाड़ियों में से चुन रहा है, जोश हेजलवुड को अभी तक टीम में ऑफिशियली रिप्लेस नहीं किया गया है और टिम डेविड को हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण शुक्रवार को जम्बिाब्वे के मैच के लिए रोक दिया गया है, जिससे उनका बीबीएल खत्म हो गया था। सीन एबॉट हैं, लेकिन एक ट्रैवलिग रिजर्व के तौर पर और अभी तक टीम का ऑफिशियल हिस्सा नहीं हैं।

# हसरंगा के बिना खेलने उतरेगा श्रीलंका




● **वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टी-20 विशव कप से बाहर हो गए**

**पल्लेकेले, वार्ता।** श्रीलंका का कैंपेन शहर बदल रहा है, लेकिन ऐसा शक के घेरे में है। वानिदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं, जो को-होस्ट के लिए एक बड़ा झटका है, ठीक वैसे समय में जब टूर्नामेंट आकार लेना शुरू कर रहा है। इस इंजरी से उनके बॉलिंग प्लान और ऑन-फील्ड प्रेजेंस में एक साफ कमी रह गई है। ओमान के खिलाफ पहला टेस्ट कागज पर शायद सबसे मुश्किल न लगे, लेकिन फोकस इस बात पर होगा कि श्रीलंका का अटैक अपने लीड स्पिनर के बिना कैसे जवाब देता है। यह पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट का पहला गेम होगा, जो सुबह शुरू होगा। कोलंबो से शिफ्ट होने के कारण कंडीशन अलग हैं, लेकिन स्पिन फिर से हावी होने वाली है, क्योंकि यहां पेसर्स की तुलना में स्लोअर बॉलर्स को ज्यादा सफलता मिली है। इससे महेश थीक्षाना और श्रीलंका के दूसरे स्लो-बॉलिग रिसोर्सेज पर ज्यादा जम्मिेदारी आ जाती है, खासकर जब उनका स्टार स्पिनर नहीं है। श्रीलंका आयरलैंड के खिलाफ अपने शुरुआती गेम में बल्ले से भी अच्छा नहीं खेल पाई थी। बीच के ओवरों में वे बुरी तरह हार गए, 7वें और 15वें ओवर के बीच एक भी बाउंड्री नहीं लगा पाए, इससे पहले कामिडू मेंडिस ने उन्हें अच्छा फिनिश दिया। वे उम्मीद कर रहे होंगे कि टॉप ऑर्डर ज्यादा इंटेंट दिखाए और अपनी रिदम पाए, क्योंकि इसके बाद मुश्किल काम आने वाले हैं। ओमान के लिए, यह कई तरह से अंजान जगह है। यह श्रीलंका के खिलाफ उनका पहला टी-20 मैच होगा। हालात के हिसाब से जल्दी ढलना और बैटिग में बेहतर मैनेजमेंट जरूरी होगा। वे जम्बिाब्वे से करारी हार के बाद आए हैं। पेस और बाउंस के सामने वे जल्दबाजी में गलतियां कर बैठे और 103 रन पर आउट हो गए। अगर उन्हें मेजबान टीम को चुनौती देनी है तो उन्हें बेहतर बैटिग प्रदर्शन की जरूरत है।

**श्रीलंका:** हसरंगा की गैरमौजूदगी में बॉलिग कॉम्बिनेशन में बदलाव करना होगा। लेगस्पिनर दुशान हेमंथा को उनकी जगह लिया गया है और वह तुरंत टीम में आ सकते हैं।

**संभावित इलेवन:** पथुम निसंका, कामिल मिशारा, कुसल (विकेट कीपर), पवन रथनायके, कामिडू मेंडिस, दासुन शनाका (कप्तान), दुनिथ वेल्लालेज, दुशान हेमंथा, दुष्मंथा चमीरा, महेश थीक्षाना, मथीशा।

# वानखेड़े प्रकरण लेकर भारतीय बल्लेबाज ज्यादा नहीं सोचें



● **संजय बांगर ने नामीबिया के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर अपने विचार शेयर किए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने कैंपेन के पहले मैच में अमेरिका को 29 रन से हराया, लेकिन अपनी बैटिग इनिंग्स के दौरान एक समय वे मुश्किल में थे। जियोस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोस्टार एक्सपर्ट्स संजय बांगर और पीयूष चावला ने बैटर्स के लिए सीख और नामीबिया के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर अपने विचार शेयर किए। संजय बांगर ने कहा कि अमेरिका के खिलाफ मैच के बाद भारतीय बैट्समैन को अपने अप्रोच के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारतीय बैट्समैन कोअमेरिका के खिलाफ वानखेड़े में जो हुआ, उसके बारे में ज्यादा सोचना चाहिए, क्योंकि आजकल टी-20 क्रिकेट में यह भारतीय बैटिग लाइन-अप जिस अप्रोच से खेलता है, वह जाहिर तौर पर रिस्क से भरा है। ऐसे दिनों में, जब कुछ विकेट गिर जाते हैं, और आप फिर भी जोरदार खेलना चाहते हैं, तो आप क्लस्टर में विकेट खो देते हैं। अगर कोई एक सीख है, तो वह यह है कि शायद थोड़ा धीमा हो जाएं, लेकिन अपने अप्रोच पर ज्यादा शक न करें, क्योंकि उस निडर स्टाइल ने आपको बहुत सफलता दिलाई है। अपनी काबि. लियत पर भरोसा करते रहें और उसी तरह खेलते रहें जैसे यह भारतीय बैटिंग यूनिट पिछले 18 महीनों में टी-20 क्रिकेट में खेलती आई है। वॉशिंगटन सुंदर की बेहतर फिटनेस और प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर बांगर ने कहा कि यह बहुत अच्छी खबर है कि वॉशिंगटन सुंदर टीम में शामिल होने जा रहे हैं, क्योंकि इंडियन मैनेजमेंट ने उनके साथ सब्र रखा है और उन्हें उनकी काबिलियत पर बहुत भरोसा है। टूर्नामेंट की शुरुआत में उनके न होने के बावजूद उन्हें टीम में बनाए रखना दिखाता है कि वे एक जैसा टीम कॉम्बिनेशन बनाए रखना चाहते हैं। अगर, मान लीजिए, एक स्पिन-बॉलिग ऑलराउंडर की जरूरत होती है, तो वॉशिंगटन सुंदर जरूर आ सकते हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह दिल्ली में खेलेंगे। मुझे पक्का लगता है कि जसप्रीत बुमराह प्लेइंग इलेवन में जगह बना लेंगे, और इन-फॉर्म मोहम्मद सिराज के बाहर रहने की संभावना है। बांगर ने भारत की बैटिग लाइन-अप पर कहा कि जब मैं इस इंडियन बैटिग लाइन-अप को देखता हूं, तो इसमें मैच्योरिटी के साथ-साथ निडरता का भी शानदार मिक्स है। अब, मैच्योरिटी के मामले में, आपके पास ऐसे प्लेयर्स हैं जो सिचुएशन की जरूरतों के हिसाब से खुद को एडजस्ट कर सकते हैं। तिलक वर्मा उसी तरह बैटिग करते हैं, जैसे सूर्या और हार्दिक करते हैं। इसलिए, अगर इंडिया फिर से खुद को ऐसी ही सिचुएशन में पाता है, तो इन तीनों में से किसी एक पर इनिंग्स को थोड़ा संभालने की जम्मिेदारी हो सकती है, जबकि उनके आस-पास के बैट्समैन वैसे ही खेलते रहेंगे जैसे वे खेलते आ रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जिस पर टीम और बैटिग ग्रुप आगे बात कर सकते हैं। पीयूष चावला ने माना कि दिल्ली में ओस एक बहुत बड़ा फैक्टर होगी उन्होंने कहा,ष्ओस एक बड़ा फैक्टर होगी क्योंकि दिल्ली में इस समय मौसम थोड़ा ठंडा है, और यह निश्चित रूप से शाम के गेम्स में एक बड़ा रोल निभाती है। जो कैप्टन टॉस जीतेगा, वह शायद पहले बॉलिंग करने का ऑप्शन चुनेगा, क्योंकि जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ेगा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 12 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रेड पर रार

बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने आम बजट और वित्त मंत्रालय की ओर से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र किया, उनका कहना था कि इसमें उन्हें मुख्य रूप से दो बिन्दु दिखाई दिए, पहला बिन्दू बताता है कि हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। इसका मतलब है कि अमेरिका को आज रूस व चीन से बड़ी चुनौती मिल रही है। जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। राहुल का यह भी कहना था कि आज हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। ऐसा कहते हुए उन्होंने रूस और इरान का उदाहरण दिया और याद दिलाया कि पीएम और एनएसए ने कुछ समय पहले कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका है, लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है और इरान में संघर्ष हो रहा है। यानि में स्थिरता से अस्थिरता की ओर जा रहे हैं। उन्होंने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। डॉलर को चुनौती दी जा रही है। जैसाकि मेरे कुछ दोस्त समझते हैं। इस तरह हम दो सुपर या कई सुपर पॉवर वाले दौर में जा रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी ट्रेड पर भी खुलकर बात की। ट्रेड को लेकर अभी मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है। अमेरिका की तरफ से नई-नई बातें सामने आ रही हैं, जो कई बार भारत को भी असहज करती हैं। अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी फैक्ट शीट में फिर बदलाव किए हैं और पहले जिन बातों का साफ जिक्र था अब उन्हें हटा दिया गया है या उसकी भाषा बदल दी गई है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत-अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा जिसमें दाल भी शामिल थी, अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा दिया गया है। इसी तरह 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदल गई है। पहले लिखा था कि भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटिड है, अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर लिया गया है। भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे इस पर निगरानी के लिए ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री व वित्त मंत्री शामिल हैं। अगर इनको लगता है कि भारत ने रूस से तेल का दोबारा इम्पोर्ट शुरू कर दिया है तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प से दोबारा 25 फीसदी पैनल्टी लगाने के लिए कह सकते हैं। राहुल गांधी भी सरकार को ट्रेड पर घेर रहे हैं और उनकी नजर में भारत डॉलर को चुनौती देने के बजाए उसको मजबूती देने में लगा हुआ है।

## अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हम



हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है, यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है, उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं, दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है, हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं, प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था, लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है, यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं, देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं, हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था, तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं, हम सुपरपावर वाली दुनिया से किसी नई दुनिया में जा रहे हैं, जिसका हम अंदाजा नहीं लगा सकते।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# मन के विकार के निदान में उदासीनता





पंकज चतुर्वेदी

विकसित भारत के सामने आज जो प्रमुख चुनौतियां हैं उनमें सबसे ऊपर युवाओं की बिगड़ती मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। बकौल इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में पाए जा रहे हैं। इन युवाओं के सामने काम का बदता दवाब, प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाओं जैसे पृष खड़े हैं और इनसे जूझते समय बड़ी संख्या में वे अवसाद , बैचेनी की गिरफ्त में आ जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के मानसिक विकार होने पर रोगी समझ ही नहीं पाता कि उसके मन के साथ कुछ असामान्य है। कहने की जरूरत नहीं कि जिस तरह मानसिक रोग तेजी से फाइल रहे हैं, हमारे पास उस तुलना में चिकित्सक और इलाज के विकल्प गौण हैं। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां देश की बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण स्वीकार कर रहा है कि माकूल उपचार अधिकांश मरीजों की पहुंच से बाहर है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज स्टडी के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में19।73 करोड़ लोग (कुल आबादी का लगभग 14.3 प्रतिशत) किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित थे। इनमें 4.57 करोड़ अवसाद और 4.49 करोड़ बैचेनी के शिकार हैं । बेंगलुरु के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस (निमहांस) के सर्वे में सामने आया है कि 13 से 17 वर्ष वाले लगभग 7.3 प्रतिशत किशोर किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं व डिजिटल जीवन-शैली इसके प्रमुख कारण हैं। सर्वाधिक खराब हालत राजधानी दिल्ली के हैं जहां 11.23 फीसदी आबादी मानसिक बीमारियों से जूझ रही है। यह बात दिल्ली सरकारी की सन 2025 की सालाना सांख्यिकी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट कहती हैं कि राजधानी में कोई सात फीसदी लोगों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है, जिससे उनके सीखने और रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयां झेलनी पड़ रहीं। अवसाद, चिंता और सिजोफ्रेनिया जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या 4.28 फीसदी हैं। मानसिक रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि दिल्ली में अकेलापन, सामाजिकता का अभाव के साथ -साथ प्रदूषण, ट्राफिक जाम , आर्थिक असमानता जैसे कारण तेजी से मानसिक रोगों को बढ़ा रहे हैं। बात अकेले राजधानी की नहीं हैं , देश के दूरस्थ अंचलों में छोटे गांव तक मानसिक विकार का विस्तार बेहद खतरनाक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा पश्चिम बंगाल के कृषि प्रधान क्षेत्रों में किया गया एक धीयन इसके मूल कारणों पर प्रकाश डालता है। अध्ययन कहता है कि जिन किसानों के खेतों में सप्ताह में एक बार कीटनाशक का छिड़काव होता है, उनमें डिप्रेशन, याददाश्त में कमी और रोजमर्रा की गतिविधियों में गिरावट का खतरा तीन गुना तक बढ़ जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) में प्रकाशित इस अध्ययन में आईसीएमआर का सरकार को सुझाव है कि किसानों को कीटनाशक छिड़कते समय सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए जाएं , साथ ही ग्रामीण इलाकों में कीटनाशक-जनित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम शुरू किए जाएं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक शोध में कुछ साल पहले ही बताया दिया था कि देश में चौथी सबसे बड़ी बीमारी अवसाद या डिप्रेशन है। आज देश की सबसे बड़ी दूसरी बीमारी हार्ट अटैक के बाद अवसाद को कहा जा रहा है। बढ़ती जरूरतें, जिंदगी में बढ़ती भागदौड़, रिश्तों के बंधन ढ़ीले होनाय इस दौर की कुछ ऐसी त्रासदियां हैं जो इंसान को भीतर ही भीतर खाए जा रही है। ये सब ऐसे विकारों को आमंत्रित कर रहा है, जिनके प्रारंभिक लक्षण नजर आते नहीं हैं, जब मर्ज बढ़ जाता है तो बहुत देर हो चुकी होती है। विडंबना है कि सरकार में बैठे नीति-निर्धारक मानसिक बीमारियों को अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसे हास्यास्पद कहें या शर्म कि जय विज्ञान के युग में मनोविकारों को एक रोग के बनिस्पत ऊपरी व्याधा या नियति समझने वालों की संख्या बहुत अधिक है। तभी ऐसे रोगों के इलाज के लिए डाक्टरों के बजाए पीर-फकीरों, मजार-मंदिरों पर अधिक भीड़ होती है । सामान्य डाक्टर मानसिक रोगों को पहचानने और रोगियों को मनोचिकित्सक के पास भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसके चलते ओझा, पुरोहित, मौलवी, तथाकथित यौन विशेषज्ञ अवैध रूप से मनोचिकित्सक का दुष्कार्य कर रहे हैं। वैसे भारत में सन 1982 में मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम शुरू हुआ था लेकिन इसकी मंथर गति ने रोग को भयानक बना दिया। इतने लोगों के इलाज के लिए कोई 32 हजार मनोचिकित्सकों की जरूरत है, जबकि देशभर में इनकी संख्या बमुश्किल नौ हजार है यानी एक लाख पर एक से भी कम औसतन 0.75 डाक्टर। इनमें भी तीन हजार तो चार महानगरों तक ही सिमटे हैं। यह रोग भयावह है और इसका इलाज भी लंबे समय तक चलता है जोकि खर्चीला भी है। इसके बावजूद कोई भी स्वास्थ्य बीमा योजना में इसे शामिल नहीं किया गया। 15 जून 2020 को सुप्रीम कोर्ट से बीमा नियामक संस्था से यह पूछा भी है कि मानसिक रोग को बीमा सुविधा क्यों नहीं है। उधर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं बिल्कुल उपेक्षित हैं। हालांकि इस साल के बजट में इस दिशा में बहुत ध्यान दिया गया है । देश भर में 24 इनटू 7 परामर्श सेवाओं के लिए राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (टेली मानस) मद में 51.14 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके अलावा निम्हान्स बेंगलुरु को अनुसंधान, प्रशिक्षण और देखभाल के मद में पिछले वर्षों से लगभग दोगुना 917.21 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, तेजपुर: 69.32 करोड़ रुपये, क्षेत्रीय मनोरोग सेवाओं की सहायता। जहां एक ओर मर्ज बढ़ता जा रहा है, वहीं हमारे देश के मानसिक रोग अस्पताल सौ साल पुराने पागलखाने के खौफनाक रूप से ही जाने जाते हैं। यह जर्जर, डरावनी और संदिग्ध इमारतें मानसिक रोगियों की यंत्रणाओं, उनके प्रति समाज के उपेक्षित रवैये और सरकारी उदासीनता की मूक गवाह हैं। तभी सन 2017 में 10,246 और सन 2018 में 10,134 मानसिक रोगियों ने आत्महत्या कर ली थी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानता रहा है कि देश भर के पागलखानों की हालत बदतर है। इसे सुधारने के लिए कुछ साल पहले बंगलौर के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ और चेतना विज्ञान संस्थान (निमहान्स) मे एक परियोजना शुरू की गई थी, लेकिन उसके किसी सकारात्मक परिणाम की जानकारी नहीं है। यह परियोजना भी नाकाफी संसाधनों का रोना रोते हुए फाइलों में ठंडी हो गई। हमारे देश की सवा अरब को पार कर गई आबादी के लिए केवल 43 सरकारी मानसिक रोग अस्पताल हैं, इनमें से मनोवैज्ञानिक इलाज की व्यवस्था महज तीन जगह ही है। इन अस्पतालों में 21,000 बिस्तर हैं जो जरूरत का एक फीसदी भी नहीं है। यहां तक कि जरूरत की पचास फीसदी नर्स भी उपलब्ध नहीं हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम की एक रिपोर्ट भी इस बात का प्रमाण है कि ऐसे रोगियों की बड़ी संख्या इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ है। सरकारी अस्पतालों के नारकीय माहौल में जाना उनकी मजबूरी होता है । आज भी अधिकांश मानसिक रोगी बगैर इलाज के अपने हाल में अमानवीय हालात में जीने को मजबूर हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नई मच्छरदानी दोहरी सुरक्षा देगी

**वैसे कुछ वर्ष पूर्व भी WHO ने एक नए प्रकार की मच्छरदानी को सीमित स्वीकृति प्रदान की थी। इस मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ पीबीओ का उपयोग किया गया था जो मच्छरों की पाइरेथ्रॉइड का विघटन करने की क्षमता को खत्म करता है। ये केवल पाइरेथ्रॉइड मच्छरदानी की तुलना में काफी महंगी थीं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि इनके उपयोग से मलेरिया के प्रकोप में कमी से जितना फायदा होता है। वह इनकी लागत के हिसाब से कम है। क्लोरफेनापिर ने इस समस्या को दूर कर दिया है। तंजानिया और बेनिन में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि नई मच्छरदानियों के उपयोग से बच्चों में मलेरिया का प्रकोप लगभग आधा रह गया अर्थात इन मच्छरदानी के उपयोग में होना वाला खर्च मलेरिया उपचार की लागत से काफी कम साबित हुआ जो WHO द्वारा अनुमोदन के लिए पर्याप्त कारण था।**



हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए कीटनाशक मिश्रण से उपचारित मच्छरदानी के उपयोग का अनुमोदन किया है। इस नई मच्छरदानी में ऐसे दो रसायनों का उपयोग किया गया है जो मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों को अधिक प्रभावी ढंग से खत्म करने में सक्षम है। जल्द ही यह उपचारित मच्छरदानी उप सहारा अफ्रीका में व्यापक रूप से उपलब्ध हो जाएगी जहां पिछले वर्ष मलेरिया से 6 लाख से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। कीटनाशक उपचारित मच्छरदानी का डबल फायदा है।

इसके अंदर सोता व्यक्ति तो सुरक्षित रहता ही है, इस पर बैठने वाले मच्छरों का भी खात्मा हो जाता है। 2000 से 2015 के बीच मलेरिया के प्रकोप में 40 प्रतिशत गिरावट का श्रेय उपचारित मच्छरदानियों को जाता है, लेकिन मच्छर इनमें प्रयुक्त पाएरेथ्रॉइड नामक कीटनाशक के प्रतिरोधी हो चले थे। नई अनुमोदित मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ क्लोरफेनापिर का उपयोग किया गया है। क्लोरफेनापिर मच्छरों के माइटोकॉन्ड्रिया को निशाना बनाता है जिसके चलते मांसपेशियों में मरोड़ पैदा होती है और मच्छर हिलडुल या उड़ नहीं पाते हैं।

वैसे पिछले वर्ष भी WHO ने एक नए प्रकार की मच्छरदानी को सीमित स्वीकृति प्रदान की थी। इस मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ पीबीओ का उपयोग किया गया था जो मच्छरों की पाइरेथ्रॉइड का विघटन करने की क्षमता को खत्म करता है। ये केवल पाइरेथ्रॉइड मच्छरदानी की तुलना में काफी महंगी थीं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि इनके उपयोग से मलेरिया के प्रकोप में कमी से जितना फायदा होता है।

वह इनकी लागत के हिसाब से कम है। क्लोरफेनापिर ने इस समस्या को दूर कर दिया है। तंजानिया और बेनिन में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि नई मच्छरदानियों के उपयोग से बच्चों में मलेरिया का प्रकोप लगभग आधा रह गया अर्थात इन मच्छरदानी के उपयोग में होना वाला खर्च मलेरिया उपचार की लागत से काफी कम साबित हुआ जो WHO द्वारा अनुमोदन के लिए पर्याप्त कारण था। गौरतलब है कि क्लोरफेनापिर का उपयोग सबसे पहले अमेरिका में वर्ष 2001 में गैर खाद्य फसलों के लिए ग्रीन हाउसों में किया गया था। पक्षियों और जलीय जीवों में विषाक्तता के कारण खेतों पर इसके छिड़काव पर प्रतिबंध है। चूंकि इस मच्छरदानी का उपयोग घर के अंदर किया जा रहा है और व्यापक पर्यावरण से इसका सीमित संपर्क है इसलिए पर्यावरण की दृष्टि से इसे सुरक्षित माना जा रहा है।

विशेषज्ञों की चेतावनी है कि देर सबेर मच्छरों में क्लोरफेनापिर के खिलाफ भी प्रतिरोध उभरना तय है। इसलिए प्रतिरोध पैदा होने की रफ्तार को धीमा करने की तकनीकें विकसित करना महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए नई मच्छरदानियों के साथ-साथ घरों में अंदर कीटनाशक छिड़काव या कुछ वर्षों के लिए पाइरेथ्रॉइड पीबीओ मच्छरदानियों का उपयोग भी करते रहना ठीक होगा।

# दो पिता की संतान, पुरुष भी पैदा कर सकेगा अपनी जैविक संतान!

हिन्दी फिल्मों में एक बाप की औलाद की बात कई मर्तबा की जाती है और माना जाता है कि वही सच्ची औलाद होती है। लेकिन यहां बात उस संवाद के संदर्भ में नहीं बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा नर की कोशिकाओं से अंडे के निर्माण की हो रही है। लंदन में हाल ही में सम्पन्न तृतीय अंतर्राष्ट्रीय मानव जीनोम संपादन सम्मेलन में यह जानकारी दी गई कि शोधकर्ताओं ने नर चूहों की कोशिकाओं से अंडे बना लिए और जब उन्हें निषेचित करके मादा चूहे के गर्भाशय में रखा गया तो उनसे स्वस्थ संतान पैदा हुई और वे स्वयं संतानोत्पत्ति में सक्षम थीं। यह करामात करने के लिए शोधकर्ता बरसों से प्रयास कर रहे थे। मसलन, 2018 में एक टीम ने खबर दी थी कि उन्होंने शुक्राणु या अंडाणु से प्राप्त स्टेम कोशिकाओं से पिल्ले पैदा किए थे जिनके दो पिता या दो माएं थीं।

दो मांओं वाले पिल्ले तो वयस्क अवस्था तक जीवित रहे और प्रजननक्षम थे लेकिन दो पिता वाले पिल्ले कुछ ही दिन जीवित रहे थे। फिर 2020 में कात्सुहिको हयाशी ने बताया था कि किसी कोशिका को प्रयोगशाला के उपकरणों में परिपक्व अंडे में विकसित होने के लिए किस तरह के जेनेटिक परिवर्तनों की जरूरत होती है। इसी टीम ने 2021 में खबर दी कि वह चूहे के अंडाशय की परिस्थितियां निर्मित करके अंडे तैयार करने में सफल रही और इन अंडों ने प्रजननक्षम संतानें भी उत्पन्न कीं। अब हयाशी और उनके साथियों ने कोशिश शुरू कर दी कि वयस्क नर चूहे की कोशिकाओं से अंडे विकसित किए जाएं। उन्होंने इन कोशिकाओं को इस तरह परिवर्तित किया कि वे प्रेरित बहुसक्षम कोशिकाएं बन गईं। टीम ने इन कोशिकाओं को कल्चर में पनपने दिया जब तक कि उनमें से कुछ कोशिकाओं ने स्वत: अपना वाय गुणसूत्र गंवा नहीं दिया। जैसा कि सब जानते हैं नर चूहों की कोशिकाओं में सामान्यत: एक वाय और एक एक्स गुणसूत्र होता है। इन कोशिकाओं को रेवर्सीन नामक एक रसायन से उपचारित किया गया। यह रसायन कोशिका विभाजन के समय गुणसूत्रों के वितरण में त्रुटियों को बढ़ावा देता है। इसके बाद टीम ने वे कोशिकाएं ढूंढी जिनमें एक्स गुणसूत्र की दो प्रतिलिपियां थी, अर्थात गुणसूत्रों के लिहाज से वे मादा कोशिकाएं थीं। इसके बाद टीम ने प्रेरित बहुसक्षम स्टेम कोशिकाओं को वे जेनेटिक संकेत दिए जो अपरिपक्व अंडा बनाने के लिए जरूरी होते हैं। जब अंडा बन गया तो उसका निषेचन शुक्राणु से करवाया गया और निषेचित अंडों को मादा चूहे के गर्भाशय में डाल दिया गया। हयाशी ने सम्मेलन में बताया कि इन निषेचित अंडों (भ्रूण) की जीवन दर बहुत कम रही - कुल 630 भ्रूण गर्भाशयों में डाले गए और उनमें से मात्र 7 का विकास पिल्लों के रूप में हो पाया। लेकिन ये 7 भलीभांति विकसित हुए और वयस्क होकर प्रजननक्षम रहे। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन हयाशी का कहना है कि अभी इसे एक चिकित्सकीय तकनीक बनने में बहुत समय लगेगा क्योंकि मनुष्य और चूहों में बहुत फर्क होते हैं। अभी यह भी देखना बाकी है कि क्या मूल कोशिका में जो एपिजेनेटिक बदलाव किए गए थे वे नर कोशिका से बने अंडों में सुरक्षित रहते हैं या नहीं। और भी कई तकनीकी अड़चनें आएंगी। बहरहाल, यदि ये अड़चनें पार कर ली जाएं, तो यह तकनीक संतानहीनता की कुछ परिस्थितियों में कारगर हो सकती है। जैसे टर्नर सिंड्रोम के मामले में जहां स्त्री के दो में से एक एक्स गुणसूत्र नहीं होता या आधा-अधूरा होता है। जापान के होकाइडो विश्वविद्यालय के जैव-नैतिकताविद तेत्सुया इशी का कहना है कि यह तकनीक पुरुष (समलैंगिक विवाहित) दंपतियों को भी संतान पैदा करने का अवसर दे सकती है। हां, उन्हें सरोगेट गर्भाशय की जरूरत तो पड़ेगी। इसके अलावा, शायद सूदूर भविष्य में अकेला पुरुष भी अपनी जैविक संतान पैदा कर सकेगा। इस संदर्भ में सिर्फ तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक मुद्दों पर विचार भी जरूरी होगा।

## सांप की कलाबाजियां



अगस्त 2019 में, कुछ शोधकर्ताओं को उत्तर-पश्चिम मलेशिया के एक विशाल चूना पत्थर पहाड़ के पास सड़क पार करता हुआ एक ड्वार्फ रीड सांप (स्यूडोरेब्डियन लॉन्गिसेप्स) दिखा। जैसे ही वे उसके पास गए तो पहले तो वह अपने बचाव के लिए हवा में ऊपर की ओर घूमा और फिर कुंडली की तरह गोल-गोल लपेटता हुआ नीचे आ गया। शोधकर्ताओं ने सांप को पकड़ लिया और उसे सड़क किनारे समतल जगह पर रख दिया। उसने यही बचाव करतब फिर कई बार दोहराया। ड्वार्फ रीड सांप दिखने में गहरे रंग का, बौना और संटी सरीखा पतला सा होता है।

यह निशाचर प्राणि है जो चट्टानों में छिप कर रहता है। शोधकर्ताओं ने इस सांप पर किए अपने अवलोकन को बायोट्रॉपिका में प्रकाशित किया है। सांपों में इस तरह की हरकत पहली बार देखी और दर्ज की गई है। हालांकि कई अन्य जानवर, जैसे पैंगोलिन और टेपुई मेंढक, भी इस तरह कुलांचे भर सकते हैं, लेकिन सरिसृपों की बात तो दूर, स्तनधारियों में भी शरीर को मरोड़ना (या बल देना) इतनी आम बात नहीं है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह सांप खतरे से जल्दी दूर भागने के लिए ऐसा करता है। उसका यह व्यवहार उसके शत्रुओं को भ्रमित भी कर सकता है और क्योंकि उसकी यह कलाबाजी रेंगकर चलने की तुलना में उसके शरीर को जमीन से कम संपर्क में रखती है तो उसे सूंघ कर हमला करने वाले शिकारी भटक जाएंगे।

# अमेरिका ने हमे टायलेट पेपर की तरह फेंका: ख्वाजा आसिफ

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोलेः अपने फायदे के लिए पाक का इस्तेमाल किया, साथ देने की कीमत आज भी चुका रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टायलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं।

इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया। आसिफ ने पाकिस्तान की अमे. रिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनी. तिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितम्बर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत



■ आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए

पाकिस्तान आज भी चुका रहा है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था। उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है। आसिफ ने कहा कि हम अपने इतिहास और गलतियों को स्वीकार नहीं करते। आज का आतंकवाद उन्हीं डिक्टेटरों की गलतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ख्वाजा आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन जंगों को सही ठहराने के लिए पाकिस्तान की एजुकेशन सिस्टम में जानबूझकर बदलाव किए गए। उनके मुताबिक, यह बदलाव आज भी सिस्टम में मौजूद हैं। उन्होंने साल 2000 में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की इस्लामाबाद की कुछ घंटों की यात्रा का जिक्र किया। क्लिंटन भारत दौरे के बाद थोड़े समय के लिए पाकिस्तान आए थे। आसिफ ने कहा कि इससे साफ दिखता है कि दोनों देशों का रिश्ता सिर्फ मतलब तक सीमित हो गया था। उस समय अमेरिका ने सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ पर लोकतंत्र, परमाणु प्रसार और आतंकवाद को लेकर दबाव डाला था। 2000 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री कोई नहीं था, क्योंकि उस समय देश में सैन्य शासन चल रहा था। नवम्बर 1997 से अक्टूबर 1999 तक नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे। 12 अक्टूबर 1999 को जनरल परवेज मुशर्रफ ने तख्तापलट करके नवाज शरीफ की सरकार को हटा दिया और खुद चीफ एक्जीक्यूटिव बन गए। 1999 के बाद से 2002 तक पाकिस्तान में कोई निर्वाचित प्रधानमंत्री नहीं था। मुशर्रफ ने सत्ता संभाली और 2002 में चुनाव करवाए, जिसके बाद जफरुल्लाह खान जमाली प्रधानमंत्री बने। यह बयान उस समय आया जब संसद ने इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में हुए हमले के खिलाफ निंदा का प्रस्ताव पास किया। 6 फरवरी को नमाज के दौरान हुए इस आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई और 169 लोग घायल हुए।



**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर की अरु घाटी में 'हिम उत्सव' के दौरान कपड़ों का स्टॉल लगाते विक्रेता।

## राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना ताजमहल का दीदार करने के लिए पहुंचीं आगरा

**आगरा।** थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना बुधवार को ताजमहल का दीदार करने के लिए आगरा पहुंचीं। सुबह करीब आठ बजे डेलिगेशन के साथ ताजमहल में पहुंचीं और ताजमहल में करीब डेढ़ घंटे तक रहीं। इस मौके पर उन्होंने फोटो शूट भी कराया। गाइड से ताजमहल के इतिहास के बारे में जानकारी ली। ताजमहल देखने के बाद आगरा किला भी गईं। भारी सुरक्षा के बीच आगरा का दौरा किया। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना के दौरा निजी था। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना एक दिन पहले विशेष विमान से आगरा पहुंच गई थीं और एक होटल में रात्रि विश्राम किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### फिलीपींस में जहाज डूबने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हुई

**फिलीपींस।** फिलीपींस के बेसिलन प्रांत के पास यात्री-मालवाहक जहाज 'त्रिशा कर्स्टिन 3' के डूबने से कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई है। फिलीपीन कोस्ट गार्ड (पीसीजी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पीसीजी ने तकनीकी गोताखोर टीमों के चल रहे प्रयासों का हवाला देते हुए बताया कि गोताखोरों ने मंगलवार तड़के बालुक-बालुक द्वीप के पास खोज और बचाव अभियान के दौरान एक और शव बरामद किया, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 52 हो गई है। कुल मिलाकर 316 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बचाव दल अभी भी शेष पीड़ितों की तलाश में जुटे हैं।

### वशिष्ठ अनूप ने दुबई और शारजाह में फहराया हिन्दी ग़ज़ल का परचम

**वाराणसी।** लोकप्रिय ग़ज़लकार तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ अनूप ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय काव्य समारोह 'द पोएटिक हार्ट' के 15वें संस्करण में हिन्दी कविता का प्रतिनिधित्व किया। दुबई में आयोजित इस समारोह में ग्यारह विभिन्न भाषाओं के कवियों ने काव्यपाठ किया।

### कश्मीर में पिछले 24 घंटे में हल्की से मध्यम बर्फबारी एवं बारिश

**श्रीनगर।** पिछले 24 घंटों के दौरान कश्मीर में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि गुलमर्ग केंद्र शासित प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में बुधवार सुबह समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान कश्मीर संभाग में सबसे अधिक 22.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश भी दर्ज की गई। श्रीनगर में 1.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि दक्षिण कश्मीर के पहाड़ी रिसॉर्ट पहलगाम में 8.8 मिमी बारिश हुई।

# अमेरिका ने हटाया इंडियन मैप वाला पोस्ट

## नक्शे में पीओके-अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया था, पाक-चीन से तनाव की अटकलें लगी थीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) को भारत का हिस्सा दिखाने वाला पोस्ट डिलीट कर दिया है। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) ने 7 फरवरी को भारत-अमेरिका के बीच हुए ट्रेड एग्रीमेंट के बाद किए गए पोस्ट में इंडियन मैप शेयर किया था। जारी होने के बाद यह नक्शा चर्चा में आ गया था। अब तक अमे. रिकी एजेंसियां इंडियन मैप में पीओके और अक्साई चिन को विवादित इलाके के तौर पर अलग रंग या डाटेड लाइन्स से दिखाती थीं। हालांकि, इस पर फिलहाल कोई आधिका. रिक बयान नहीं आया है। अमेरिकी ट्रेड आफिस ने यह इंडियन मैप अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ पोस्ट किया था, जिसे अब हटा दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। यह 1947 से चला आ रहा है और दोनों देशों के बीच युद्ध, तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है।

इस बदलाव के बाद कई एक्सपर्ट का कहना था कि पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका के रिश्तों में तनाव के बीच यह कदम भारत के समर्थन का संकेत हो सकता है। वहीं, कुछ लोगों ने इसे गलती से जारी हुआ बताया। इन तमाम अटकलों के बीच अब यूएसटीआर ने यह पोस्ट हटा दिया है।



■ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस ने यह इंडियन मैप अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ पोस्ट किया था, जिसे अब हटा दिया गया है

1 भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48 में पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध-पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट आफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन आफ कंट्रोल-एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत का दावा-भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है, क्योंकि महाराजा ने भारत में विलय किया था। 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। भारत पीओके को अवैध कब्जा मानता है और इसे वापस लेने की बात करता है। पाकिस्तान का दावा-पाकिस्तान कहता है कि कश्मीर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, इसलिए वह पाकिस्तान का हिस्सा होना चाहिए।

पाकिस्तान पीओके को आजाद कश्मीर कहता है और वहां अपनी तरह की सरकार चलाता है। पाकिस्तान यूएन के पुराने प्रस्तावों का हवाला देता है, जिसमें कश्म. ीरियों को जनमत संग्रह का अधिकार देने की बात थी। अमेरिका के मैप शेयर करने से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 5 फरवरी को बयान जारी कर कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पालिसी का आधार है।

## 'वायु शक्ति अभ्यास' में प्रमुख भूमिका में नजर आएगा स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** पिछले वर्ष दुबई एयर शो में करतबबाजी के दौरान भीषण दुर्घटना का शिकार हुआ वायु सेना का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए एक बार फिर आगामी अभ्यास 'वायु शक्ति 2026' में प्रमुख भूमिका में नजर आएगा। तेजस विमान की इस दुर्घटना में पायलट की भी मौत हो गई थी। वायु सेना का यह व्यापक शक्ति प्रदर्शन 27 फरवरी को राजस्थान के जैसलमेर के पास पोखरण फायरिंग रेंज में होगा। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित तेजस मार्क-1ए इस अभ्यास में हवाई ड्रिल और युद्ध प्रदर्शन में भाग लेगा।

# गुयाना के मंत्री ने हिंदी में दिया भाषण, वीडियो वायरल

**जार्जटाउन।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना की संसद में भारतीय मूल के मंत्री विकाश रामकिसून का हिंदी में दिया गया भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। संसद सत्र के दौरान उन्होंने विपक्ष के उस दावे का जवाब हिंदी में दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें हिंदी नहीं आती।



■ विकाश रामकिसून ने विपक्ष को चुनौती दी, बोले: मैं बिना कागज के हिंदी में बहस को तैयार

विपक्षी सांसद विष्णु पांडेय ने सदन में टिप्पणी की कि विकाश रामकिसून को हिंदी का एक शब्द भी नहीं आता। इस पर रामकिसून ने स्पीकर से अनुमति ली और कहा कि वे इसी मुद्दे पर हिंदी में जवाब देना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने हिंदी में बोलते हुए विपक्षी सांसद को खुली चुनौती दी। रामकिसून ने कहा कि मैं अभी इसी वक्त उन्हें चुनौती देता हूं कि किसी भी स्तर पर, किसी भी जगह पर, विषय वे तय करें और मैं बिना कागज देखे हिंदी में बहस करूंगा। मंत्री विकाश रामकिसून के भाषण का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोग देख और शेयर कर रहे हैं। यह वीडियो भारत के उच्चायोग की ओर से गुयाना की राजधानी जार्जटाउन से एक्स पर पोस्ट किया गया था। इसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया और भारत समेत कई देशों में लोग मंत्री की हिंदी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि हिंदी को लेकर उठाया गया सवाल अनावश्यक था और मंत्री ने बिना किसी नोट्स के हिंदी में जवाब देकर अपनी भाषा की पकड़ साबित कर दी। विकाश रामकिसून वर्तमान में गुयाना के कृषि मंत्रालय में मंत्री हैं। वे पहले संसद में कृषि मंत्रालय के संसदीय सचिव भी रह चुके हैं। बनाया गया था। गुयाना में भारतीय मूल की आबादी बड़ी संख्या में रहती है। कुल आबादी का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा भारतीय मूल के लोगों का है। यह किसी भी लैटिन अमेरिकी देश में भारतीय प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। गुयाना में भारतीयों की मौजूदगी की शुरुआत 5 मई 1838 से मानी जाती है। इस दिन भारत से 396 गिरमिटिया मजदूरों को ब्रिटिश गुयाना लाया गया था।

# कनाडा के कोलंबिया प्रांत में गोलीबारी, 10 की मौत, 25 घायल

**वैंकूवर।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज में एक उच्च विद्यालय और पास के एक घर में हुई गोलीबारी में संदिग्ध शूटर समेत 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि 25 अन्य लोग घायल हुए हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने बताया कि अधिकारियों ने स्थानीय समय के अनुसार अपराह्न करीब 1:20 बजे टम्बलर रिज माध्यमिक विद्यालय में गोलीबारी की सूचना पर कार्रवाई की।

विद्यालय में छह लोग मृत पाए गए, जबकि एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय में मृत्यु हुई। वहीं, दो और पीड़ित एक घर से मिले, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह इस घटना से जुड़ा है। आरसीएमपी ने कहा कि संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया

■ आरसीएमपी ने कहा: संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया गया

गया। शायद उसने खुद को गोली मार ली होगी। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कोई और संदिग्ध फरार नहीं है। लगभग 25 लोग घायल हुए, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल ले जाया गया, जबकि दूसरों का इलाज स्थानीय स्तर पर किया गया। आरसीएमपी ने कहा कि सभी विद्यार्थी और कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। गौरतलब है कि रॉकी माउंटेन्स की तलहटी में बसे टम्बलर रिज की आबादी लगभग 2400 है। ब्रिटिश कोलंबिया के प्रधानमंत्री डेविड एबी ने इस घटना पर दुख जताया है।

# ब्रिक्स, एससीओ आम सहमति से काम करते हैं: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ज्यादातर मामलों में सर्वसम्मति के आधार पर फैसले करते हैं, जबकि नाटो के फैसले अमेरिका पर निर्भर करते हैं। लाव. रोव ने रूस के एक यूट्यूब चैनल एमपाशिया मनुची प्रोजेक्ट के साथ बातचीत में कहा कि ज्यादातर मामलों में अंतर्राष्ट्रीय समझौतों का पालन किया जाता है। जब बात हमारे पश्चिमी साथियों की हो तब नहीं, बल्कि जब उन प्रतिनिधियों की होती है जिन्हें हम वैश्विक बहुमत कहते हैं, (जैसे) ब्रिक्स, एससीओ, और सोवियत के बाद वाले सीएसटीओ, ईएईयू, और सीआईएस। इन ढांचों में आम सहमति ज्यादातर बनी रहती है।

# अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में सैन्य तैनाती बढ़ाई

## ईरान से तनाव के बीच मिसाइलों को ट्रकों पर तैनात किया, सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ अहम खुलासा

**वाशिंगटन।** ईरान से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ा दी है। सैटेलाइट तस्वीरों में सामने आया है कि कतर के अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइल सिस्टम को स्थायी लान्चर की जगह ट्रकों पर तैनात किया गया है।

रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या बढ़ती भी दिख रही है। यह बदलाव जनवरी के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। फोरेंसिक इमेजरी एनालिस्ट विलियम गुडहाइंड के मुताबिक, जनवरी की तुलना में फरवरी की सैटेलाइट तस्वीरों में क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ी दिखती है। उन्होंने



■ रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या बढ़ती भी दिख रही है

बताया कि फरवरी की शुरुआत में अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसा. इलें एम983 एमईएमटी ट्रकों पर लगी नजर आईं। उनके अनुसार, मिसाइलों को ट्रकों पर रखने से उन्हें जल्दी एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है या हमले की स्थिति में नई पोजिशन पर तैनात किया जा सकता है। कतर के अल-उदीद बेस पर फरवरी की तस्वीर में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम ट्रकों पर तैनात नजर आ रहा है। कतर के अल-उदीद बेस पर। फरवरी की तस्वीरों में एक आरसी-135 रीकानिसेंस विमान, तीन सी-130 हरक्यूलिस, 18 केसी-135 स्ट्रैटो टैंकर और सात सी-17 विमान दिखे। 17 जनवरी की तस्वीरों में यहां 14 स्ट्रैटो टैंकर और दो सी-17 थे। यानी कुछ ही हफ्तों में टैंकर और ट्रांसपोर्ट विमानों की संख्या बढ़ी है। इसके अलावा, अधिकतम 10 एमआईएम-104 पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम एचईएमटी ट्रकों पर खड़े दिखाई दिए। फरवरी में सामने आई तस्वीरों में अमेरिका ने अल-उदीद बेस विमानों की संख्या भी बढ़ाई। जार्डन के मुवाफ्फक बेस पर 2 फरवरी की तस्वीरों में 17 एफ-15ई स्ट्राइक विमान, 8 ए-10 थंडरबोल्ट, चार सी-130 और चार हेलीकॉप्टर नजर आए। उसी बेस की दूसरी लोकेशन पर 2 फरवरी को एक सी-17, एक सी-130 और चार ईए-18जी ग्रोलर इलेक्ट्रानिक वारफेयर विमान दिखे। 25 जनवरी की तस्वीरों में वहां कोई विमान नजर नहीं आया था। सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर 2 फरवरी को एक सी-5 गैलेक्सी और एक सी-17 विमान दिखाई दिए। 6 दिसम्बर की तस्वीरों में यहां पांच विमान थे, जो सी-130 जैसे दिख रहे थे।

# बांग्लादेश में शेख हसीना की सीट पर हिंदू उम्मीदवार

## बीएनपी उम्मीदवार को दे रहे कड़ी टक्कर, कल वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह

**ढाका।** बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पारंपरिक सीट गोपालग. ंज-3 पर मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। यहां बीएनपी के उम्मीदवार एसएम जिलानी को दो हिंदू उम्मीदवार कड़ी टक्कर दे रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार गोविंद चंद्र प्रामाणिक और गणो फोरम के दुलाल चंद्र विश्वास को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। गोपालगंज-3 सीट में टुंगीपाड़ा और कोटालिपाड़ा इलाके आते हैं।

टुंगीपाड़ा में करीब 26 प्रतिशत और कोटालिपाड़ा में 47 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी है। यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है और लंबे समय से अवामी लीग का गढ़ माना जाता रहा है। गोविंद चंद्र प्रामाणिक का कहना है कि उन्हें लोगों से अच्छा समर्थन मिल रहा है। वहीं एक 23 साल के युवक ने कहा कि अगर वोट नहीं



■ टुंगीपाड़ा में करीब 26 प्रतिशत और कोटालिपाड़ा में 47 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी है, यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है

दिया तो हमला या केस हो सकता है। उसने कहा कि वोट तो देंगे, लेकिन शायद इस बार बीएनपी को वोट दें। बांग्लादेश में 12 फरवरी को वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह होना है। गोविंद चंद्र प्रामाणिक जिस गोपालगंज-3 सीट से चुनाव लड़ रहे हैं वहां 50 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू मतदाता हैं। बीएनपी ने भी कई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। उसके 80 हिंदू उम्मीदवारों में से ढाका-1 सीट से गोयेश्वर चंद्र राय को मजबूत माना जा रहा है। मगुरा में निताई राय चौधरी के सामने कोई बड़ा प्रतिद्वंद्वी नहीं है। बागेरहाट-1 सीट जो पहले अवामी लीग का गढ़ रही है, वहां बीएनपी के कपिल कृष्ण मंडल मजबूत माने जा रहे हैं। बागेरहाट-4 में सोमनाथ डे भी जीत के दावेदार बताए जा रहे हैं। जमात-ए-इस्लामी ने भी पहली बार किसी हिंदू उम्मीदवार को टिकट दिया है। पार्टी ने खुलना-1 सीट से कृष्णा नंदी को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला बीएनपी के आमिर एजाज खान और सीपीबी के किशोर कुमार राय से है। कृष्णा नंदी अपने सरल और मजाकिया अंदाज के कारण सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। गोपालगंज और खुलना के अलावा बागेरहाट, बरीसाल, पिरोजपुर, मगुरा, जेसोर और दिनाजपुर जिलों में भी हिंदू आबादी अच्छी खासी है। लेकिन बरीसाल, पिरोजपुर, जेसोर और दिनाजपुर में इस बार बड़ी पार्टियों ने हिंदू उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। बरीसाल-5 सीट से डेमोक्रेटिक यूनाइटेड फ्रंट की डा. मोनिषा चक्रवर्ती चर्चा में हैं। बरीसाल-2 से गणो अधिकार परिषद के रंजीत कुमार बरोई चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उनकी जीत की संभावना कम मानी जा रही है। पिरोजपुर में कोई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में नहीं है। जेसोर-4 से बीएमजेपी के सुकृति कुमार मंडल चुनाव लड़ रहे हैं।





